चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 31 मार्च, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 166 | www.janexpresslive.com/epaper

अमित शाह ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास... 12

नवरात्रि का दिन दूसरा

### ब्रह्मचारिणी पूजा



नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि सभी भाग्य के प्रदाता भगवान मंगल, देवी ब्रह्मचारिणी द्वारा शासित हैं।



### बधाई-अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर सभी हॉकर साथियों, पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर दिनांक 31 मार्च को जन एक्सप्रेस के कार्यालय एवं प्रेस में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 02 अप्रैल को प्रकाशित होगा।

–संपादक

# आरएसएस अमर संस्कृति का वट वृक्ष

## मोदी बोले, स्वयंसेवक का जीवन निस्वार्थ, हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की यह संघ मुख्यालय का पहला दौरा था। इससे पहले जुलाई 2013 में वह लोकसभा चुनाव के सिलसिले में हुई बैठक में शामिल होने नागपुर आए थे। प्रधानमंत्री ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की स्पीच में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा की। उन्होंने संघ की तारीफ करते हुए कहा- राष्ट्रीय चेतना के लिए जो विचार 100 साल पहले संघ के रूप में बोया गया, वो आज महान वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने हैं। ये आज भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को लागतार ऊर्जावान बना रहा है। स्वयंसेवक के लिए सेवा ही जीवन है। हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे हैं।




### पीएम ने माधव नेत्रालय की नई बिल्डिंग की आधारशिला रखी

पीएम ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की नई एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। यह आई इंस्टीट्यूट और रिसर्च सेंटर का एक नया विस्तार है, जिसे साल 2014 में गोलवलकर की याद में स्थापित किया गया था। इस सेंटर में 250 बेड का अस्पताल, 14 आउट पेशेंट डिपार्टमेंट और 14 आधुनिक ऑपरेशन थिएटर होंगे।

### पीएम मोदी ने मैसेज लिखकर हेडगेवार-अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत के साथ संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने दीक्षाभूमि में डॉ. भीवराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

### पीएम मोदी ने किया यूएवी रनवे का उद्घाटन

पीएम मोदी ने नागपुर में सोलर डिफेंस एण्ड एरोस्पेस लिमिटेड के एम्यूनिशन मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर का भी दौरा किया। यहां उन्होंने अनआर्म्ड एरियल व्हीकल्स के लिए एक स्पेशल एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने Nagastra-3 कामिकाज़े ड्रोन सिस्टम का भी निरीक्षण किया। यह ड्रोन 100 किमी की दूरी तक हमला करने और 5 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है।

### वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र दुनियाभर में गूंज रहा

वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र आज विश्व के कोने-कोने में गूंज रहा है। जब कोविड जैसी महामारी आती है, तो भारत विश्व को परिवार मानकर वैक्सीन उपलब्ध कराता है। दुनिया में कहीं भी प्राकृतिक आपदा हो, भारत सेवा के लिए तत्पर रहता है। म्यांमार में भूकंप आया तो भारत ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत तुरंत मदद के लिए पहुंच गया। नेपाल में भूकंप हो, मालदीव में जल संकट हो, भारत ने सहायता देने में क्षणभर की भी देर नहीं की। युद्ध के हालात में भी भारत दूसरे देशों के नागरिकों को सुरक्षित निकालकर लाता है। भारत अब ग्लोबल साउथ की आवाज भी बन रहा है। विश्व में बंधुत्व और सेवा की यह भावना हमारे संस्कारों का ही विस्तार है।

संबंधित खबर पेज 12 पर


### आत्मविश्वास से भरा हुआ युवा धर्म से जुड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। देश का युवा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उसकी रिस्क-टेकिंग कैपेसिटी पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। वह इनोवेशन कर रहा है, स्टार्टअप की दुनिया में परचम लहरा रहा है। अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करते हुए आगे बढ़ रहा है। महाकुंभ में हमने देखा कि लाखों-करोड़ों की संख्या में युवा पीढ़ी पहुंची और सनातन परंपरा से जुड़कर गौरव से भर उठी। भारत का युवा आज देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है। यही युवा 2047 के विकसित भारत की ध्वजा थामे हुए हैं। मुझे भरोसा है कि संगठन, समर्पण और सेवा की त्रिवेणी विकसित भारत की यात्रा को ऊर्जा और दिशा देती रहेगी।

### भारत अब मदद करने का केंद्र है

पीएम मोदी ने अपनी स्पीच में कहा कि वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र आज विश्व के कोने-कोने में गूंज रहा है। जब कोविड जैसी महामारी आती है, तो भारत विश्व को परिवार मानकर वैक्सीन उपलब्ध कराता है। दुनिया में कहीं भी प्राकृतिक आपदा हो, भारत सेवा के लिए तत्पर रहता है। म्यांमार में भूकंप आया तो भारत ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत तुरंत मदद के लिए पहुंच गया। नेपाल में भूकंप हो, मालदीव में जल संकट हो, भारत ने सहायता देने में क्षणभर की भी देर नहीं की। युद्ध के हालात में भी भारत दूसरे देशों के नागरिकों को सुरक्षित निकालकर लाता है। भारत अब ग्लोबल साउथ की आवाज भी बन रहा है। विश्व में बंधुत्व और सेवा की यह भावना हमारे संस्कारों का ही विस्तार है।

### संघ की तारीफ



स्वामी विवेकानंद से लेकर डॉक्टर साहब तक, किसी ने भी राष्ट्रीय चेतना को बुझने नहीं दिया। राष्ट्रीय चेतना के जिस विचार का बीज 100 वर्ष पहले बोया गया था, वह आज एक महान वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। सिद्धांत और आदर्श इस वटवृक्ष को ऊंचाई देते हैं, जबकि लाखों-करोड़ों स्वयंसेवक इसकी टहनियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है और न ही रुकने देती है।

### भारत की आजादी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में नजर डालें तो इसमें कई आक्रमण हुए। इतने आक्रमणों के बावजूद भी भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी इस चेतना को जाग्रत रखने के लिए नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी। गुरु नानक देव, कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, संत तुकाराम, संत रामदेव, संत ज्ञानेश्वर जैसे महान संतों ने अपने मौलिक विचारों से समाज में प्राण फूंके। उन्होंने भेदभाव के बंधनों को तोड़कर समाज को एकता के सूत्र में बांधा।

### हेल्थ सेक्टर की प्रगति

पीएम मोदी ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। गरीब से गरीब व्यक्ति को भी बेहतरीन इलाज मिले, कोई भी देशवासी जीवन जीने की गरिमा से वंचित न रहे। जो बुजुर्ग अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर चुके हैं, उन्हें इलाज की चिंता न सताए, ऐसी परिस्थितियों में उन्हें न जीना पड़े। यही सरकार की नीति है। इसीलिए आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। हजारों जनऔषधि केंद्र गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। करीब एक हजार डायलिसिस सेंटर मुफ्त में डायलिसिस सेवा प्रदान कर रहे हैं, जिससे देशवासियों के हजारों करोड़ रुपये बच रहे हैं।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन रामनगरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन-सैलाब

## प्रभु श्रीराम की कुल देवी बड़ी देवकाली और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली पर भक्तों की जुटी भीड़

- मठ-मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती
- मुख्यमंत्री ने नवरात्रि व रामनवमी पर श्रद्धालुओं की जरूरतों का ध्यान रखने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनगरी अयोध्या के ऐतिहासिक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए भोर से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नवरात्र के पहले दिन रामनगरी में गूंज रहे हैं जय माता की जयकारे। इस पावन अवसर पर भक्तों ने घर-घर कलश स्थापना के साथ माता को विराजमान कराया और नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव की शुरुआत की। सुबह से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिर परिसर भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। बड़ी देवकाली मंदिर में जहां भगवान राम की कुलदेवी के दर्शन के लिए भक्तों ने घंटों इंतजार किया, वहीं छोटी देवकाली मंदिर में माता सीता की कुलदेवी के प्रति आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में फूल, प्रसाद और श्रद्धा अर्पित की। कई भक्तों ने नवरात्रि के पहले दिन व्रत रखकर माता की विशेष पूजा की। इस दौरान मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिसने उत्सव के माहौल को और भव्य बना दिया। वहीं श्रद्धालुओं ने नवसंवत्सर 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सुअवसर पर सरयू मैया में उदयमान सूर्य को अर्ध देकर अयोध्या के सुख समृध्दि की मंगल कामना की। सभी को नवसंवत्सर 2082 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



### रामलला और हनुमानगढ़ी के भी किये दर्शन

देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन के बाद भक्तों ने राम मंदिर और हनुमानगढ़ी का रुख किया। देर रात तक दोनों ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। रविवार होने के कारण जन्मभूमि पथ श्रद्धालुओं से पटा रहा। वहीं दर्शन-पूजन के बाद देर शाम को लता चौक व राम की पैड़ी पर भी खूब भीड़ नजर आई।

### बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन की व्यवस्था मजबूत

नवरात्रि के साथ ही रामनवमी का पर्व भी नजदीक होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों की विशेष रूप से नियुक्ति की गई थी। यह कदम महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन की व्यवस्था भी की गई थी। वहीं गुप्तारघाट स्थित मरी माता, कैंट स्थित पाटेश्वरी माता, मकबरा स्थित शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में देर शाम तक रौनक देखी गई।

### स्थानीय प्रशासन ने किये सम्पूर्ण इंतजाम

स्थानीय प्रशासन ने मंदिरों में स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी खास ध्यान रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रि और रामनवमी के मद्देनजर अधिकारियों को श्रद्धालुओं की हर जरूरत का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस बार राम मंदिर में पहली रामनवमी होने के कारण उत्साह और भी बढ़ गया है। प्रशासन का मानना है कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में भारी इजाफा होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि और रामनवमी का यह संयोग अयोध्या के लिए विशेष महत्व रखता है। भक्तों में उत्साह चरम पर है और आने वाले दिनों में यह आस्था का सैलाब और बढ़ने की उम्मीद है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि मंदिरों में सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए हैं। नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए दर्शन की व्यवस्था की जाएगी।

## आज मनाई जाएगी ईद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में चांद कमेटियों ने चांद देखने का दावा किया है। जिसके आधार पर कल ईद का त्योहार मनाए जाने की घोषणा कर दी गई है। लखनऊ में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने चांद दिखने की तस्दीक की। ईद उल फित्र की नमाज की बड़ी जमाम ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में अदा की जाएगी। ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद ने कहा, ऐशबाग ईदगाह में इस साल भी ईद की नमाज में शामिल होने के लिए महिलाओं की अलग से व्यवस्था रहेगी। ईदगाह स्थित तैयब हाल में महिलाएं नमाज अदा करेंगी।

## मथुरा में दबिश देने गई पुलिस टीम को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, भागने पर किया पथराव, तीन सिपाही घायल

जन एक्सप्रेस। मथुरा

मथुरा के कोसीकलां के दिल्ली गेट पर दबिश देने गए पुलिस कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जब पुलिसकर्मी जान बचाकर भागे तो आरोपियों के साथ आई भीड़ ने पथराव कर दिया। हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने 24 नामजद और 14 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं है। दिल्ली गेट पर बृहस्पतिवार की रात्रि करीब 10 बजे आरोपियों को



पकड़ने के लिए उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, फिरोज कुमार, सिपाही निखिलेश कुमार, अभिषेक और अंकित कुमार गए थे। सभी सादा कपड़ों में और निजी वाहन से पहुंचे थे। पुलिसकर्मी वहां कुछ आरोपियों के बारे में जानकारी कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में सिपाही अभिषेक, अंकित और निखिलेश घायल हो गए। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि सिपाहियों को भीड़ ने घेर रखा है। आरोपी उन पर थप्पड़ और घूंसे बरसा रहे हैं। जब पुलिसकर्मियों ने भागने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। फिर पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया।



# संगठित भारत के संकल्प के साथ स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन


जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



हिंदू नव संवत्सर, विक्रम संवत् 2082 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ की स्थापना के 100वें वर्ष पर सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत का आदर्श प्रस्तुत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला मुख्यालय स्वयंसेवकां ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन भी किया। जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कॉलिज में रविवार को हिंदू नव संवत्सर, विक्रम संवत् 2082 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के शुभारंभ के अवसर पर संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मार्ग प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि संघ अपने कार्य के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। ऐसे में लोगों को उत्सुकता है कि संघ इस अवसर को किस रूप में देखता है। हालांकि स्थापना के समय से ही संघ के लिए यह स्पष्ट रही है कि ऐसे अवसर उत्सव के लिए नहीं होते बल्कि ये हमें आत्मचिंतन करने तथा अपने उद्देश्य के प्रति पुनः समर्पित होने का अवसर प्रदान करते है। साथ ही यह अवसर इस पूरे आंदोलन को दिशा देने वाले मनीषियों और इस यात्रा में निःस्वार्थ भाव से जुड़ने वाले स्वयंसेवकों व उनके परिवारों का स्मरण भी है। 100 वर्ष की इस यात्रा के इस अवलोकन और विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता। आज वर्ष प्रतिपदा यानि हिंदू कैलेण्डर का पहला दिन है। संघ ने शाखा की अवधारण से आगे बढ़कर समाज की सज्जन शक्ति का आवाहन करते हुए सेवा कार्य की दिशा में कदम बढ़ाया और गत 99 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण प्रगति की है। ऐसे में जब संघ अपनी यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, संघ ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण के कार्य को ग्राम एवं खंड स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया है। जिसमें आगामी वर्षों में पंच परिवर्तन यानि पांच स्तरीय कार्यक्रम का आवाहन संघ कार्य का केन्द्र बना रहेगा। जिसमें शाखाओं का विस्तार करते हुए संघ ने नागरिक कर्तव्यों, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और स्वबोध पर ध्यान केंद्रित करना है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति मातृभूमि को परम वैभव के शिखर पर ले जाने में योगदान दे सकें। इस मौके पर जिला प्रचारक लोकेन्द्र, विभाग प्रचार-प्रसार प्रमुख श्याम सुंदर मिश्रा, नगर प्रचारक दीपेन्द्र, नगर संघ चालक आदर्श श्रीवास्तव, नगर कार्यवाहक विजय किशोर, अतुल प्रताप, आशीष सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गिरिजाकांत बुधौलिया आदि मौजूद रहे।

# भीम आर्मी ने उठाया युवकी की पिटाई का मुद्दा, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मानिकपुर आरपीएफ द्वारा भीम आर्मी के कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने के विरोध में शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय गौतम ने बताया कि बीते दिन मानिकपुर रेलवे परिसर में आरपीएफ पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ता अजय सोनकर के साथ मारपीट की है। उन्होंने मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए जांच करने का आश्वासन दिया है। इस सम्बन्ध में आरपीएफ प्रभारी सचिन राठी ने कहा कि सम्बन्धित व्यक्ति रेलवे स्टेशन परिसर में ठेले में खीरा बेच रहा था, जिसे पुलिस ने मना करते हुए अग्रिम कार्यवाही की थी।

इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक यामीन अहमद, मानिकपुर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, जीआरपी प्रभारी वीनेश सिंह व आरपीएफ प्रभारी सचिन राठी, उप निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महिला पतंलति योग समिति ने किया हिंदू नव वर्ष का स्वागत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि का स्वागत धूमधाम से किया गया। लोगों ने घरों व मंदिरों में भगवान श्रीराम व माता दुर्गा की पूजा-अर्चना कर हिंदू नव वर्ष मनाया। महिला पतंजलि योग समिति के महामंत्री वीणा बांधवाकर ने बताया कि हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित दृष्टि संस्थान में बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया। जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि इस दौरान महिलाओं के बीच कुछ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी कराए। साथ ही भजन एवं नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर मीरा श्रीवास्तव, मनीषा केशरवानी, अंशु, साधना, पदमा सिंह, विमला, निर्मला, नीलम, सरोज जैन, अंजू मीना, राजा बेटी, माधुरी सिंह, लालमनी, निशा, संगीता, ज्योति रमा, रानी, भावना, शालिनी आदि मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस। जालौन

चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी, वहीं घरों में भी विधिपूर्वक कलश स्थापना कर देवी का आह्वान किया गया। पूरे नगर में 'जय माता दी' के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा। नव संवत्सर और नवरात्र के शुभ अवसर पर नगर के बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, कामाख्या मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भव्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने नौ दिन का उपवास रखने का संकल्प लिया और अपने घरों में घट स्थापना कर जवारे बोए। पंडित देवेंद्र दीक्षित ने मां शैलपुत्री के महत्व को बताते हुए कहा कि देवी का यह स्वरूप हिमालयराज हिमांचल की पुत्री के रूप में प्रकट हुआ था, इसलिए इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। माता पार्वती के रूप में इनकी कठोर तपस्या के बाद इन्हें मनोवांछित फल प्राप्त हुआ था। इस कारण भक्त मां शैलपुत्री की आराधना कर अपनी इच्छाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के पहले दिन इनकी पूजा करने से साधक के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी कष्टों का नाश होता है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। महिला श्रद्धालुओं एवं युवतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए महिला चौकी प्रभारी मधु देवी, कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर परिसरों में सुबह से लेकर शाम तक पुलिस द्वारा गश्त की जाती रही।

# मेधा शक्ति विकासक क्रिया बढ़ाती है विवेक और मानसिक क्षमता : योगाचार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि स्मृति में समझदारी, विवेक, प्रज्ञा, कुशाग्र बुद्धि, धारण शक्ति की योग्यता बढ़ाने वाला सूक्ष्म योग व्यायाम का महत्वपूर्ण पांचवा भाग मेधा शक्ति विकासक क्रिया है।

बताया कि मोधा शक्ति विकासक क्रिया में मेधा का अर्थ है बुद्धि, विवेक या मानसिक क्षमता, शक्ति का अर्थ है ऊर्जा व विकासक का अर्थ है विस्तार या वृद्धि। अर्थात यह यौगिक क्रिया विवेक और बुद्धि को ऊर्जावान बनाकर उसे विस्तारित करता है। इस योग क्रिया को करने से मस्तिष्क के वात, पित्त और कफ आदि दोष दूर होते हैं जिससे भूलने, बुद्धिमंदता, आलस्य, अनिद्रा जैसे रोग ठीक होने लगते हैं। बताया कि मेधा शक्ति के मजबूत होने से ही इंसान एकाग्र, बुद्धिमान होकर प्रतिभावान या मेधावी बनता है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अप्रत्याशित सफलताएं मिलने लगती हैं। इस क्रिया को करने के लिए एड़ी पंजा मिलाकर साम्यावस्था में खड़े होते हैं। हाथ की मुट्ठियां खुली दोनों हाथ बाजू में करताल पृष्ठ अंदर की ओर रीड़ सीधी रहती है। इसके बाद गर्दन को आगे की ओर झुकाते हुए ठुड्डी कंठ से लगाते हैं जिसे जालंधर बंध रहते हैं। इसके बाद ध्यान गर्दन के पीछे (मेधाचक्र में) लगाकर, आंखें खुली, 20 से 25 बार गहरी और तीव्र श्वास प्रश्वास फेफड़ों में लेना और छोड़ना होता है। इससे गर्दन के पीछे हिस्से में खिंचाव और कंठ की तरफ दबाव मिलता है। जिससे गर्दन व कंधों की जकड़न दूर होती है। चिंता और अवसाद से मुक्ति मिलती है। छात्रों को ध्यान केंद्रित करने के लिए यह एक अच्छा, हल्का और रोचक व्यायाम है। सावधानी के लिए इसे खाली पेट ढ़ीले वस्त्र पहनकर करना चाहिए।

# नंदिता पाठक को मिला उत्कृष्ट महिला सम्मान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भाजपा केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय इकाई द्वारा आयोजित उत्कृष्ट महिला सम्मान 2025 के समारोह में मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक को एक करोड़ सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में 31,500 सेल्फी नमो ऐप में अपलोड कर मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया गया।

धर्मनगरी में समाजसेवा के जरिए विशेष पहचान बना चुकी नंदिता पाठक ने सम्मान प्राप्त करने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित उपस्थित सभी मंत्रियों व पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा यह सम्मान पाना एक साधारण कार्यकर्ता के लिए अविस्मरणीय प्रेरणादायी अनुभव है, ऐसे सम्मानों से कार्यकर्ता सदैव प्रेरित होकर काम करते रहेंगे। बताया कि कार्यक्रम में उनके अलावा मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया व सागर की रितु दुबे भी सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में सम्मानित हुई। साथ ही राष्ट्रीय महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए अभियान जेम पोर्टल, कमल मित्र अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश भर की महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

# बकरी चोरी व पशुओं के मार देने के मामले में 6 लोगों पर हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जालौन

बकरी चोरी करने और पशुओं को मार देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बकरी चोरों ने बीती आठ दिसंबर को करनपुरा निवासी सुरेश कुमार के बाड़ा में बंधी 22 बकरियां चोरी कर कार से ले गए थे। इतना ही नहीं शोर मचा रहे बकरी के सात बच्चों को गला रेतकर मार डाला था। इसके बाद 19 दिसंबर को ग्राम खनुआं में मुन्नालाल व भैयादीन के यहां से आठ बकरियां चोरी कर ले गए थे। जिनकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई थी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में 29 दिसंबर को घेराबंदी कर कार चालक दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र सिद्धगोपाल निवासी राजेंद्रनगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा, बकरी चोर गिरोह के मुखिया अंताश खां पुत्र फजल खां समेत मलश खां पुत्र फजल खां, आकम खां उर्फ छोटू पुत्र फजल खां, लाला उर्फ जावेद पुत्र सुलेमान, तौहीद खां पुत्र सुलेमान खां निवासीगण सुभाषनगर काशीराम कॉलोनी कोतवाली व जिला महोबा को पकड़ा था।

## अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट में चेक बाउंस ममले में सुनाई 6 माह की सजा

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** चेक बाउंस के मामले में लगभग ढाई साल तक चली सुनवाई के बाद अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट जालौन वंदना सिंह द्वारा आरोपी को छह माह के कारावास व 1,20000 रुपये प्रतिकर वादी को अदा करने का आदेश पारित किया। लहर कनार निवासी किसान रामकरन ने मूंग की फसल औरैया निवासी उपेंद्र कुमार को बेची थी। जिसका मूल्य 55 हजार रुपये हुआ था। जिसके एवज में उसने रामकरन को 55 हजार रुपये की चेक दी थी। जब किसान ने वह चैक बैंक में भुगतान के लिए लगाई तो चैक बाउंस हो गई। जिसके बाद वादी रामकरन ने वर्ष 2022 में न्यायालय में परिवाद दायर किया। लगभग ढाई साल तक चली सुनवाई के बाद अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट वंदना सिंह द्वारा परिवाद निर्णीत किया गया। वादी के अधिवक्ता संतोष सिंह यादव ने बताया कि ढाई साल चले मुकदमे में गुण दोष के आधार पर आरोपी उपेंद्र कुमार को दोषी पाया गया और न्यायालय द्वारा उसे छह माह का कारावास व चेक धनराशि के एवज में एक लाख 20 हजार रुपये परिवादी को अदा करने का आदेश पारित किया गया है।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन गूंजे मैया के जयकारे

जन एक्सप्रेस। उरई



नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर के सभी देवी मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठे। तड़के से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में पहुंचने लगी और पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी गईं। पहले दिन श्रद्धालुओं ने देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की घरों में स्थापन कर पूजन-अर्चन किया। सुबह से ही मंदिरों में जुटी भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस के अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े। देर शाम भक्तों के घरों में ज्वारे बोए। कई घरों में कलश स्थापना भी की गई। नवरात्र के पहले दिन देवी शैलपुत्री की पूजा की गई। शास्त्रों के अनुसार माता पार्वती पर्वत पुत्री होने के कारण शैलपुत्री के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां का वास पर्वत पर है और इस कारण वह प्रकृति की अधिष्ठात्री हैं। पहले दिन नगर के हुल्की माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, संकटा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर में भक्त जुटे। मंदिर को शनिवार देर रात ही फूलों व बिजली की झालरों से सजाया गया था। माता का श्रृंगार देखते ही बना। सभी मंदिरों में झांकी भी सजाई गई। सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर देवी मां का जलाभिषेक किया। अधिकांश श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और दुर्गा मां की प्रथम शक्ति मां शैलपुत्री की आराधना की। श्रद्धालु महिलाओं ने देवी मां को पोशाक चढ़ाई व पूजन किया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में जाकर दीपक जलाया व माता रानी की आरती भी की। स्थानीय हुल्की माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालु महिलाओं ने देवी गीत अचरी गाईं। बताते चलें कि चैत्र नवरात्र की अपना ही महत्व है। इस दिन से हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा के नाम से जाना जाता है। रविवार से शुरू हुए नव दुर्गा उत्सव में तमाम श्रद्धालु पूरे नौ दिन देवी की स्थापना करने के बाद प्रतिदिन सप्तशती पाठ कर विधिवत पूजन करते हैं। अष्टमी और नवमी के दिन व्रत का पारायण कन्या भोज और हवन के साथ किया जाता है।

# डीएम व एसपी ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जालौन में धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए सेवा, सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर सम्बंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने नवरात्रि के पहले दिन जालौनी माता मंदिर एवं बैरागढ़ सारदा माता मंदिर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने मंदिरों के पुजारियों से वार्ता कर पूजा-पाठ और दर्शन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए तैनात सफाई नायकों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई। डीएम ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और स्वच्छता शासन की प्राथमिकता है। श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि पुलिस बल मुस्तैद है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

# रिश्ते में भांजे लगने वाले युवक के साथ फरार हुई पांच बच्चों की मां

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पांच बच्चों की मां रिश्ते में भांजे लगने वाले युवक के साथ फरार हो गई। लगातार प्रयास के बावजूद कोई जानकारी न मिलने पर महिला के पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पहाड़ी थाना क्षेत्र के परसौंजा गांव के निवासी परदेशी ने बताया कि उसकी शादी लगभग 20 वर्ष पूर्व तौरा गांव में हुई थी। शादी के बाद उसकी पांच संताने हुई जिसमें सबसे बड़ी बेटी 17 वर्ष की है। उससे छोटी बेटी 14 वर्ष, तीसरे नंबर का बेटा 12 वर्ष, चैथे नंबर की बेटी आठ वर्ष और सबसे छोटा बेटा छह वर्ष का है। वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। साथ ही आने वाले समय में बेटियों के विवाह के लिए जेवर व रुपयों का इंतजाम भी कर रहा था, किंतु उसकी पत्नी बीती 26 मार्च को घर में रखे 50,000 रुपये व जेवर लेकर बांदा जिले के नरैनी क्षेत्र के पोंगरी गांव के निवासी एक युवक के साथ फरार हो गई। आरोपी युवक रिश्ते में उसका भांजा लगता है। कई दिनों तक तलाश के बावजूद दोनों का कोई पता नहीं चला तो उसने घटना की सूचना थाने में दी है। इस सम्बन्ध में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहाड़ी थाना प्रभारी को मामले की जांच करने के आदेश दिए गए है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को चोरी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछुआ, तीन अंगुठी सफेद धातु व एक हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 24 अक्टूबर 2024 को कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सिद्धपुर निवासी मोतीलाल पुत्र राजबहादुर ने सूचना दी कि उनके ही गाँव के पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू पुत्र चुन्ना पटेल ने उनके घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात व पैसे चोरी कर लिए है। इस सूचना पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना करते हुए कर्वी कोतवाली के उपनिरीक्षक अंशुल कुमार व उनकी टीम उपनिरीक्षक अशोक कुमार व आरक्षी संजीव सोनी ने इटरौर भीषमपुर तालाब के पास से चोरी के आरोपी पुष्पेन्द्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के जेवर व एक हजार रुपये बरामद हुए।

## एसपी ने किया निरीक्षण

**राजापुर, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को चैकी गनीवां का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने चैकी प्रभारी कक्ष सहित पूरे चैकी परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही चैकी प्रभारी गनीवा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर जय करन सिंह, चैकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रक से कुचल कर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में कुइया रोड़ पर ब्रिज के नीचे ट्रक से कुचलकर बाइक से दूध देने जा रहे दूधिया की मौत हो गई।

शहर के मोहल्ला तुलसी नगर निवासी दीनदयाल अग्रवाल 49 वर्ष गांवों से दूध लाकर शहर में बेचने का काम करता था। बताया गया कि रोज की तरह वह सोमवार को भी कुइया गांव गया और वहां से दूध लेने के बाद ग्राम धमकी जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक झांसी-कानपुर ब्रिज के नीचे पहुंची। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद ट्रक उसे रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान लोगों ने मौके पर पहुंच ट्रक चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल व कागजात के आधार पर उसकी पहचान कर सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक घायल, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी अंकुर पुत्र शशिकांत शनिवार देर रात बाइक से जा रहा था। तभी उसे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने घायल को उपचार के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल कोंच में भिजवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया।इस सड़क हादसे के बाद परिजनों और गांव के लोगों ने रोड़ पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। रोड़ पर जाम लगने की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाम लगाए लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन ट्रक चालक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े थे। परिजनों का कहना था कि ट्रक चालक मौके से भाग गया, उसे पकड़कर कार्रवाई की जाए। वहीं पुलिस ने परिजनों को किसी तरह समझाकर ट्रक मलिक को बुलाया, जिसने घायल की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर परिजन माने और उन्होंने जाम हटा दिया।

# आयो लाल झूलेलाल... सभई चवो झूलेलाल

जन एक्सप्रेस। उरई



सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल का जन्मोत्सव रविवार को सिंधी समाज के लोगों ने तमाम कार्यक्रम किए। पूर्व संध्या पर प्रकाशोत्सव के बाद रविवार की सुबह से ही भजन कीर्तन का सिलसिला चला। जेको चवंदो झूलेलाल...,अमर उडेरो लाल सांई...,आयो लाल झूलेलाल-समई चवो झूलेलाल...तमाम भजन हुए। स्टेशन रोड से शोभायात्रा निकाली गई। सभी घरों में जलाई गई अखंड ज्योति का विसर्जन भी किया गया।

सिंधी समाज में भगवान झूलेलाल को जल और ज्योति के रूप में पूजा जाता है। चैत्र माह में नया वर्ष शुरू होता है। चैत्र से चेटी और चांद से चंड को मिलाकर चेटीचंड नाम इस उत्सव को दिया गया है। शहर के दो सौ से अधिक सिंधी परिवारों में सुबह पूजन हुआ और हवन कर अखंड ज्योति जलाई गई। अलवर से आई शहनाई घरों में बजी। भंडारे में सिंधी पुलाव और पालक व दाल की सांई भाजी परोसी गई। स्टेशन रोड में उत्सव का दौर शाम तक चला। वही कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा झूलेलाल भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत के मुखिया घनश्याम जैसवानी, लक्ष्मण दास बवानी, अजीत बलेचा, कमल राजदेव, जीतू आहूजा, लक्ष्मण दरयानी, राजकुमार जुमनानी, जीतू अंदानी, दिनेश बलेचा, रवि रावलानी, मोहन चाय वाले आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 31 मार्च, 2025






### पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट...

मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी स्नस्क्रके मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि अभी...

पढ़ें पेज 12 पर...

# हत्या से पहले काटे सीसीटीवी कैमरे के तार

- अफसर के आवास से वाकिफ था हत्यारा, होली के दिन भी की थी मारने की कोशिश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर सत्येंद्र नारायण मिश्रा हत्याकांड में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। हत्या से पहले इंजीनियर पर जानलेवा हमला भी हुआ था। हालांकि उस दौरान बदमाश अपने मंसूबे पूरे नहीं कर सका था। हमलावर एयरफोर्स के पैराटूपर की ड्रेस में आया था और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। एसएन मिश्रा के परिजनों की शिकायत पर प्रयागराज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## महज 9 फीट की दूरी से चलाई गोली

बमरौली के एयरफोर्स कॉलोनी में चीफ इंजीनियर एसएन मिश्रा की हत्या महज 9 फीट की दूरी से गोली चलाकर की थी। रविवार को प्रयागराज पुलिस की जांच में पता इस बात का खुलासा हुआ। हत्या के बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस को सीसीओवी कैमरे बंद मिले हैं।



फाइल फोटो

पुलिस को अंदेशा है कि प्लानिंग के तहत हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि चीफ इंजीनियर मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर बिहार चले गए। वहीं अंतिम संस्कार किया गया।

## वारदात की रात घर में बेटा और नौकरानी थी

जिस रात एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की हत्या को अंजाम दिया गया। उस रात चीफ इंजीनियर के घर में उनका बेटा और नौकरानी भी थे। मृतक की पत्नी ने बताया कि बेटा दसवीं में और बेटी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे उनकी आंख खुली। वह बेडरूम से बाहर निकली तो देखा कि मेन गेट में लगा सीसीटीवी कैमरे कैमरा बंद था। उन्होंने इस बात की जानकारी देने के लिए पति को जगाया। चीफ इंजीनियर ने मॉनिटर की स्क्रीन देखने के बाद खिड़की खोलकर बाहर झांका तभी गोली चलने की आवाज आई।

### दीवार फांदकर घुसा अंदर, घर से बाकिफ था हत्यारा

पुलिस को अन्य सीसीटीवी कैमरों में एक शख्स भागते हुए दिख रहा है। हमलावर करीब 50 मिनट तक एयरफोर्स परिसर में घूमता रहा। ऐसे में एयरफोर्स कॉलोनी में सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि हत्यारा अफसर के आवास व आसपास के स्थान से पूरी तरह वाकिफ था। उसे मालूम था कि घर में दो दरवाजे हैं। बाहरी दीवार किस जगह से फांदकर सबसे कम समय में अफसर के घर तक पहुंचा जा सकता है, उसे यह भी पता था। अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजयपाल शर्मा का कहना है कि प्रारंभिक जांच-पड़ताल में ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारोपी मृतक के आवास से पूरी तरह परिचित था। फिलहाल, हर पहलू की जांच की जा रही है।

## पति को खून से लथपथ देख निकली चीख

इंजीनियर की पत्नी ने बताया कि पति को खून से लथपथ देखकर उनकी चीफ निकल गई। जिसके बाद पड़ोसी जुट गए । इसी दौरान उन्होनें काले कपड़े में एक शख्स को भागते देखा। उन्होंने बताया कि ये शख्स कपड़ों में हूबहू वैसा ही दिख रहा था जिसने 13 मार्च को होली के दिन जानलेवा हमला किया था। वहीं सुरक्षाकर्मियों की माने तो उन्होंने किसी को भागते हुए नहीं देखा है।

# मांस की दुकान के साथ शराब, केएफसी और नॉनवेज बेचने वाले रेस्टोरेंट भी बंद करे सरकार : आप सांसद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि यूपी में शराब की दुकानों पर मिल रही एक बोतल पर एक बोतल मुफ्त के विरोध में कल सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ यूपी में मुसलमानों को नमाज पढ़ने से रोका जा रहा है। दूसरी तरफ सौगात-ए- मोदी बांटी जा रही है। ये भाजपा का दोहरा चरित्र है। प्रदेश सरकार द्वारा अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ इसमें दो चीजें और जोड़ दें। आस-पास शराब की दुकानों और ऐसे रेस्टोरेंट जहां पर मांस बिकता हो उसे भी बंद करवाया जाना चाहिए। प्रदेश में हाईवे पर 500 मीटर के अंदर आपको मंदिर से लेकर केएफसी, मैकडोनाल्ड्स और तमाम दुकानें देखने को मिलेंगी। शराब की दुकानें, केएफसी या मैकडोनाल्ड्स क्यों खुले रहने चाहिए? प्रदेश सरकार उसे भी बंद करवाएं। संजय सिंह ने आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि 100 साल में आरएसएस का मुखिया कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी क्यों नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस को बताना चाहिए कि 52 साल तक आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा क्यों नहीं फहराया गया। जेपी नड्डा ने कहा था कि आरएसएस की आवश्यकता बीजेपी को नहीं है। आरएसएस ने अंग्रेजों का समर्थन किया था, इसका जवाब भी देना चाहिए। आरएसएस सीमित जाति और सीमित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। यही नहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अंग्रेज गवर्नर को पत्र क्यों लिखा था कि भारत छोड़ो आंदोलन कुचलना चाहिए। आजाद हिंद फौज का विरोध क्यों किया गया था। पीएम मोदी को 10 साल में अब आरएसएस की याद क्यों आई। लोकसभा में सीट घटने के बाद मोदी आरएसएस कार्यालय गए हैं। सांसद संजय सिंह ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, फारसी सभी जातियों से मिलकर 144 करोड़ लोगों से भारत बनता है। किसी एक अंग को कमजोर कर हम भारत को ताकतवर नहीं बना सकते हैं। एक तरफ दुनिया अंतरिक्ष में पहुंच रही है। वहीं, बीजेपी कब्र खोद रही है। आजाद भारत में जो भी संपत्ति है वह जनता की है। जीटी रोड, ताजमहल, लालकिला मुस्लिम शासकों ने बनवाया था, उन्हें भी तोड़ दीजिए। मोदी सरकार के वक्फ बिल पर सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार अगर यह बिल लेकर आई तो सरकार गिर जाएगी। भाजपा के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी ने अल्टीमेटम दे दिया है कि अगर बिल लाया गया तो उनकी जमीन हिल जाएगी।



# चित्रकूट में 11 करोड़ से बनेगा ईको टूरिज्म पार्क, ईको लॉज



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूट, जल्द ही धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। यूपी ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड रानीपुर टाइगर रिजर्व के निकट ईको टूरिज्म थीम पार्क का निर्माण करेगा। सात एकड़ में बनने वाले इस पार्क के लिए 11.77 करोड़ रुपये स्वीकृत कर पांच करोड़ जारी भी कर दिए गए हैं। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एक विशेष थीम पार्क विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और ईको-फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा देना है। इससे क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि पार्क में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ईको लॉज बनाया जाएगा। पौधे का विशेष बगीचा तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय और प्रसिद्ध व्यंजनों के लिए विशेष फूड कोर्ट, ईको हट भी बनेंगे। पार्क की जैव विविधता को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए सुंदर जलाशय होगा। पर्यटकों के लिए हरियाली से युक्त केंद्रीय लॉन होगा। बच्चों के लिए प्ले एरिया भी बनाया जाएगा।

### पार्क में तितली उद्यान भी बनेगा

उन्होंने बताया कि इस पार्क में नेचर ट्रेल, बांस उद्यान और पैदल भ्रमण के लिए विशेष ट्रैक तैयार किया जाएगा। सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक एंफीथिएटर बनाया जाएगा। पार्क का प्रमुख आकर्षण रॉक गार्डन होगा, जो प्राकृतिक चट्टानों से निर्मित अनोखा उद्यान होगा। पर्यटकों के लिए तितली उद्यान विशेष आकर्षण होगा। जहां विभिन्न प्रजातियों की तितलियों को आकर्षित करने के लिए विशेष क्षेत्र विकसित किया जाएगा। यह पार्क चित्रकूट आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

# चंद्रशेखर आजाद और संभल सीओ अनुज चौधरी के बीच जमकर बहस

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

संभल में माहौल तनावपूर्ण बन गया। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद %रावण% और संभल जिले के सीओ अनुज चौधरी के बीच तीखी बहस हो गई।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों के बीच बहस को साफ देखा जा सकता है। संभल में एक सार्वजनिक सभा के दौरान सीओ अनुज चौधरी और चंद्रशेखर आजाद रावण आमने-सामने आ गए। बहस इतनी बढ़ गई कि मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। आजाद समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की, जिससे स्थिति और गरमा गई। विवाद प्रशासनिक फैसलों और पुलिस कार्रवाई को लेकर हुआ, जिसमें चंद्रशेखर आजाद ने संभल सीओ अनुज चौधरी पर सवाल उठाए और उनकी कार्यशैली पर नाराजगी जताई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि चंद्रशेखर आजाद सीओ अनुज चौधरी को फटकारते नजर आ रहे हैं। सीओ अनुज चौधरी भी अपनी बात पर अड़े हैं। वीडियो के सामने आते ही मुद्दा और ज्यादा गर्मा गया है और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।संभल के सीओ अनुज चौधरी पहले भी अपने बयानों और कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहे हैं। वह मूल रूप से मुज़फ्फरनगर के निवासी हैं और यूपी पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुए थे। एक समय पर वह रेसलिंग के सफल खिलाड़ी भी रह चुके हैं और कई मेडल जीत चुके हैं। उनकी तेज-तर्रार कार्यशैली और स्पष्ट बयानों के कारण वे अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं।17 मार्च को चंद्रशेखर आजाद ने मुज़फ्फरनगर में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने सीओ अनुज चौधरी को सरकार की राजनीति से दूर रहने की सलाह दी थी। %सरकार का मतलब निकलते ही आपको दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक दिया जाएगा।% संभल पुलिस प्रशासन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है और यह देखा जा रहा है कि इस बहस की असल वजह क्या थी।

## राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला गया। इसमें उत्तर प्रदेश की टीम हिमाचल प्रदेश को 19-17 से हराकर पहली बार विजेता बनी। ये चैंपियनशिप हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस पर आयोजित की गई।

# यूपी में एनसीआर के तर्ज पर बनेगा एससीआर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ सहित हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी को मिलाकर आठ माह पहले बनाए गए राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण यूपीएससीआरडीए की सहायता के लिए राज्य सरकार ने कार्यकारी समिति का गठन किया है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व प्रमुख सचिव आवास की अध्यक्षता में गठित की गई समिति में 21 सदस्य रखे गए हैं।समेकित नियोजित विकास के लिए एनसीआर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्लानिंग बोर्ड की तर्ज पर यूपीएससीआरडीए का गठन तो पिछले वर्ष 19 जुलाई को कर दिया गया था लेकिन अब तक उसके द्वारा कोई खास काम नहीं किया जा सका है।राज्य सरकार ने प्राधिकरण के कामकाज को शुरू करने के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है।प्राधिकरण के कृत्यों के निर्वहन में सहायक की भूमिका अदा करने वाली समिति में नगर विकास, लोक निर्माण, ग्राम्य विकास, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर व बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त नगर नियोजन व विकास के क्षेत्र के विशेषज्ञ को बतौर सदस्य रखा गया है।

# गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक

- गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत
- देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी सबकी जिम्मेदारी : केशव
- लखनऊ की कीर्ति सिंह व सरदार परविन्दर सिंह, अम्बेडकरनगर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक है। हम सबको गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों का न केवल अनुसरण व अनुकरण करना चाहिए, बल्कि उन्हे आत्मसात करने की जरूरत है।उप मुख्यमंत्रीने कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जायेगा। हम सबको राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए । राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य रविवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देश व प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि व नव सम्वत्सर की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जहां राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए गुरु गोविंद सिंह के त्याग व बलिदान की चर्चा की, उनके जीवन दर्शन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि सबको सजग व सावधान रहते हुए देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरित किये।उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ की कीर्ति सिंह व सरदार परविन्दर सिंह, अम्बेडकरनगर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा को प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया।राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय इत्यादि के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश में निवासरत महानुभाव को गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जाता है। 2023 में प्रश्नगत पुरस्कार हेतु सरदार परविन्दर सिंह,लखनऊ का चयन किया गया। इनके द्वारा गरीब एवं शोषित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, अल्पसंख्यक समुदाय के मध्य सद्भाव इत्यादि सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। 2024 में पुरस्कार हेतु धर्मवीर सिंह बग्गा, अम्बेडकरनगर का चयन किया गया। इनके द्वारा पिछले 20 वर्षों से 1000 से अधिक कन्यादान की सेवा, लावारिस कोविड की लाशों का अन्तिम संस्कार, कोविड के समय 05 लाख लीटर होम सेनिटाइजर तथा 01 लाख शीशी हैंड सेनिटाइजर, 05 हजार मास्क की फ्री सेवा, 08 वर्षों से लंगर की सेवा, सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व सामाज की सेवा में समर्पित, कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अपराध को रोकने सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। 2025 में पुरस्कार हेतु कीर्ति सिंह,लखनऊ का चयन किया गया। इनके द्वारा निःशुल्क रक्तदान निःशुल्क, चिकित्सा शिविर लावारिस शवों का अंतिम संस्कार पर्यावरण संरक्षण विधिक परामर्श शिविर इत्यादि आयोजित कर मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रादायिक सद्भाव के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने का सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया। इन तीनों महानुभावों को उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु थे। उन्होंने न केवल सिख समाज को संगठित किया, बल्कि पूरी मानवता के लिए सत्य, धर्म और न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। वे एक महान योद्धा, कवि, विचारक और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए समर्पित किया। गुरु गोबिंद सिंह न केवल सिख धर्म के महान गुरु थे, बल्कि वे पूरे राष्ट्र के लिए एक आदर्श थे। उन्होंने निडरता, समानता और न्याय के जो सिद्धांत स्थापित किए, वे आज भी हमें राष्ट्र भक्ति के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी शिक्षाएँ हमें सिखाती हैं कि हम सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहें। समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव बनाए रखें।श्री मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का उल्लेख करते हुए कहा योग को हम सबको अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।

# मिशन नवशक्ति : ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और परिवर्तन की यात्रा का एक वर्ष

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने मिशन नवशक्ति की पहली वर्षगांठ पूरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह एक परिवर्तनकारी पहल है जिसने अनुसूचित जाति समुदाय की लगभग 425 महिलाओं को सशक्त बनाया है, उन्हें सजावटी मछली पालन, रखरखाव और एक्वेरियम निर्माण में कौशल प्रदान किया है। इस यात्रा का उद्देश्य महिलाओं को सजावटी मत्स्य पालन के माध्यम से सतत सामुदायिक उद्यमिता में सक्षम बनाना है। इस पहल ने न केवल महिलाओं को आय का वैकल्पिक स्रोत प्रदान किया है, बल्कि उन्हें एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर किया है जहां आर्थिक स्वतंत्रता उनके हाथों में हो। ग्राम नुनारी बहादुरपुर, फंदा, प्रतापपुर, बड़ीबस्ता और रुद्रपुर की तेरह स्वयं सहायता समूहों - जयदुर्गा, लक्ष्मी, राधिका, माही, शक्ति, ऋचा, मानसी, पायल, निधि, गंगाबाई, आनंदा, विमल और माया की 53 ग्रामीण महिलाओं ने इस जीवन-परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। 5 से 6 मार्च 2025 तक केवीके कानपुर देहात में एक्वावर्ल्ड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को पहले सजावटी मछली पालन और रखरखाव की गहन ट्रेनिंग दी गई, फिर एक्वेरियम निर्माण की जटिल प्रक्रिया सिखाई गई। यह केवल एक प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि नई संभावनाओं से परिचय भी था। एससीएसपी घटक के तहत संचालित इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और शहरी बाजार की मांग के बीच की खाई को पाटना है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने 150 किमी की यात्रा कर गंगा एक्वेरियम का भ्रमण किया, जहां उन्होंने विभिन्न मछली प्रजातियों को देखा और एक्वेरियम सजावट की बारीकियों को समझा। इस पहल का प्रभाव काफी गहरा था, क्योंकि कई महिलाएं जो पहले केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित थीं, अब आय अर्जित करने और नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रही हैं। मिशन नवशक्ति ने पहले ही 50 महिलाओं को अपने आंगन में सीमेंटेड तालाब बनाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे उनके घर अब उत्पादन के केंद्र बन गए हैं। जहां पहले केवल खाली जगह थी, अब रंगीन सजावटी मछलियों से भरे तालाब मौजूद हैं, जो आशा और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। यह प्रशिक्षण केवल व्यवसाय सीखने तक सीमित नहीं था, बल्कि यह उनके भविष्य को पुनः परिभाषित करने का भी अवसर था। इस मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में भी सफल रहा है। आईसीएआर-एनबीएफजीआर और एक्वावर्ल्ड ने इन महिलाओं को बाजार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए उनके द्वारा पाली गई मछलियों को खरीदने का आश्वासन दिया है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को एक संपूर्ण इनपुट किट प्रदान की गई, जिसमें एक्वेरियम, फिल्टर, एयर पंप, एलईडी लाइट, एफआरपी कवर, बैकग्राउंड पोस्टर, पौधे, एयर स्टोन, एरेशन ट्यूब, मछली चारा और जीवित सजावटी मछलियां शामिल थीं। यह सामग्री सिर्फ एक शुरुआत थी, असली उपहार उन्हें यह विश्वास दिलाना था कि वे अपनी तकदीर खुद लिख सकती हैं। प्रौद्योगिकी ने इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप समूह बनाया गया है, जिससे वे निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन प्राप्त कर सकें। यह डिजिटल माध्यम उन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखता है, जिससे वे अपनी प्रगति साझा कर सकें और एक-दूसरे की उपलब्धियों का जश्न मना सकें। इस पहल की सफलता की मिसाल उन्नाव की दो महिलाएं, पूनम और संगीता हैं, जिन्होंने जनवरी 2025 में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मिनी एक्वेरियम बेचकर अपनी आय अर्जित करना शुरू कर दिया। अब वे अपनी दुकान खोलने का सपना देख रही हैं, जिसमें एससीएसपी परियोजना उनका समर्थन करेगी। इनकी यात्रा इस बात का प्रमाण है कि मिशन नवशक्ति वास्तव में अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर रहा है। यह पहल अब नए आयाम छू रही है, जिसमें नवशक्ति- एक्वाग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (इक्वइ) की स्थापना की जा रही है। यह एक केंद्रीकृत सुविधा होगी, जहां मिनी एक्वेरियम, सजावटी मछलियां और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित मिट्टी के सजावटी उत्पादों का विपणन किया जाएगा। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक, डॉ. टी. टी. अजित के नेतृत्व में, इस परियोजना की संकल्पना डॉ. पूनम जयंत सिंह, नोडल अधिकारी, एससीएसपी परियोजना द्वारा की गई। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. एल. के. त्यागी, डॉ. ए. के. पाठक, श्री. रवि कुमार और डॉ. अर्पिता बत्ता ने किया, जबकि श्री. इंद्रमणि राजा ने महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया। केवीके कानपुर के डॉ. ए. के. सिंह और डॉ. निमिषा अवस्थी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद की। हाईटेक फिशरीज के डॉ. सुरेश चंद्र और उनकी टीम ने धनकुट्टी में कार्यक्रम का समन्वय किया। इस पहल की शुरुआत बाराबंकी के धनकुट्टी गांव से हुई, जहां 50 महिलाओं ने इस नए उद्यम में कदम रखा। उनकी सफलता ने अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया और यह पहल अब सीतापुर, उन्नाव और कानपुर देहात तक फैल गई है। केवीके सीतापुर, केवीके उन्नाव और केवीके कानपुर देहात ने इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां तक कि बंगला बाजार और वाल्मीकि पुरी की शहरी एसएचजी महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर सामुदायिक उद्यमिता की ट्रेनिंग प्राप्त की। मिशन नवशक्ति की पहुंच उत्तर प्रदेश से आगे बढ़कर उदयपुर, राजस्थान के वीरपुरा गांव तक हो गई है। मिशन नवशक्ति सिर्फ एक परियोजना नहीं है, यह एक क्रांति है। यह ग्रामीण महिलाओं को उनके आत्म-सम्मान और सामर्थ्य का एहसास करवा रहा है। यह पहल साबित कर रही है कि यदि सही अवसर और समर्थन मिले, तो समाज के सबसे हाशिए पर रहने वाली महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं। यह आंदोलन सहयोग, आत्मनिर्भरता और महिलाओं की असीम शक्ति का प्रमाण है। जैसे-जैसे यह पहल आगे बढ़ रही है, यह सैकड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं को साकार कर रही है। पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक कौशल के साथ जोड़कर, मिशन नवशक्ति केवल आजीविका के अवसर ही नहीं बना रहा, बल्कि समाज में बदलाव की एक नई लहर भी पैदा कर रहा है। यह परियोजना नहीं, बल्कि एक वादा है, एक क्रांति है, और यह साबित करता है कि जब महिलाओं को सही अवसर मिलते हैं, तो वे खुद अपने भविष्य का निर्माण कर सकती हैं।





# अंतिम संस्कार में गए युवक की मधुमक्खियों के हमले से दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिले के भदोखर थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। अंतिम संस्कार में शामिल होने गए धर्मेश कुमार यादव (पुत्र रामकुमार, निवासी छेदी का पुरवा, थाना मील एरिया) की मधुमक्खियों के झुंड के हमले में असमय मृत्यु हो गई। यह घटना बेहटा गांव में उस समय हुई जब धर्मेश अपने फूफा के यहाँ अंतिम संस्कार के लिए गए थे। मधुमक्खियों के इस अप्रत्याशित हमले ने न केवल धर्मेश की जान ले ली प्राप्त जानकारी के अनुसार, धर्मेश कुमार यादव अपने फूफा के घर बेहटा गाँव में एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का एक झुंड वहाँ पहुँच गया और धर्मेश सहित वहाँ मौजूद अन्य लोगों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मधुमक्खियों ने धर्मेश पर विशेष रूप से अधिक हमला किया। काटने के कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी और वह अचेत हो गए। परिजन और साथी उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुँचे, लेकिन डॉक्टरों ने अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने धर्मेश को मृत घोषित कर दिया।

उनकी मृत्यु की खबर सुनते ही जिला अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता रामकुमार बार-बार बेहोश हो रहे थे और चीत्कार करते हुए कह रहे थे, ÷कोई मेरे घर का चिराग ले आओ, अब हम कैसे रहेंगे?÷ धर्मेश की असामयिक मृत्यु ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया है। धर्मेश के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा एक पुत्र और एक पुत्री हैं

धर्मेश दो भाइयों में बड़े थे और गाँव वालों के बीच अपनी मिलनसार और सम्मानजनक स्वभाव के लिए जाने जाते थे। गाँव के एक बुजुर्ग ने बताया, ÷धर्मेश बहुत अच्छा इंसान था। वह सबसे हँसकर मिलता था और कभी किसी का बुरा नहीं चाहता था। उसकी इस तरह मृत्यु हो जाना हमारे लिए बहुत बड़ा झटका है।

## रामनवमी पर सूर्य की किरणें करेंगी रामलला का अभिषेक, वैज्ञानिकों ने किया ट्रायल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर चार मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार को इसका ट्रायल किया। रामजन्मभूमि परिसर में सूर्य तिलक का ट्रायल हुआ। इसरो के वैज्ञानिक छह अप्रैल को सूर्य की किरण भगवान के मस्तक पर लाने के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। बीते वर्ष अस्थायी तौर पर रामलला का सूर्य तिलक हुआ था। अब स्थायी तौर पर वैज्ञानिक मंदिर का निर्माण पूरा होने पर सूर्य तिलक की व्यवस्था कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव के मौके पर भगवान के मस्तक का सूर्य अभिषेक होगा। वैज्ञानिकों ने एक मिनट का ट्रायल किया है। इस दौरान सफलतापूर्वक सूर्य की किरणें रामलला का सूर्य अभिषेक करती नजर आईं। रामनवमी को चार मिनट तक भगवान सूर्य रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगे।

# कार्यवाहक प्रधानाचार्य पदभार को लेकर विवाद, वरिष्ठ प्रवक्ता ने उठाई आपत्ति

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहगढ़ में कार्यवाहक प्रधानाचार्य पदभार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता निहारिका मिश्रा ने इस पद पर अपनी नियुक्ति के लिए जिला प्रशासन से अपील की है।उनका कहना है कि वरिष्ठता के आधार पर यह दायित्व उन्हें मिलना चाहिए। लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारीकला के प्रधानाचार्य रत्नेश सिंह को अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश जारी कर दिया है।जो कि नियमों के खिलाफ बताया जा रहा है।प्रवक्ता निहारिका मिश्रा ने कहा है,कि वह विद्यालय संचालन में पूरी तरह सक्षम हैं।और नियमानुसार उन्हें ही यह दायित्व सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विद्यालय में वरिष्ठ महिला प्रवक्ता मौजूद हैं,तो फिर किसी अन्य विद्यालय के पुरुष प्रधानाचार्य को अतिरिक्त प्रभार क्यों दिया जा रहा है? प्रवक्ता मिश्रा ने सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति का हवाला देते हुए कहा कि महिला प्रधानाचार्य ही छात्राओं और शिक्षिकाओं की समस्याओं को बेहतर समझ सकती हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के संकल्प की भी याद दिलाई।और नियमानुसार उन्हें ही यह दायित्व सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विद्यालय में वरिष्ठ महिला प्रवक्ता मौजूद हैं,तो फिर किसी अन्य विद्यालय के पुरुष प्रधानाचार्य को अतिरिक्त प्रभार क्यों दिया जा रहा है? प्रवक्ता मिश्रा ने सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति का हवाला देते हुए कहा कि महिला प्रधानाचार्य ही छात्राओं और शिक्षिकाओं की समस्याओं को बेहतर समझ सकती हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के संकल्प की भी याद दिलाई।और कहा कि ऐसे फैसले महिला अधिकारों की उपेक्षा हैं।निहारिका ने जिला प्रशासन से मांग की है,कि उन्हें ही कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पदभार सौंपा जाए।उन्होंने कहा कि यदि वरिष्ठता के नियमों का पालन नहीं हुआ तो यह अन्याय होगा।इस प्रकरण को लेकर डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी से फोन संपर्क किया गया,तो बात नहीं हो सकी।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या निर्णय लेता है।

# चैत्र नवरात्रि की उमंग,मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिविल ड्रेस में भी पुलिस की तैनाती**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



रविवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।जिले के प्राचीन शक्तिपीठ अहोरवा भवानी,देवीपाटन कालिका धाम,दुर्गा काली मंदिर,मां हिंगलाज,और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर माता के चरणों में अपना समर्पण व्यक्त किया।सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए लंबी कतारें नजर आईं।भक्तों ने माता रानी के जयकारे लगाते हुए आस्था की भावना से भरपूर वातावरण में पूजा की।मंदिरों के प्रांगण में भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।मंदिरों के आस पास बैरिकेडिंग की गई।और पुलिस बल लगातार सतर्कता बनाए रहा।मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो,इसे लेकर सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई व्यवस्था और जल आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा गया।इस अवसर पर धार्मिक आयोजन के साथ-साथ प्रशासन द्वारा भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम की प्रशंसा की जा रही है।यह दिव्य अवसर नवरात्रि के आगमन की पूर्व सूचना देते हुए भक्तों के मन में श्रद्धा और उल्लास की भावना को और भी प्रबल कर रहा है।

# स्कूल, कॉलेज, मंदिर सहित भीड़भाड़ इलाकों से शराब का ठेका दूर करने की उठ रही आवाज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



यूपी में 31 मार्च के पूर्व शराब ठेका का नवीनीकरण के बाद अब नए ठेकेदार शराब ठेका खोलने के लिए कुछ पुराने व नई दुकानों के चयन कर रहे हैं। जिसके बाद स्कूल, कॉलेज, मंदिर सहित भीड़भाड़ इलाकों से ठेका दूर करने की लोगों की आवाजें उठती दिखाई दे रही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के नई गल्ला मंडी हनुमान मंदिर निकट नवीनीकरण के बाद शराब का ठेका खुलने से आसपास के व्यापारी आक्रोशित हैं। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के नेतृत्व में चौहान गुट के दर्जनों व्यापारियों के साथ जिलाध्यक्ष मो उमर ने डीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। शिकायत पत्र में बताया गया कि नई गल्ला मण्डी के पास के सभी ग्रामीण दुकानदार व्यापारी निवासी है, उक्त स्थान पर एक शराब का ठेका/दुकान चल रही है, कुछ कारणों से उक्त दुकान मालिक अपनी दुकान खाली करवा रहा है, जिससे ठेकेदार द्वारा मौखिक रूप से यह कहते हुए सुना गया है कि हनुमान मन्दिर के बगल में शराब की दुकान चलायेंगे। जबकि हनुमान मन्दिर के बगल में लेडीज कार्नर की एक दुकान भी चल रही है। हनुमान मन्दिर के निकट शराब का ठेका खुल जायेगा तो दर्शनार्थियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ होगा और लेडीज कार्नर में आने वाली महिलाओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यही नहीं विगत वर्ष भी इसी प्रकार इसी मन्दिर के निकट शराब का ठेका खुलने जा रहा था परन्तु पूर्व जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के कारण नहीं खुल पाया था। सभी स्थानीय निवासियों व व्यापारियों ने कहा कि भावना व आम जनमानस की भावना को दृष्टिगत रखते हुए शराब का ठेका/दुकान खुलने से रोका जाए। वहीं सलोन के ग्राम अलीगंज डिहवा जगतपुर में भी धर्मशाला, क्लिनिक, मेडिकल स्टोर सहित भीड़भाड़ में शराब का ठेका खुलने पारी व्यापार मंडल चौहान गुट के पदाधिकारियों ने डीएम हर्षिता माथुर को एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष मो उमर, एसके सोनी, अमित मिश्रा, चित्रेश, अरविंद चौधरी, अनिल कुमार सोनकर, सुधा देवी, शिवाकांत सोनी, बबलू, राजाराम, लालिमा, नीलेश, शिवम, सर्वेश, राम नयन, अंशी, आयुष सोनकर, कमलाकांत सोनी, राकेश कुमार, राजाराम, भोला, राजेश सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

# चयनित ग्राम प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




%विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा एवं जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद के चयनित 98 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा गांधी प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 एवं 2024 हेतु चयनित 3 ग्राम पंचायत ( विनायकपुर बछरावां, दरियापुर बेला भेला , रामचंद्र ऊंचाहार ) को रजत कलर की गांधी प्रतिमा एवं वर्ष 2024 हेतु चयनित 95 ग्राम पंचायत को कांस्य कलर की गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 7 निक्षय मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड एवं विकास संस्थान रायबरेली के सौजन्य से 10 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया ।

कार्यक्रम में उप क्षयरोग अधिकारी डॉ0 शम्स रिजवान, जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव, डीपीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्रा, के के श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव, एनटीईपी स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, महिला बैरक, पाकशाला, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता के उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी तथा जिनकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में पूछा गया। इसके अतिरिक्त बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान जेलर हिमांशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल सुमैया परवीन व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र उपस्थित रहे।

# मिलावटखोरी का गोरखधंधा, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के तेतारपुर में हाल ही में खाद्य विभाग की छापेमारी में एक कुंटल बीस किलो मिलावटी खोया बरामद हुआ।जिससे इलाके में मिलावटखोरी के गहरे जड़ें जमाने की सच्चाई उजागर हो गई।यह कार्रवाई दिखाने के लिए भले ही विभाग अपनी पीठ थपथपा रहा हो, लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर प्रशासन पहले से सतर्क होता,तो यह गोरखधंधा इस हद तक नहीं फैलता।सूत्रों की मानें तो तेतारपुर ही नहीं, बल्कि गौरीगंज, अमेठी, मुंशीगंज, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर, तिलोई, जायस,शुकुल बाजार,जैसे प्रमुख बाजारों में मिलावटीखोरी और नकली खाद्य पदार्थों को बनाने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।स्थानीय मिष्ठान दुकानों और वैवाहिक कार्यक्रमों में इसकी खपत सबसे ज्यादा होती है।जिससे आम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।मिलावट खोरी पर सख्त कार्रवाई के बजाय केवल होटल संचालकों को नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी जाती है।जबकि असली गुनहगार खुलेआम इस धंधे को बढ़ावा दे रहे हैं।मिलावटी खाद्य सामग्री बरामद होने के बाद भी सवाल यह है कि इस अवैध कारोबार पर कब कार्रवाई होगी?छापेमारी के बाद भी अगर मिलावटखोरी जारी है,तो यह साफ है कि या तो प्रशासन इस समस्या को हल्के में ले रहा है या फिर इसमें शामिल लोगों को किसी का संरक्षण प्राप्त है।लोगों ने स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को लेकर रोष जताया है।और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में गंभीर होता,तो यह गोरखधंधा अब तक खत्म हो गया होता।अब देखने वाली बात होगी कि क्या विभाग केवल छापेमारी करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेगा,या मिलावटखोरों पर ठोस कार्रवाई करेगा?

# चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष मौर्य को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन' के अंतर्गत प्रत्येक जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें उत्तर प्रदेश की आठ वर्षों की उपलब्धियों को आम जनमानस को बताकर जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में कौशांबी जनपद के 50 शैय्या युक्त एकीकृत आयुष चिकित्सालय, सिराथू में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष मौर्य को उनके उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्हें यह प्रशस्ति पत्र जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन' कार्यक्रम के दरम्यान भेंट किया गया।

डॉ. आशीष मौर्य प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर. पी. मौर्य के पुत्र हैं, जिन्होंने आयुष चिकित्सा प्रणाली के तहत होम्योपैथिक चिकित्सा विधि से सर्वाधिक रोगियों का उपचार कर स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2022 में उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को मान्यता देते हुए प्रशासन ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र कौशांबी के मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हृदुल गौतम द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है। इसमें डॉ. आशीष मौर्य के समर्पण और मरीजों के प्रति उनकी संवेदनशीलता की सराहना की गई है। इस उपलब्धि पर डॉ. आशीष मौर्य ने कहा, यह सम्मान मेरी नहीं, बल्कि पूरी चिकित्सा टीम की मेहनत का परिणाम है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं आगे भी मरीजों की हर क्षण सेवा करता रहूं।

वहीं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आर पी मौर्य ने कहा कि हमारे पुत्र डॉ आशीष मौर्य (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) 50 शैय्या युक्त आयुष हॉस्पिटल सिराथू कौशांबी को सर्वाधिक रोगियों का उपचार करने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है, सरकार और प्रशासन द्वारा मिली सराहना से चिकित्सकों में और अधिक सेवा करने का भाव जागृत होता है, मेरे लिए भी यह अत्यधिक हर्ष का विषय है।

## GST विभाग की टीम ने बटोही के सभी रेस्टोरेंट पर की छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिले में विभागों की अनदेखी के चलते तमाम ऐसे होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानें संचालित हैं, जिन पर यदि जरूरी मानक की जांच कर ली जाए तो अधिकांश दुकानों पर प्रतिबंध लग जाएगा, परन्तु खाद्य सुरक्षा विभाग समेत अन्य संबंधित विभाग ने इन्हें खुली छूट दे रखी है। खैर आज जिले के ऊंचाहार तहसील के निकट संचालित बटोही रेस्टोरेंट पर स्टेट जीएसटी की टीम ने छापेमारी की है। इस दौरान लखनऊ से आई टीम ने बटोही के पांच प्रतिष्ठानों पर एक के बाद एक छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और कम्प्यूटर हार्ड डिस्क ज़ब्त की है। टीम ने पहले डिडौली फिर सिविल लाइन्स, नेहरू नगर और सलोन बटोही के बाद ऊँचाहार में भी छापेमारी की है। हालांकि इस दौरान टीम ने मीडिया से दूरी बनाये रखी। प्रतिष्ठान के मालिकों ने इसे रूटीन प्रक्रिया बताया है। विगत दिनों इसी रेस्टोरेंट के आसपास फैली गंदगी और क्षेत्र की अनेक दुकानों पर मनमानी कीमत पर मिठाई बेचे जाने का मामला भी प्रकाश में आया था।

अवगत हो कि जीएसटी विभाग की टीम टैक्स चोरी के प्रकरण की शिकायत पर छापा मारने पहुंचती है या फिर रिटर्न दाखिल करते समय त्रुटि होने पर कर अधिकारी जांच करते हैं। फिलहाल आज की छापामार कार्रवाई का ठोस कारण स्पष्ट नहीं हुआ।

# 'सेव अवर ग्लेशियर' थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस । रोहनिया, रायबरेली**

शनिवार को रोहनिया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उसरैना में सेव अवर ग्लेशियर एवं कक्षा 5 पास कर चुके छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एनटीपीसी ऊंचाहार की अपर महाप्रबंधक प्रीती सिन्हा एवं आनंद लोहकरे उप महा प्रबंधन पर्यावरण द्वारा विद्यालय में 'सेव अवर ग्लेशियर' नामक थीम पर कला पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर्ट टीचर हंसराज सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों का मूल्यांकन कर पुरस्कृत किया गया। एनटीपीसी की तरफ से बच्चों को दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई।

अपर महाप्रबंधक जल के महत्व के बारे में जल ही जीवन है जल को अपने दैनिक उपयोग में किस तरह से प्रयोग करना चाहिए और किस तरह से जल को बचाना चाहिए जैसे कई महत्वपूर्ण बातें बच्चों को आकृति चित्र लेखन से समझाया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश यादव, प्रधानाध्यापक मो0 मुस्ताक ख़ान, नईमुद्दीन सहायक अध्यापक, आशा देवी ,अशोक कुमार, केवला देवी, लवलेश कुमारी, नूर मोहम्मद तथा सुमन देवी, उर्मिला देवी आदि उपस्थित रहे।



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय नववर्ष...**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गांधी स्टेडियम में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर स्वयंसेवक समागम एवं नगर में पथ संचलन का आयोजन किया... शेष पेज 10 पर...

# कानपुर से 13 एडीजे स्थानांतरित




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हाईकोर्ट ने 236 अपर जिला जज, 207 सिविल जज सीनियर डिवीजन व 139 सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारियों की वार्षिक तबादला सूची जारी कर दी है। हालांकि इन न्यायिक अधिकारियों को कब तक चार्ज छोड़ना है, इस संबंध में अधिसूचना जारी नहीं की गई है। कानपुर नगर में 11 नए अपर जिला जज, नौ सिविल जज सीनियर डिवीजन और तीन सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारी चार्ज संभालेंगे जबकि यहां से 13 अपर जिला जज और सात सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारी स्थानांतरित कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो गए हैं और बाकी चारों न्यायाधीशों का स्थानांतरण हो जाने से पारिवारिक न्यायालय की सभी अदालतों में न्यायाधीश बदल जाएंगे। बाराबंकी से राजीव महेश्वरम, बरेली से राकेश त्रिपाठी, फिरोजाबाद से पीयूष सिद्धार्थ, गोंडा से राजबहादुर रामदेव यादव, जौनपुर से विजय कुमार गुप्ता, लखीमपुर खीरी से सुभाष सिंह, मथुरा से राकेश सिंह, मुरादाबाद से रघुबर सिंह, प्रयागराज से रश्मि सिंह और लखनऊ से कल्पना व शुची श्रीवास्तव को कानपुर नगर भेजा गया है। कानपुर नगर से पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश आलोक कुमार को कौशांबी, रेखा सिंह को मुजफ्फरनगर, शगुर पवांर को बुलंदशहर और शिखारानी जायसवाल को देवरिया स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही अपर जिला जज परमेश्वर प्रसाद को कुशीनगर, रघुवीर सिंह राठौर को प्रतापगढ़, सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी को मैनपुरी, श्रद्धा त्रिपाठी को कौशांबी, सुरेंद्र पाल सिंह को बदायूं, विकास गोयल को आगरा, योगेश कुमार को बुलंदशहर, राम अवतार प्रसाद को गाजीपुर, शुभी गुप्ता को अलीगढ़ भेजा गया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारियों में आजमगढ़ से अभिनय सिंह, भदोही एट ज्ञानपुर से साधना गिरि, लखीमपुर खीरी से कुर्निका अवध, लखनऊ से स्वतंत्र सिंह रावत, श्रावस्ती एट भिंगा से देवर्षि देव कुमार, सीतापुर से सुदेश कुमारी, सुल्तानपुर से अमित सिंह व शालीन मिश्रा के साथ ही लखनऊ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव निश्चल शुक्ला को भी कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया है। वहीं कानपुर नगर से अरुण कुमार गुप्ता को चंदौली, आशीष कुमार सिंह को सोनभद्र, प्रभात सिंह को कुशीनगर पडरौना, राहुल आनंद को बलरामपुर, सौरभ श्रीवास्तव व सुशील कुमार सिंह को जौनपुर, आकृति गौतम को प्रतापगढ़ भेजा गया है। इसी तरह सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के तीन न्यायिक अधिकारी सैदपुर-गाजीपुर से विवेक यादव, मऊ से अर्पित गोयल, कुंडा-प्रतापगढ़ से सिद्धार्थ शेखर सिंह को कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया है हालांकि कानपुर नगर से इस स्तर के किसी अधिकारी का तबादला नहीं किया गया है।

## ऊबड़खाबड़ इंटरलॉकिंग से ठोकर खाकर गिरे बुजुर्ग का सिर फटा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गोविंदनगर में गुरुद्वारे वाली गली में ठेकेदार ने मानकों के विपरीत उबड़-खाबड़ ढंग से इंटरलॉकिंग बिछा दी। इसका नतीजा यह हुआ कि उस पर चलते समय एक बुजुर्ग ठोकर लगने से गिर पड़े और उनका सिर फट गया। बुजुर्ग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। इलाकाई लोगों ने इंटरलॉकिंग बिछाने में लापरवाही बरतने को लेकर ठेकेदार के खिलाफ सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। 82 वर्षीय तुलसीदास देवनानी बर्रा में रहते हैं। शनिवार को वह गोविंदनगर के आठ ब्लॉक में रहने वाली बेटी रेनू के घर उससे मिलने जा रहे थे। नंदलाल चौराहे पर टैंपो से उतरकर वह पैदल ही गुरुद्वारे वाली गली से होते हुए बेटी के घर जा थे। गली में बिछी उबड़खाबड़ इंटरलॉकिंग से उन्हें ठोकर लग गई और वह अचानक सिर के बल सड़क पर जा गिरे। सिर फटने से खून बहने लगा।

# भरतीय नववर्ष के स्वागत में मनाया गुड़ी पड़वा पर्व, आनंदेश्वर मंदिर में फहराई गई धर्म ध्वजा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भारतीय नव वर्ष के स्वागत में रविवार को परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में गुड़ी पड़वा पर्व मनाया गया। बाबा शिव का विशेष श्रृंगार कर धर्म ध्वजा फहराई गई। हिंदू संवत्सर 2082 के शुभारंभ पर मंदिर में ढोल-नगाड़े की थाप बाबा भोलेनाथ के जयकारे गूंजे। जूना अखाड़ा के महंत अरुण भारती, अवधेशानंद महाराज, अत्रिवन महाराज ने पूजन कर धर्म ध्वजा स्थापित की। महंत अरुण भारती ने बताया कि आज ही के दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। सनातनी परंपरा के अनुसार, आज के दिन से हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ हुआ था। इस मौके पर जूना अखाड़ा के मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश, आचार्य प्रमोद शास्त्री, कीर्ति अग्निहोत्री, अजय पुजारी, संजय पुजारी, सतनारायण गिरी महाराज, अभय मिश्रा, जीतू बाजपेई आदि मौजूद रहे।

**इस तरह हुआ आयोजन**

गुड़ी का अर्थ विजय पताका या ध्वजा होता है, इसलिए मंदिर में धर्म ध्वजा (गुड़ी) बनाई गई। इसके लिए मिट्टी का एक कलश लिया गया और उसे बांस की छड़ी पर उल्टा रखकर, लाल कपड़े (साड़ी) से सजाया गया। गुड़ी को नीम या आम के पत्तों, फूलों व मिठाई की माला से सजा कर पूजा की गई। बाबा शिव का आशीर्वाद लेने पहुंचे भक्तों व मंदिर के पुजारी ने विशेष पूजन के बाद आरती की।

# एलपीजी टैंकर के केबिन में लगी आग



**बैटरी के शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग**

ड्राइवर ने बताया कि केबिन में उसके कपड़े, मोबाइल और रुपये छूट गए थे जो जल गए। गनीमत रही कि टैंकर के कैप्सूल में रखी एलपीजी पर आग का असर नहीं पड़ा और विस्फोट नहीं हुआ। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि आग पर काबू पाने के बाद ट्रक को क्रेन की मदद से रोड किनारे करा दिया गया और यातायात सुचारु रूप से चालू करा दिया गया है। बैटरी के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर रविवार को एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) कैप्सूल लेकर जा रहे टैंकर के केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक ने कूदकर जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो किलोमीटर दूर दोनों ओर वाहनों को रोक दिया। दो तहसीलों से पहुंची दमकल गाड़ियों ने आठ मिनट में आग को बुझा दिया। गनीमत रही कि कैप्सूल तक आग नहीं पहुंची। कानपुर के बिधनू थानाक्षेत्र के मगरा शाह गांव निवासी महेंद्र सिंह 18 टन एलपीजी भरे कैप्सूल टैंकर को लेकर जयपुर से शाहजहांपुर जा रहा था। सुबह 10:15 पर अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर 332 किलोमीटर ब्रिज पर अचानक से टैंकर के केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक महेंद्र ने कूदकर जान बचाई। आग लगने से इलाके में दहशत फैल गई। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने दोनों ओर दो किलोमीटर पहले वाहनों को रोक दिया। आग लगने के एक घंटे बाद छिबरामऊ व कन्नौज से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ अग्निशमन अधिकारी संदीप तंवर पहुंचे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि टैंकर से उठता धुआं दूर से ही दिखाई देने लगा। दमकल कर्मियों आठ मिनट में आग पर काबू पा लिया। टैंकर का केबिन जल गया।

# सोना चांदी ज्वैलर्स पहुंचीं मिस यूनिवर्स इंडिया रिया



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मिस यूनिवर्स इंडिया-2024 रिया सिंघा रविवार को बिरहाना रोड स्थित सोना चांदी ज्वैलर्स पहुंचीं। ग्राहकों, प्रशंसकों व सोना चांदी की टीम ने उनका स्वागत किया। उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए होड़ मची रही। रिया ने ब्रांड की अनूठी पेशकश के बारे में ग्राहकों से बातचीत की। मिस यूनिवर्स इंडिया बनने की अपनी यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वह शोरूम की टीम से मिलकर बहुत खुश हैं।

पोल्की व जड़ाऊ आभूषण हमेशा से मेरे जीवन का हिस्सा रहे हैं जो सुंदरता, संस्कृति व परंपरा का प्रतीक हैं। सोने, डायमंड व पोल्की का इतना अनोखा कलेक्शन मैंने पहले कहीं नहीं देखा। सोना चांदी ज्वैलरी के मालिक राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हम इस वर्ष मिस यूनिवर्स इंडिया-2025 का क्राउन बना रहे हैं। ये पानी पर कमल के फूल की छवि से प्रेरित होगा जो शुद्ध, सौंदर्य और भारत के मजबूत उदय का प्रतीक है।

# ककवन मुन्नौवरपुर गांव में शांतनु ने बताया श्री मद् भागवत कथा श्रवण मात्र से परीक्षित को प्राप्त हुआ मोक्ष

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ककवन ब्लाक के मुन्नौव्वरपुर गांव मे आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर अचार्य शांतनु ने श्री मद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राप्त होने वाले पुण्य के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया उनके द्वारा कहा गया श्रीमद भागवत कथा का सनातन धर्म में खास महत्व है।

शास्त्रों में बताया गया है कि पहली बार कथा श्रवण मात्र से ही राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और उनका अकाल मृत्यु से बचाव हुआ था। यही कारण है कि समय-समय पर भक्त श्रीमद भागवत कथा का आयोजन अपने घर, या सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन होता है।

उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा सभी वेदों का सार है। इसे सुनने से मनुष्य तृप्त होता है और जन्म जन्मांतर के पाप से मुक्त हो जाता है।

साथ ही कथा सुनने या किसी भी शुभ काम को करवाने या करने के पीछे का उद्देश्य परम लक्ष्य की प्राप्ति ही होता है। वह कहते हैं कि कथा आयोजन स्थल में प्रवेश करने से पहले सांसारिक जीवन के दुख तकलीफों को भूलकर उस परम परमेश्वर ईश्वर का चिंतन मनन करना जरूरी है और घर से जिस उद्देश्य को लेकर कथा सुनने आते हैं, उसे पूरा जरूर करना चाहिए। इस मौके पर कथा मे प्रमुख रूप से पहुंचे संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, अवध प्रांत के गंगा सिंह, विभाग सम्पर्क प्रमुख क्षत्रवीर सिंह, राजू दुबे, मिंटु दुबे, संजय शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजू स्वर्णकार आदि लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### थार चालक की तलाश में एक किलोमीटर तक चेक किए जा रहे कैमरे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सचेंडी हाईवे पर दसवीं के छात्र को टक्कर मारने वाली थार की तलाश में पुलिस घटनास्थल के आसपास के कई किलोमीटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करा रही है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुखरायां निवासी विनोद कुमार गौतम का बेटा लकी (18) शनिवार को चचेरे भाई पीयूष को कल्ला गांव पुखरायां छोड़ने जा रहा था। तभी चकरपुर मंडी के पास थार चालक ने बाइक में टक्कर मारी दी। बाइक आगे जा रहे डंपर के नीचे घुस गई। इसमें छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है। मंडी के आसपास एक किलोमीटर के एरिया में लगे कैमरे चेक कराए जा रहे हैं। कार्यवाहक थाना प्रभारी सत्येंद्र पाल ने बताया कि आरोपी की तलाश में आसपास के कैमरे चेक कराए जा रहे हैं।

### 13 घंटे देर से आ रही ट्रेनें, भटकते रहे यात्री

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** रविवार को 27 स्पेशल व एक्सप्रेस ट्रेनें एक से 13 घंटे देरी से सेंट्रल स्टेशन पहुंची। इनमें 20818 भुवनेश्वर तेजस राजधानी तीन घंटे देरी से आई। डायवर्जन सहित कई रूटों पर अत्यधिक लोड की वजह से ट्रेनें लेट हो रही हैं। यह तब है जब लखनऊ रूट की कई ट्रेनें निरस्त हैं तो कुछ डायवर्ट होकर चल रही हैं। घंटों लेटलतीफी के कारण यात्रियों को सेंट्रल पर कई घंटे बैठकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। देरी से चल रही ट्रेनों में फंसे यात्री शौचालय में पानी न होने व गंदगी के कारण परेशान रहे। करीब 927 यात्रियों ने टिकट वापस किए और 153 ने दूसरी ट्रेन व अन्य साधनों से रवाना हुए।

### कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बाल रोगियों के इमरजेंसी इलाज के तरीके बताए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** भारतीय बालरोग अकादमी के बैनर तले इमरजेंसी मेडिसिन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने आपात स्थिति में नेत्र रोग, नाक, कान, गला रोग, बाल रोगियों के इलाज से संबंध प्रक्रियाओं के बारे में बताया। कार्यशाला का आयोजन हर्षनगर में किया गया। इसका संचालन अकादमी की अध्यक्ष डॉ.रोली श्रीवास्तव और डॉ.अमितेश यादव ने किया। नोएडा से आए बालरोग विशेषज्ञ डॉ.अजीत सक्सेना ने नेत्र, ईएनटी रोगों के इलाज के तरीकों पर चर्चा की। डॉ.अंकुर चावला ने मूत्र संक्रमण और डॉ.त्यागी ने घाव प्रबंधन एवं हाथ-पैर की इमरजेंसी प्रक्रियाओं पर जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व डीजीएमआई डॉ.वीएन त्रिपाठी, डॉ.रश्मि कपूर, डॉ.राज तिलक, डॉ.सुनील तनेजा, डॉ.शैलेंद्र गौतम, डॉ.प्रदीप मट्ठू, डॉ.अनुराग भारती, डॉ.योगेश टंडन, डॉ.नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित एम्बुलेंस खाई में पलटी, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में चौबेपुर क्षेत्र के दिलीप नगर गांव के पास बेला रोड पर अनियंत्रित एम्बुलेंस खाई में पलट गई। हादसे में चालक की फंसकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार, कानपुर देहात जनपद के शिवली थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी नीरज कुमार (32)पुत्र रमेश कुमार रौतापुर गांव स्थित एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस चलता है। रविवार सुबह वह एंबुलेंस लेकर अस्पताल आ रहा था। वह दिलीप नगर गांव के समीप ही पहुंचा था कि तभी उसका नियंत्रण स्टेरिंग से समाप्त हो गया और एम्बुलेंस करीब सात फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इससे चालक कार में बुरी तरह फंस गया। खेतों में काम कर रहे किसानों और राहगीरों ने जब तक उसको बाहर निकला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिकरू चौकी इंचार्ज मयंक सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है।

### मरियमपुर से बर्रा बाईपास तक फ्लाईओवर बनाने की कवायद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** मरियमपुर चौराहे से गोविंदनगर होते हुए बर्रा बाईपास चार लेन का फ्लाईओवर बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। करीब चार किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण करीब 360 करोड़ रुपये से होगा। मेट्रो की तरह डिवाइडर पर पिलर बनेंगे। सेतु निगम ने इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया है। पुल बन जाने से लाखों लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही कानपुर-इटावा राजमार्ग, एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा।

शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी के साथ सेतु निगम के साथ अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि फजलगंज में जमीन अधिग्रहीत करने के लिए जानकारी जुटाई जा रही है। मैथानी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। यह पुल मरियमपुर चौराहे के पास से शुरू होकर फजलगंज चौराहा, दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक, गोविंदनगर चावला मार्केट चौराहा, नंदलाल चौराहा, सचान गेस्ट हाउस चौराहे के ऊपर से होते हुए बर्रा बाईपास के पास तक बनेगा।

# आर्थिक तंगी से परेशान माली ने तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




आर्थिक तंगी से परेशान माली ने रविवार को निर्माणाधीन मकान के जीने में तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस ने तमंचा व खोखा कारतूस बरामद कर लिया। 16 अप्रैल को माली के बेटे की मकरंदनगर से शादी थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदापुरवा निवासी रविंद्र कुशवाहा (50) कानपुर नगर के कल्याणपुर क्षेत्र में माली का काम करते थे। वह 20 वर्षों से परिवार के साथ वहीं रह रहे थे। सात दिन पहले वह गांव आया। रविंद्र गांव के मकान में काम करवा रहे थे। उनके पुत्र आलोक की 16 अप्रैल को मकरंदनगर में शादी थी। रविंद्र कई दिनों से दिन व रात में शराब पी रहे थे। लोगों का कहना था कि रविंद्र कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे और नशे में ही रहता था। सुबह 10.35 बजे रविंद्र ने निर्माणाधीन मकान के जीने में तमंचे से सटाकर कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहां रविंद्र को खून से लथपथ पड़ा था। गांव के लोगों की सूचना पर पत्नी रानी देवी, पुत्र आलोक व विशाल सहित कोतवाल कपिल दुबे, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मौके पर जांच कर परिजनों से जानकारी की। टीम ने तमंचे की बट व रविंद्र के हाथ के नमूने लिए। डॉग ने भी घटनास्थल पर दौड़ लगाई। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। पोस्टमार्टम में रविंद्र की मौत गोली लगने से अधिक खून बहने के कारण होना बताई गई। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि मौके पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पांच बच्चों की मां पर चढ़ा प्रेम रोग, आशिक के साथ हुई फरार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के नरवल थाना क्षेत्र में पांच बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गई। पीड़ित पति दो दिन से थाने के चक्कर लगा रहा है।

जानकारी के अनुसार, थरेपाह टिकरिया गांव निवासी रामप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र रामसनेही विश्वकर्मा (38) की पत्नी राधा विश्वकर्मा बीती रात अपने प्रेमी रोहित विश्वकर्मा के साथ फरार हो गई। पीड़ित पति ने बताया घर में पांच बच्चों को छोड़कर जेवर व नगदी लेकर चली गई है। बच्चों में सबसे बड़ा बेटा कृष्णा (14), गोविंद (10), अनुभव (7), बेटी लक्ष्मी (5) व रिया (2.5) है। बीते 25 मार्च को पति-पत्नी प्रेमी और ग्राम प्रधान शेषनारायण के पुत्र आलोक तिवारी थाना नरवल पहुंचे थे (थानाध्यक्ष के पास सभी पक्षों ने अपनी बात रखी, लेकिन महिला ने अपने प्रेमी के साथ जाने को कहा।

**जेवर और नकदी लेकर हुई गायब**

थानाध्यक्ष राम मूरत पटेल द्वारा समझाया बुझाया गया। फिर भी ना मानने की दशा में सबसे पहले तलाक लेकर फिर दूसरा विवाह करने की सलाह दी गई। तब तक सभी पक्ष कहीं नहीं जाएंगे, निर्देशित किया गया किंतु बीती रात में ही महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति रामप्रकाश विश्वकर्मा का आरोप है सोने-चांदी के जेवरात और 5000 नगद भी ले गई है।

# डीएम ने चार किसानों को दिया बैंक में बंधक खेतों का तोहफा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में 23 वर्षों से बैंक में खेतों के बंधक होने से चार गरीब किसान रोटी-रोटी को मोहताज थे। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सरकार की ऋण मोचन योजना की मदद से इन किसानों के लिए खुद और सामाजिक लोगों से करीब 2.50 लाख रुपये इकट्ठा किए। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड में ऋण जमा कराया। शनिवार को किसानों को डीएम ने कार्यालय बुलाकर जमीन मुक्त होने की बात बताई। इस पर सबकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। फरवरी में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास की समीक्षा बैठक हुई थी। इसमें जिलाधिकारी ने बैंक के अधिकारियों से सबसे गरीब किसान ऋणदाताओं के नाम पूछे थे। ये वे किसान थे, जिनके खेत वर्षों से बैंक के पास बंधक थे। इसके बाद डीएम ने चार उन किसानों को चिह्नित किया, जिनकी जमीन वर्ष 2003 से बंधक थी।

> ये ऐसे किसान थे, जो बहुत निर्धन हैं। इनके पास खुद की कोई जमीन नहीं बची थी। उनकी मजबूरी को देखते हुए मदद करने का निर्णय लिया। लोगों के सहयोग से बैंक में ऋण जमा करा दिया और सभी की जमीन बंधक मुक्त हो गईं।
>
> **जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी**

**15 दिन में धनराशि का इंतजाम हुआ**

इनके पास कृषि के लिए उतनी ही जमीन थी, जो बंधक थी। इसके बाद बैंक अधिकारियों को बुलाकर ऋण मोचन योजना की जानकारी ली। योजना के तहत सभी किसानों के ऋण में छूट दिलाई और बची धनराशि के लिए सामाजिक लोगों से अपील की। 15 दिन में धनराशि का इंतजाम हुआ और बैंक में जमा कराया गया। सभी किसानों की जमीन एक सप्ताह में बैंक से बंधक मुक्त हो जाएगी।

**इनका चुकाया ऋण**

- अमौली, सरसौल निवासी मृतक रविंद्र पुत्र मूलचंद ने 48,000 रुपये का लोन लिया था, जिसकी ब्याज सहित धनराशि 89,000 हुई। परिवार में पुत्र शनि है।
- बलहापारा, पतारा निवासी मृतक गोधन ने 20,000 का लोन लिया था। ब्याज सहित धनराशि 39,000 हुई थी। परिवार में पुत्रियां कनक व गुंजन हैं।
- मुंहपोहा, शिवराजपुर निवासी मृतक कन्हैया लाल ने 18,000 रुपये लोन लिया था। ब्याज सहित धनराशि 27000 रुपये हुई। पत्नी शिव कुमारी को अब जमीन मिल सकेगी।
- हरदौली घाटमपुर निवासी रामवती पत्नी झेलम ने 30000 का लोन लिया था। ब्याज समेत धनराशि 60000 हो गई थी। परिवार में पुत्र प्रमोद कुमार है।

**31 तक गरीब परिवारों का चयन न होने पर होगी कार्रवाई**

सीडीओ दीक्षा जैन ने शनिवार को विकास भवन में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम के तहत गरीब परिवारों को आवास देने की समीक्षा की। इसमें पता चला कि जिले में 13591 गरीब परिवारों को आवास देना था, विभाग ने 11492 परिवारों को चिह्नित किया है। इस पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। बताया कि दो दिन बाद इस योजना के तहत बजट वापस हो जाएगा, लिहाजा 31 मार्च तक 458 आवास के लिए गरीब परिवारों को चुन लें। चेतावनी दी कि ऐसा न कर पाने पर कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ ने फैमिली आईडी, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और मनरेगा कार्यों की प्रगति जानी।

**लापरवाही पर तीन बीडीओ का वेतन रोका**

मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लापरवाही और काम में शिथिलता बरतने पर सीडीओ दीक्षा जैन ने भीतरगांव, घाटमपुर और पतारा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारियों का मार्च महीने का वेतन रोक दिया। भीतरगांव में 652 के सापेक्ष 39, ककवन में 43, पतारा में 277, कल्याणपुर में 26 और शिवराजपुर में 29 के सापेक्ष शून्य आवास पूरे किए गए हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा ?

**ऐसे वस्त्र मत पहनो, लोग क्या कहेंगे? जैसे शब्द आज भी अनगिनत घरों की दीवारों से टकराते हैं। कपड़ों से संस्कार झलकते हैं! लड़की हो, थोड़ा सभ्य कपड़े पहनो! ऐसे खुले विचार नहीं, यह हमारी संस्कृति नहीं! परंतु क्या परिधान ही संस्कारों की कसौटी है? समाज को इस सोच से आगे बढ़ना होगा कि स्त्रियों की मर्यादा वस्त्रों से नहीं, उनके विचारों से आँकी जानी चाहिए। समय के प्रवाह में समाज ने अनेक रूप बदले हैं, परंतु स्त्रियों की स्वतंत्रता को लेकर उसकी सोच अब भी दो ध्रुवों में बँटी हुई प्रतीत होती है। एक ओर आधुनिकता की लहर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बना रही है, तो दूसरी ओर परंपरा की जड़ें अब भी उनकी उड़ान में अवरोध उत्पन्न करती हैं। सवाल यह उठता है कि क्या स्त्री सचमुच स्वतंत्र हुई है।**

*समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले दामन केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मर्यादा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। पारंपरिक वस्त्रों-साड़ी, घाघरा, अनारकली को महिलाओं की गरिमा से जोड़ा जाता था। दामन की प्रतिष्ठा अब भी बनी हुई है, परंतु उसकी परिभाषा बदल चुकी है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। क्या छोटे वस्त्र संस्कारों का ह्रास हैं, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या स्त्री का सम्मान उसके पहनावे से तय होना चाहिए, या फिर उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता अधिक महत्वपूर्ण हैं? समय की करवटों ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने दामन की प्रतिष्ठा को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले दामन केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मर्यादा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मर्यादा और संस्कृति भी घटती गई। दामन केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मर्यादा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान-साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मर्यादा का भी पर्याय बने। पहले 52 गज़ के दामन का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। दामन संभालना मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मर्यादा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा। समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज महिलाएँ अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं-जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूज़न जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है। यह एक जटिल प्रश्न है, जिसकी गूँज समय और समाज दोनों में सुनी जा सकती है। क्या वस्त्रों का लघु होना संस्कारों का ह्रास है, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या किसी स्त्री का सम्मान उसके पहनावे तक सीमित रहना चाहिए? क्या उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता उससे अधिक मूल्यवान नहीं? क्या परिधान की लंबाई उसके विचारों की ऊँचाई से अधिक महत्त्व रखती है? कुछ का मत है कि आधुनिकता ने संस्कृति को धूमिल किया, परंतु अन्य इसे आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में देखते हैं। वास्तविकता यह है कि गरिमा बाह्य आवरण में नहीं, बल्कि आचरण और आत्मसम्मान में होती है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।**

# देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की महिमा



योगेश कुमार गोयल

**नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है।**

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।



**नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं।**

*(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 09:12 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 13:46 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वैधृति, 13:39 |
| सूर्योदयः | 06:16 |
| सूर्यास्तः | 18:34 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 07:48-09:20 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### आयी बात निकल कर !

*है दिया भरोसा ।*
*होगा पूरा न्याय ।।*
*आयी बात निकल कर ।*
*आगे भी सहाय ।।*
*चल रहा है काम ।*
*देकर सब कुछ ध्यान ।।*
*कोशिश है अब पूरी ।*
*लौटे फिर सम्मान ।।*
*इंतज़ार है करना ।*
*हैं कितने गंभीर ?*
*दिख जाए धरातल ।*
*चमके जब तकदीर ।।*
*चली लंबी बातचीत ।*
*आए अब परिणाम ।।*
*सकारात्मक चल रही ।*
*अटकलें तमाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या लिवर की समस्या नींद की परेशानी पैदा कर सकती है?



**हेल्दी** रहने के लिए शरीर के लिए जरूरी लिवर और किडनी जैसे अंगों का स्वस्थ रहना जरूरी है। बता दें, लिवर शरीर को डिटॉक्स कर टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में सहायक है, लेकिन इससे जुड़ी समस्या होने पर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**क्या लिवर से जुड़ी समस्या नींद को प्रभावित करती है?:** एक्सपर्ट के अनुसार, अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लिवर की प्रक्रिया बाधित होती है। इस दौरान लोगों को लिवर जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसके कारण लोगों की नींद भी प्रभावित होती है। ऐसे में इसे नजरअंदाज न करें। नींद से जुड़ी परेशानी होना, लिवर की बीमारी का लक्षण हो सकता है। वहीं, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की समस्या से पीड़ित लोगों को नींद से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके कारण नींद की गुणवत्ता खराब होने और नींद कम होने की समस्या होती है, साथ ही, नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के कारण स्लीप एपनिया जैसी नींद से जुड़ी समस्या का भी खतरा बढ़ता है।

**नींद कम होना:** लिवर से जुड़ी समस्या होने पर लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं होने, शरीर में दर्द होने और शरीर में खुजली की समस्या के कारण लोगों को नींद आने में परेशानी होने और कई बार अनिद्रा की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**नींद की गुणवत्ता खराब होना:** लिवर के कार्यों से जुड़ी परेशानी होने पर लिवर में सूजन आने और लिवर की कोशिकाओं को नुकसान होने के कारण लोगों को नींद की गुणवत्ता पर भी बुरा असर होता है, जिसके कारण लोगों को सोने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, साथ ही, इससे नींद से जुड़ी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**थकान और कमजोरी होना:** लिवर के कार्यों से जुड़ी समस्या होने पर लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, हार्मोन्स के असंतुलित होने और बेचैनी महसूस होने की समस्या हो सकती है, जिसके कारण लोगों को नींद न आने की समस्या होने और नींद से जुड़ी अन्य समस्याएं हो सकती है। बता दे, थकान और कमजोरी स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याओं के का कारण भी हो सकती है।

**ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की समस्या:** ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया नींद से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इस दौरान लोगों को सांस लेने में परेशानी होने, नींद खराब होने, चिड़चिड़ापन होने या थकान होने की समस्या होती है। इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत सलाह लें।

**सर्कैडियन लय खराब होने:** लिवर से जुड़ी समस्याएं होने पर लोगों को सर्कैडियन लय खराब होने लगती है। बता दें, सर्कैडियन लय यानी नींद-जागने के चक्र में परेशानी की समस्या हो सकती है। इसके कारण लोगों को नींद में रुकावट आने, नींद आने में परेशानी होने और दिन में अधिक नींद आने की समस्या हो सकती है।

**निष्कर्ष:** लिवर शरीर को डिटॉक्स और रिपेयर करने में सहायक है, इससे जुड़ी समस्या होने पर लोगों को नींद ना आने, नींद की गुणवत्ता खराब होने और थकान, कमजोरी होने और सर्कैडियन लय के खराब होने की समस्या होती है, साथ ही, इसके कारण स्लीप एपनिया जैसी नींद से जुड़ी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ता है। ध्यार रहे लिवर या नींद से जुड़ी समस्या महसूस होने पर इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### एक्सप्रेस विशेष

# उल्लास और उमंग से कीजिए वर्ष प्रतिपदा का स्वागत



रमा निवास तिवारी

**इस प्रकार भारतीय नववर्ष हमें अतीत के उज्वल पक्ष को सुमिरते हुए भविष्य की ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने की प्रेरणा देता है। भारतीय नवसंवत्सर के चतुर्युगी वैशिष्ट्य को सहेजते हुए भविष्य के उत्थान की सर्जना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए।**

**हमें इसे पूरे उमंग और उत्साह से मनाना चाहिए ताकि हमारी भारतीय संस्कृति अपने उत्कर्ष की ओर गतिशील रहे।वर्ष प्रतिपदा का उत्सव भारतीय समाज के लिए गौरव का विषय है इसी दिन सतयुग में ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरम्भ की थी,त्रेता में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ था,द्वापर में युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ जहां से युधिष्ठिर संवत का आरम्भ माना जाता है।**

**चैत्र** शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नववर्ष की शुरुआत होने जा रही है।नवसंवत्सर के रूप में भारतीयों की यह अमिट पहचान है जो नवीनता के चिन्ह समेटे हुए हमारे जीवन में प्रवेश करती है।प्रकृति भी इस समय अपने उल्लास को छिपाने में असमर्थ हो जाती है।उसकी खुशी प्रकट हो ही जाती है।प्रकृति नवसंवत्सर के आगमन की खुशी में नूतन श्रृंगार में निमग्न दिखाई देने लगती है।नवसंवत्सर का उत्सव हमें हमारे गौरवपूर्ण इतिहास की ओर खींच ले जाता है।जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान का मर्यादित जीवन और प्रतापी राजा विक्रमादित्य के पौरुष की गाथाएँ भरी पड़ी हैं जिनको विक्रमी संवत के रूप में कालगणना का एक विधान भारतीय परम्परा में जोड़ने का श्रेय जाता है।भारतीय नववर्ष ऐसे समय में मनाया जाता है जब वास्तव में समूची प्रकृति नवीनता की ओर अग्रसर होती दिखाई देती है।वृक्षों में नयी नयी कोपलें आने लगती हैं,खेतों में लहलहाती सरसों और गेहूं की बालियां किसानों को उसकी मेहनत का फल देने के लिए बेताब होती हैं,अमराइयों में बौर खिलखिलाने लगते हैं,बाग बगीचों में सुन्दर पुष्प खिलने का प्रयास करने लगते हैं,हवाओं का स्पर्श सुखद हो जाता है और सम्पूर्ण प्रकृति अपनी सुन्दरता से घूंघट उठाने का उद्यम शुरू कर देती है।पशु पक्षी भी अपने आनन्द की मस्ती में डूबने लगते हैं।पूरी प्रकृति इस समय करवट लेती हुई नजर आती है।भारतीय नववर्ष कितना वैज्ञानिक है जो इसमें प्रकृति और पर्यावरण के परिवर्तन का प्रसंग भी शामिल हो जाता है।नवसंवत्सर से कुछ दिन पहले लोगों ने होली मनायी है और अब नवसंवत्सर में प्रवेश करते ही हम मातृशक्ति की उपासना में लीन हो जायेंगे।प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भारतीय नववर्ष का आरम्भ होता है।इसी दिन से बासंतिक नवरात्र शुरू हो जाता है।जगतजननी जगदम्बे की उपासना के माध्यम से समूची नारी शक्ति की वन्दना और उनके सम्मान करने की परिपाटी वर्षों से चली आई है।भारतीय नववर्ष की विशेषता तो देखिये जो आरम्भ होते ही हम भारतीयों को मातृ चरणों में श्रृद्धा और अनुराग से झुकने की प्रेरणा देता है।नारी समाज के प्रति आदर के भाव रखने की निवेदना करता है।नवरात्र के आरम्भ के साथ भारतीय नववर्ष नारी को नारायणी मानते हुए उसके पूजक स्वरूप को सृष्टि का आधार बताने का प्रयास भी करता है।यह नववर्ष,वर्ष प्रतिपदा के नाम से भी जाना जाता है।इस तिथि का हमारे देश के अतीत से ऐतिहासिक जुड़ाव भी है,जिस वजह से वर्ष प्रतिपदा हम भारतीयों के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था।इस लिहाज से भी भारतीयों के लिए यह दिन किसी उत्सव से कम नही कहा जा सकता है।राजा विक्रमादित्य ने शकों का अस्तित्व समाप्त कर इसी दिन भारत भूमि को उनसे मुक्त कराया था और शक संवत के स्थान पर विक्रमी संवत की नींव रखी थी।राजा विक्रमादित्य के शौर्य और देशभक्ति का स्मरण हम भारतीयों का पाथेय बने,वर्ष प्रतिपदा ऐसे अवसर लेकर आता है।ब्रह्म पुराण के अनुसार इसी तिथि में ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की और परमात्मा की उस इच्छा को साकार किया जिसमें उन्होंने एकोहं बहुष्यामि की इच्छा जताई थी।धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था,महर्षि दयानंद सरस्वती और सिखों के गुरु अंगददेव का जन्म इसी दिन हुआ था।इस तरह देखा जाय तो नवसंवत्सर हमें हमारी तमाम गौरवशाली और अविस्मरणीय यादों से हमें जोड़ने का काम करता है।भारतीय नववर्ष उत्सवों का उल्लास हमारे समाज में घोलता है।नववर्ष आने की आहट के साथ ही त्योहारों और उत्सवों की श्रृंखला आरम्भ हो जाती है,कुछ दिन पहले होली फिर नवरात्र उसके बाद रामनवमी,इन उत्सवों को मनाकर मानव मन का आनंद अतिरेक पर जा पहुंचता है।इस समय मानव मन का नैराश्य खोया खोया नजर आता है।इस नववर्ष की खुशियां पूरा देश अपने अपने ढंग से मनाता है,बल्कि यूँ कहें कि पूरे विश्व में इस परम्परा को मनाने का चलन रहा है।ऋतुराज बसंत की छाया,वर्ष प्रतिपदा के उत्सव में चार चांद लगा देती है।इस समय बसंत अपनी पूर्णता पर होता है।इस पर्व को पूरा देश अलग अलग नाम से मनाता है कहीं इसे गुड़ी पड़वा तो कहीं युगादि के नाम से मनाया जाता है।देश के विभिन्न अंचलों में क्षेत्रीय पर्वों के रूप में नवसंवत्सर को मनाने की भी परम्परा रही है।वैशाखी और चेटीचंद जयंती,बिहू आदि पर्व इसके उदाहरण हैं।भारतीय नववर्ष का ज्योतिषीय महत्व भी कम नही है।सूर्य,चन्द्रमा समेत तमाम ग्रहों और नक्षत्रों के द्वारा काल गणना की एक अलग पद्धति का विस्तार भी भारतीय नववर्ष निर्धारित करता है।भारतीय नवसंवत्सर हमारी भारतीयता की अनूठी थाती है।

# जेल जाकर भी दीपक की लौ नहीं पड़ेगी फीकी, भ्रष्टाचारी होगें एक दिन बेनकाब

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी


अनशन पर बैठे समाजसेवी दीपक पंडित को 15 दिन में कार्रवाई का भरोसा दिलाया तहसीलदार सुखबीर सिंह ने

एक पत्रकार ने एक भ्रष्टाचारी को बेनकाब करने के लिए उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया खबर चलाई आन लाइन शिकायत किया धरनें पर बैठा लेकिन बिजुआ ब्लॉक की संलिप्तता के कारण काफी लोगों की गर्दन फसती नज़र आ रही थी।सभी भ्रष्टाचारी एक हो गए पद का दुरुपयोग कर और सत्ता की हनक के दम पर सोची समझी रणनीति के तहत पत्रकार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर तत्काल अरेस्ट कराकर जेल भेज कर राहत की सांस ली जान बच गई हम सभी बच गए लेकिन पत्रकार जेल गया बाहर आएगा कुछ समय के लिए भ्रष्टाचारियों को जश्न मनाने का मौका मिला है लेकिन सदैव के लिए नहीं अपनी भ्रष्टाचार की फैली जड़ों से एक पत्रकार को जकड़ लिया है लेकिन पत्रकार जड़ों के चक्रव्यूह से बाहर निकल आएगा और अपनी बेगुनाही का सुबूत देगा और जमीन से आसमान पर चढ़कर नोटों से खेल रहा यह करोड़ों कहा से आए सब आएगा सामने पूरा मामला ब्लॉक बिजुआ में ठेका कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा द्वारा किये गये भ्रष्टाचार और ठेकेदारी के सम्बंध में कार्यवाही न होने से क्षुब्ध होकर भूख हड़ताल तक बैठने वाले पत्रकार दीपक पंडित ने 17 दिसम्बर 24 को एक शिकायती पत्र डाक रजिस्ट्री के माध्यम से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल तथा मंडलायुक्त लखनऊ मंडल, इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी लखनऊ मंडल को दिया था उसके बाद 21 दिसंबर 24 को पुनः शिकायती पत्र दिया जिसमें ये आरोप था कि बिजुआ ब्लॉक में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा जो कि पिछले दस वर्षों से अधिक समय से ब्लॉक में तैनात हैं और इन्होंने ब्लॉक की सर्वाधिक पंचायतों में ठेकेदारी करके इंटरलॉकिंग लगाई है जो कि इनको कतई अधिकार नहीं है। इंटरलॉकिंग भी गुणवत्ता विहीन लगाई गई है मनरेगा में पंचायतों की 60/40 रेसियो के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं जिसमें कई जेई और ग्राम विकास अधिकारी शामिल है।मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर पचासों हजार रुपये रोजाना सरकार को चूना लगाया जा रहा है मनरेगा में फर्जी हाजिरी यहां तैनात एपीओ अमर प्रसाद की देखरेख में हो रही है जनसुनवाई पर भी कई बार शिकायत की गई लेकिन चूंकि कमीशन में सभी लोग हिस्सेदार हैं तो फर्जी तरीके से आख्याओं को लगाया गया

- बेनकाब न हो जाए भ्रष्टचारी मामला खुलें न ब्लाक बिजुआ के बीडियो जेई ने संविदा कर्मी रामदीप वर्मा को बचाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया गया एफआईआर दर्ज करा कर जेल भिजवा दिया गया
- पत्रकार दीपक पंडित ने खबर के दौरान आन माइक कहा था कि उन्हें लाखों का लालच दिया गया, खीरी के कई सामाजिक संगठन दीपक पंडित की लड़ाई लड़ेंगे राज्यपाल से भ्रष्टाचार की होंगी शिकायत, कोर्ट से हस्तक्षेप कराकर सीबीआई जाँच की मांग कर सकते हैं

सरकार के इस भ्रष्ट तंत्र और मकड़जाल से परेशान होकर इस भ्रष्टाचार और इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध यदि 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं होती है तो 1 फरवरी 2025 से दीपक पंडित ने ब्लॉक बिजुआ प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठेगा कारवाई नहीं हुई बिजुआ ब्लॉक मे दीपक पंडित भूख हड़ताल पर बैठा जिसमें तहसीलदार सुखबीर सिंह गोला ने 15 दिनों का समय लेकर कारवाई का झूठा आश्वासन देकर भूख हड़ताल खत्म कर दिया हुआ जो सबके सामने है।इतना बड़ा भ्रष्टाचार अगर उजागर होता तो विभागीय अधिकारियों के साथ सफेद पोश भी बेनकाब होते इससे अच्छा है पत्रकार को जेल भेज दो एफआईआर दर्ज कर दो अगर मौजूदा धारा में जमानत आसानी से मिल जाए तो विवेचना में धारा बदल दो जमानत न हो हर हथकंड़े अपनाएं गये नहीं बुझेगी इस दीपक की लौ।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन हुआ कलश स्थापना, निकली भव्य कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी



क्षेत्र चैत्र नवरात्र हर्सोल्लास के साथ प्रारम्भ हुआ। चैत्र नवरात्र के प्रतिपदा के दिन रविवार से विभिन्न स्थानों में देवी की प्रतिमा और कलश स्थापित कर आराधना की जा रही है। चैत्र के नवरात्र में होने दुर्गोत्सव को लेकर सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।शतचण्डी महायज्ञ को लेकर सिंगहा, सिंगाही आदि जगाहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा व कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।ग्राम सिंगहा खुर्द में रविवार को ग्राम के भक्तजनों के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ ही शतचंडी महायज्ञ का प्रारंभ हो गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रद्धालुगण सरयू नदी से जलभरकर यज्ञ स्थल पहुंचे यज्ञ 30 मार्च से प्रारम्भ होकर 8 अप्रैल को पूर्णाहुति होकर समाप्त होगी। जिसमे दिन में रामलीला और रात में कृष्णलीला का मंचन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। ग्राम सिंगहा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई।रविवार को करीब 10 बजे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बालिकायें, बालक व पुरुष भक्त जनों ने भाग लिया।

यह यात्रा गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए सरयू नदी तक पहुंची।

श्रद्धालुओं ने घाट पर कलश में जल भरा।जल भरकर श्रद्धालु गण यज्ञ स्थल पहुंचे।

यज्ञ स्थल में कलश स्थापना की गई। धौराहरा रामवटी से आये हुए मुख्य यज्ञाधीस तपशी बाबा व यज्ञाचार्य प्रयागदत्त शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक पंडित प्रतिदिन शतचण्डी पाठ और हवन करेंगे।

मुख्य यजमान यशोदानंदन मिश्रा होंगे। शाम को प्रवचन का कार्यक्रम होगा। प्रवचन के साथ साथ वृन्दावन से आये लोगों द्वारा दिन में रामलीला व रात में कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम के समस्त लोग शामिल हुए जिसमें प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, मुनीश प्रसाद शुक्ल, राम मोहन दीक्षित, दीपक गुप्ता, दामोदर मौर्य, कोषाध्यक्ष रामप्रीत गुप्ता, राम कैलाश सोनी, संकटा प्रसाद मौर्य, राज शर्मा, केसराम वर्मा मास्टर, इंद्र बहादुर गुप्ता, सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने ग्राम व क्षेत्र के समस्त भक्त जनों से प्रतिदिन यज्ञ में आने और पूजन अर्चन में भाग लेने की अपील की है।

# नेपाल यात्रियों को ले जा रही कार का हुआ एक्सीडेंट, आई गंभीर चोटे

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां मैलानी खीरी



इंडो नेपाल के गौरीफंटा बार्डर पर करीब दर्जनों की संख्या में चल रही लग्जरी करें यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं चंद पैसों की लालच में हो रहे सवारियों को मौत के काल में ढकेलने का काम कर रहे हैं। जी हां आपको बता दें की गौरीफंटा बॉर्डर से पुलिस की मिली-भगत के चलते दलालों के संरक्षण में करीब दो दर्जन से अधिक ऐसे वाहन चलाए जा रहे हैं जिन्हें ना तो गाड़ियों का अनुभव है और ना ही शासन प्रशासन का इसमें डर दिखाई देता है यही कारण है की नेपाली सवारी की होड़ में यह लोग यात्रियों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं कई बार इस विषय पलिया क्षेत्रकारी से लेकर जिले के आरटीओ विभाग तक बैठक कर डग्गामार वाहनों को लेकर चर्चाएं की गई और इस पर लगाम लगाने के लिए कई प्रयास भी किए गए पर असफल साबित हुए। जिसकी वजह से आज करीब सैकड़ो की संख्या में बॉर्डर से संचालित हो रही लग्जरी कार यात्रियों की जिंदगियो से खिलवाड़ कर अपनी अपनी जेभे भर रहे हैं।यही हाल तब देखने को मिला जब गौरीफंटा से एक लग्जरी कार नेपाली यात्रियों को भरकर जैसे ही भीरा मैलानी जंगल क्रॉस किया तभी अनियंत्रित होते हुए गहरे गड्ढे में गिर गई जिससे बैठी तमाम नेपाली यात्रिय गंभीर घायल हो गए वहीं आस पास के निवासियों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से गौरीफंटा बॉर्डर से संचालित डग्गामार वाहनो में नेपाली सवारी की होड़ मची हुई है और चंद पैसों की लालच में एवं सीमावर्ती तैनात पुलिस के संरक्षण में यह डग्गामार वाहन धड़ले से चलाए जा रहे हैं इन्हें ना तो योगी सरकार के फरमान का डर है और ना ही किसी की जान जाने की फिक्र बस चंद पैसे दो और जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए डग्गामार वाहन चलाओ आए दिन हादसों से जिले का परिवाहन विभाग भी आंखों पर पट्टी बांधते हुए परमिट बांट रहा है अब देखना होगा की संचालित हो रही तमाम अवैध वाहनों पर कार्रवाई होती है या फिर नजराना लेकर इस धंधे को बढ़ावा देने का काम किया जाता है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

# विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत, परिजन शव छोड़ हुए रफूचक्कर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव हजनपुर निवासी एक 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोग शव घर में छोड़कर भाग निकले। सूचना पर मायके पक्ष के लोग जब मौके पर पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा मिला। मायके वालों ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना मैलानी क्षेत्र के गांव दुलारेपुर निवासी दाताराम ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री राजेश्वरी (21) की शादी थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव हजनपुर निवासी नैमिष के साथ करीब 11 माह पहले की थी। बेटी को दान दहेज भी दिया था, लेकिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उनकी बेटी राजेशवरी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। लोकलाज के चलते दो बार सुलह समझौता भी हुआ था। मृतका के भाई प्रदीप ने बताया कि शादी में बिना सेल्फ वाली बाइक दहेज में दी थी, जबकि नैमिष सेल्फ से चलने वाली बाइक मांग रहे थे। मांग न पूरी होने पर उनकी बहन को मार दिया गया। घटना की जानकारी उनको शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे मिली।जब हजनपुर पहुंचे तो बहन का शव जमीन पर पड़ा था। मौके पर पुलिस मौजूद थी, लेकिन ससुराली पक्ष का एक भी व्यक्ति मौके पर नहीं था। सभी घर छोड़कर भाग गए थे।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि महिला का शव फंदे पर लटका मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक को गाली देने से मना करना पड़ा भारी, चाकू मारकर किया घायल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शराब पीकर गाली गलौज करने का विरोध करने पर शहर के मोहल्ला सुआगाड़ा निवासी मुकरम की हमलावरों ने पिटाई कर दी। उसे चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। शहर के सुआगाडा निवासी मुकरम ने बताया कि वह मोहल्ले में स्थित भोले नाथ मंदिर के पास मोहल्ले का ही राज कुमार और उसका भाई पुरानी चली आ रही रंजिश को लेकर उसे गाली दे रहा था। इस पर दोनों भड़क गए और उसे पकड़कर पहले जमकर पीटा। बाद में चाकू से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। शोर शराबा होने पर परिवार वाले और मोहल्ले के तमाम लोग मौके पर आ गए।घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि जांच जेल गेट चौकी इंचार्ज को सौंपी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# श्रद्धालुओं की ट्राली पलटने से एक की मौत, करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल



जन एक्सप्रेस। सिगाही खीरी

पड़ोषी राष्ट्र नेपाल मे बेहडा बाबा मेला देखने गये मेलार्थियो की सडंक हादसे मे ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से श्रद्धालु ट्राली के नीचे आ गए जिसकी वजह से 11 वर्षी बच्चे की मौत व एक दर्जन लोग घायल हो गए। सड़क हादसे में घायल हुए लोगों को नेपाल के कैलाली जिले के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लिया है। भारत देश के जिला लखीमपुर खीरी के सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम सिगहा कला से बीते शुक्रवार को एक ट्रैक्टर ट्राली में दर्जनों श्रद्धालु सवार होकर नेपाल जिले के कैलाली में स्थित बेहड़ा बाबा शिव मंदिर में मेला देखने के लिए गए थे वापस आते समय नेपाल देश के कैलाली जिले के हसुलिया थाना क्षेत्र में धनगढ़ी नेपाल नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर एक टेंपो को ओवरटेक करते समय पलट गया ट्रैक्टर ट्राली पलट कर एक बडी खाई मे जाकर कर गिर गया ट्रैक्टर ट्राली में दर्जनों लोग महिला व पुरुष जिसमें आयुष वर्मा उम्र 11 वर्ष निवासी सिगहा कला की घटना स्थल पर ही म्रत्यु हो गयी, अरविंद कुमार वर्मा सरवन कुमार रौतेला भगवान दिन शाक्य सुंदर कुमार शाक्य सत्यराम शाक्य राम बहादुर कनौजिया गीता देवी कनौजिया आज करीब एक दर्जन लोग ट्राली के नीचे दबने की वजह से घायल हो गए सड़क हादसे की सूचना मिलते ही नेपाल हसुलिया थाने में तैनात नेपाल पुलिस के हसुलिया थाना प्रभारी दिग्विजय राठी ने नेपाली पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दर्द से करह रहे मेलार्थियों को उठाकर सरकारी नेपाली एंबुलेंस से कैलाली जिले के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# बोरे में बंद मिला अज्ञात महिला का शव, शरीर पर चोट के गहरे घाव




जन एक्सप्रेस। सीतापुर

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के सेथराम गांव के पास एक बोरे में महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला के शव पर गहरे घाव थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सेथराम गांव के पास चकरोड किनारे एक बोरा पड़ा मिला। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब बोरे के पास कुछ कुत्तों को मंडराते देखा तो उन्हें शक हुआ। पास जाकर देखा तो अंदर से बदबू आ रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बोरा खोला तो अंदर 55 वर्षीय महिला का शव मिला, जिसके गर्दन और शरीर पर कई घाव थे। घटना की जानकारी मिलते ही महमूदाबाद क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव और रामपुर मथुरा थानाध्यक्ष कृष्ण नंदन तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि महिला की गर्दन पर गहरे घाव हैं, जो किसी चोट या वार के निशान हो सकते हैं। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और पहचान के लिए ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। हाल फिलहाल पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं शव को बाहर से लाकर यहां फेंका तो नहीं गया।

# प्रधानमंत्री करते हैं देश के मन की बात: अचिन मेहरोत्रा



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड में देशवासियों को कई अहम संदेश दिए। इस दौरान भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर मंडल 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर कार्यक्रम को सुना। आचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की चुनौतियों को लेकर देश के पर्यावरण पर भी ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र को लेकर शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी बच्चों से गर्मी की छुट्टियों में नई चीजें सीखने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संदेश में गर्मी के दौरान जल संरक्षण को लेकर खास अपील की और कर्नाटक के गांव का उदाहरण भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव गांव पानी बचाने की तैयारी शुरु हो जाती है। अनेक राज्यों में जल संरक्षण से जुड़े कामों ने तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय, अलग-अलग वॉलेंटियर्स और उनकी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। देश में हजारों आर्टिफीशियल तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज का निर्माण किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जल संरक्षण के मामले में कर्नाटक के गडग जिले के लोगों ने मिसाल कायम की है। कुछ साल पहले यहां दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं थी। एक समय ऐसा भी आया, जब वहां पशुओं के पीने तक के लिए पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए। जहां चाह है वहां राह है। प्रधानमंत्री ने महुआ के फूल का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हर साल की तरह ही इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता जनार्दन का है। पीएम मोदी ने कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा है कि पिछले 7-8 साल में नए बने टैंक, तालाब और अन्य वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण किया गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लोगों से अपील की, कि वो तेज गर्मी में अपने आस-पास मौजूद पक्षियों का भी ख्याल रखे और उन्हें पानी पिलाएं।इस मौके पर अनुराग, महेंद्र, दिनेश कुमार, रितेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुरेश, सौरभ और रमाकांत चौधरी की संपादित पुस्तक 'बच्चों के सुपरमैन' का विमोचन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पुष्पांजलि जन सेवा समिति तथा परिवर्तन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज नगर पालिका सभागार में सुरेश सौरभ और रमाकांत चौधरी की संपादित पुस्तक बच्चों के सुपरमैन का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ.द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, कार्यक्रम अध्यक्ष जोगिंदर सिंह चावला, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री डॉ.मृदुला शुक्ला मृदु, वरिष्ठ कवि ने नंदी लाल ने किया। युवा रचनाकार अखिलेश कुमार अरुण ने कहा बच्चों की सुपरमैन की रचनाएँ पढ़कर बच्चे जागृत होंगे और अपने भारतीय सुपरमैन डॉ.भीमराव अंबेडकर, विवेकानंद, प्रेमचंद, सावित्रीबाई फुले जैसे महान लोगों के बारे में इस पुस्तक में बाल कविताओं के माध्यम से जानेंगे। संचालन कर रहे हरगांव सीतापुर के विनोद शर्मा सागर ने कहा बच्चों के सुपरमैन बच्चों के लिये बहुपयोगी पुस्तक है।

शायर कवि विकास सहाय ने कहा सुरेश सौरभ की रचना धर्मिता नित नवाचार की ओर उन्मुख होती रही है। अमीर नगर गोला के वीरेश गुप्ता गुलशन ने माता पिता पर कविता सुनाकर सबको भाव-विभोर कर दिया। पवन तारा, श्याम किशोर बेचैन, अनुराग पटेल, अमन पाण्डेय, डॉ.मृदुला शुक्ला, डॉ द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, बेबी आराध्या, आरोही, ने कविता पाठ किया। सुरेश सौरभ ने अपनी गद्य रचना बड़े साहब का दुख का वाचन किया। संयोजक सत्य प्रकाश शिक्षक, आर्य कन्या कन्या डिग्री कॉलेज की प्राध्यापिका वीना चौरसिया, राखी चौहान, नीरज श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सहित तमाम लोग संगोष्ठी में उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड से चंद कदम की दूरी पर वैल्यू प्लस इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



शहर के स्टेशन रोड पर स्थित वैल्यू प्लस स्टोर बिल्डिंग में आज सुबह करीब दस बजे भीषण आग लग गई। जिससे चारो तरफ अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और शोरूम धू-धू कर जलने लगा। जानकारी पाते ही मौके पर दमकल गाड़ियां मौके पर जा पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखो का सामान जलकर राख हो गया है। खबर लिखे जाने तक नुकसान के कीमत की जानकारी नही हो सकी थी। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टॉप के निकट की है। यहां पर वैल्यू प्लस स्टोर करीब चार मंजिला बना हुआ है। जिसमें शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग की जानकारी तब हो पाई जब लपटें शीशा तोड़ कर बाहर निकलने लगी। इस दौरान सबसे नीचे दुकान पर सभी कर्मचारी सामान बाहर निकालने में लगे हुए थी। जब उन लोगों की नजर ऊपर की ओर निकलती हुई लपटों पर पर पड़ी तो वहां अफरा-तफरी मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान ऊपर से जलता हुआ कुछ सामान नीचे आकर गिरा। जिससे कर्मचारी और भी भयभीत हो उठे। वह सभी लोग बाहर निकल आए और इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। घटना का कारण छत पर लगे आउटडोर एसी में शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## कार सवारों ने दरिंदगी के बाद महिला को मारी गोली

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली में तीन सौ बेड अस्पताल रोड से कार में बैठाकर ले जाई गई महिला को गांधी उद्यान के पास गोली मारने के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़िता ने चारों लोगों पर दुष्कर्म कर गोली मारने का आरोप लगाया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित महिला वही है, जिसने बीते साल मेयर उमेश गौतम पर दुष्कर्म की रिपोर्ट कराई थी। हालांकि नाटकीय घटनाक्रम के तहत बाद में महिला ने मेयर को क्लीनचिट दे दी थी, तब कोतवाली पुलिस ने भी मामला खत्म कर दिया था। अब महिला ने फिर अज्ञात लोगों पर आरोप लगकर सनसनी फैला दी है। उसने बताया है कि शनिवार को तीन सौ बेड अस्पताल के पास से जाते वक्त काले रंग की कार में बैठे हुए लोगों ने उसे रोका। कार में बैठाकर बातचीत करते और घुमाते रहे। गांधी उद्यान के पास उसे गोली मार दी। महिला ने इन लोगों पर दुष्कर्म का भी आरोप लगाया। महिला ने अभी तक किसी आरोपी का नाम भी नहीं बताया है। रात से अब तक वह अपना नाम भी गलत बता रही थी। कार और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगी हैं। मथुरा निवासी पति से विवाद के बाद महिला कई साल से शहर में कमरा लेकर रह रही है। सोमवार रात करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि डूडा दफ्तर के पास एक महिला सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी है। कोतवाली पुलिस महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले गई। वहां उसके बयान दर्ज किए गए। कोतवाल अमित पांडेय के मुताबिक तब महिला ने बताया था कि वह अपने बच्चे की दवा लेने 300 बेड अस्पताल के पास मेडिकल स्टोर पर आई थी। वहां से पैदल ही जा रही था।

# गोरखपुर में मां–बेटी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

- चौरी चौरा के शिवपुर गांव में शनिवार की रात में हुई वारदात से मची सनसनी
- चार महीने पहले पूनम ने गांव के युवक पर लगाया था शोषण का आरोप, नहीं हुई थी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर।



गोरखपुर के चौरीचौरा में एक मां और बेटी की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को दहला दिया है। शनिवार देर रात 40 वर्षीय पूनम निषाद और उनकी 12 वर्षीय बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। क्रम छुड्डुदुड्डुडु ह्य2ह्य श्वस्न्नद्बह्लद्गस्न क्रम- ड्डह्वद्ग स्न्नद्बस्रड्डब्रु श्वस्न्नद्बह्लद्गस्न- स्न्नह्व. 30 स्नह्व 2025 10-32रू(ह्वस्न) चौरीचौरा के शिवपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार देर रात 40 वर्षीय पूनम निषाद और उनकी 12 वर्षीय बेटी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ चल रही है। महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है, चर्चा है कि गांव के एक उसकी नजदीकी थी, जिससे चार माह पहले विवाद होने पर मामला थाने पहुंचा था। इसी युवक पर हत्या करने का संदेह है। शनिवार रात करीब दो बजे अज्ञात हमलावर ने सीढ़ी के रास्ते घर में घुसकर पहले पूनम निषाद पर हमला किया और फिर उनकी बेटी को भी निशाना बनाया। हमले में पूनम निषाद की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्ची को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। गांव के लोगों की माने तो पूनम निषाद का गांव के ही एक युवक से विवाद था। चार महीने पहले उन्होंने उक्त युवक पर शारीरिक शोषण और समूह से रुपये निकालवाकर हड़पने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने उस समय आरोपित युवक को छोड़ दिया था। प्रारंभिक जांच में इसी युवक पर हत्या का संदेह जताया जा रहा है।घटना की सूचना पाकर मौके पर एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने कई अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। सर्विलांस और सीसी कैमरा फुटेज की मदद से भी गुत्थी सुलझाने की कोशिश चल रही है। इस घटना के बाद शिवपुर गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस स्वजनों, रिश्तेदारों और गांव के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि किसी भी सुराग तक पहुंचा जा सके। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। जल्द ही इस घटना की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

# एंबुलेंस और ट्रेलर की भीषण टक्कर, दो की मौत, सात घायल

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



उत्तर प्रदेश के बड़हलगंज में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। लखनऊ से मधुबन जा रही एक एंबुलेंस की एक ट्रेलर से टक्कर हो गई। हादसे में मधुबन के रहने वाले 40 वर्षीय लालबहादुर और 55 वर्षीय तारा देवी की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़हलगंज में राम-जानकी मार्ग पर गायघाट गांव के सामने रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। लखनऊ से मधुबन जा रही एंबुलेंस की एक ट्रेलर से टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को बड़हलगंज स्थित दुर्गावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से 22 वर्षीय स्वाति की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत शरीर लेकर लखनऊ से जा रहे थे मधुबन मऊ जिले के मधुबन कस्बे में रहने वाले सत्येंद्र प्रसाद अपने परिवार के साथ 75 वर्षीय पिता जगलाल प्रसाद का मृत शरीर लेकर लखनऊ से मधुबन जा रहे थे। बड़हलगंज के रास्ते मधुबन जा रहे थे। जब सुबह छह बजे एंबुलेंस जब गायघाट गांव के पास पहुंची, तभी बड़हलगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में मधुबन के रहने वाले 40 वर्षीय लालबहादुर और 55 वर्षीय तारा देवी की मृत्यु हो गई। मधुबन के रहने वाले 40 वर्षीय सत्येंद्र प्रसाद उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी, 22 वर्षीय बेटी स्वाति आठ वर्षीय पुत्र शौर्य, 10 वर्षीय बेटी सात्विक, अनीता राय पत्नी विनोद और बाराबंकी के रहने वाले एंबुलेंस चालक जहांगीर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया। एसडीएम प्रशांत वर्मा, सीओ मनोज कुमार पांडेय और नायब तहसीलदार जयप्रकाश अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के स्वजन को सूचना दे दी गई है। घायलों की स्थिति स्थिर है।

# 2027 तक बिछ जाएगी सहजनवां–बांसगांव के बीच रेल लाइन, बनेंगे 12 रेलवे स्टेशन

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

सहजनवां-बांसगांव के बीच रेल लाइन बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। यह रेल लाइन 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगी। इस रेल लाइन के बन जाने से गोरखपुर से वाराणसी छपरा प्रयागराज के लिए एक नया रेलमार्ग तैयार हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे को एक वैकल्पिक मार्ग भी मिल जाएगा। आने वाले दिनों में गोरखपुर ही नहीं पूर्वांचल के लोगों की राह भी आसान हो जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे की बहुप्रतीक्षित परियोजना सहजनवां- दोहरीघाट नई रेल लाइन तीन चरणों पूरी होगी। प्रथम चरण में सहजनवां से बांसगांव तक 32.95 किमी लंबी रेल लाइन वर्ष 2027 तक बिछ जाएगी। मिट्टी भराई, पुलिया निर्माण आदि के लिए टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। दूसरे चरण में बांसगांव से बड़हलगंज तक 36.80 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी। तीसरे व अंतिम चरण में बड़हलगंज से न्यू दोहरीघाट तक 11.42 किमी रेल लाइन बिछेगी। कुल 403.29 हेक्टेयर भूमि पर 81.17 किमी लंबी रेल लाइन बिछाने के लिए 1320 करोड़ का बजट स्वीकृत है। सहजनवां- दोहरीघाट नई रेल लाइन के लिए 112 गांवों की कुल 403.29 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें 57.19 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। शेष 346.1 हेक्टेयर भूमि की अधिग्रहण प्रक्रिया तेजी के साथ चल रही है। प्रथम चरण के लिए सहजनवां से बासगांव के बीच 44.37 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। शेष 103.29 हेक्टेयर भूमि के लिए रेलवे ने 20 ए और ई का प्रकाशन कर दिया है। दूसरे चरण के लिए बांसगांव से बड़हलगंज के बीच 185.78 हेक्टेयर भूमि में 16 हेक्टेयर का 20 ए और ई का प्रकाशन हो चुका है। शेष 74.78 हेक्टेयर भूमि के लिए 20 ए का प्रकाशन कर दिया है। तीसरे चरण के लिए बड़हलगंज से न्यू दोहरीघाट के बीच 12.82 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। शेष 30.03 हेक्टेयर भूमि के लिए 20 ए का प्रकाशन हुआ है। रेलवे के स्पेशल प्रोजेक्ट में शामिल होने के बाद नई रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण पूरी कर ली जाएगी। सहजनवां-दोहरीघाट रेल लाइन के बन जाने से गोरखपुर से वाराणसी, छपरा, प्रयागराज के लिए एक नया रेलमार्ग तैयार हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे को एक वैकल्पिक मार्ग भी मिल जाएगा। आने वाले दिनों में गोरखपुर ही नहीं पूर्वांचल के लोगों की राह भी आसान हो जाएगी।

# दुकान में तोड़फोड़ व मारने पीटने का आरोप

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

नगर पंचायत पनियरा में ब्लाक के सामने स्थित केयर क्लस फार्मा एंड क्लीनिक नामक दुकान में रविवार को दोपहर में कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ कर वहां बैठे एक युवक को बुरी तरह से मारा-पीटा। इस घटना से थोड़ी देर के लिए वहां अफरातफरी मच गई। पीड़ित दुकान मालिक ने मामले की एक लिखित तहरीर थाने पर दी है। इमामुद्दीन की तहरीर के अनुसार रविवार को वह दुकान पर अपने भतीजे को बैठा कर किसी काम से गये थे। मौका देखकर एक दर्जन से अधिक लोग दुकान में घुसे गलौज करते हुए घुस आये और तोड़फोड़ करते हुए उसके भतीजे को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना देख मौके पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। इस बावत प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# चैत्र नवरात्र के साथ महायज्ञ शुरु

## 501 कन्याओं व महिलाओं ने माथे पर लिया कलश, भक्तिमय हुआ कस्बा, कलाकारों द्वारा होगा रासलीला का मंचन

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज



हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र पावन अवसर तथा विश्व शांति जन कल्याण की कामना को लेकर ठूठीबारी कस्बे के राधा कुमारी इंटर कालेज के कंपाउंड में स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ शारदीय नवरात्र के पहले दिन से शुरु हुआ। आकर्षक झांकी और गाजे-बाजे के साथ यज्ञस्थल से भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। रविवार की सुबह करीब 11:30 बजे यज्ञाचार्य दिनेश द्विवेदी के मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा आकर्षक झांकी व देवी देवताओं के जयघोष और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इसमें 501 कन्याएं व महिलाए पीताम्बर वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए यज्ञ स्थल शांतिनगर से मेन रोड टैक्सी स्टैंड तिराहा से बाईपास सड़क व दुर्गा मंदिर होते हुए वापस यज्ञ स्थल में लाया गया। जहां वैदिक मंत्रों के साथ कलश की स्थापना की गई। यात्रा में शामिल भक्तों के जयकारे से कस्बा का वातावरण भक्तिमय हो गया। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के जवान कस्बे में जगह जगह तैनात भी रहे। समिति के संरक्षक राजेश सिंह ने बताया कि विगत छह वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ 30 मार्च से शुरु होकर 6 अप्रैल को तुलादान व दीपदान और 7 को समापन व 8 अप्रैल को विशाल भंडारा होना है। रात्रिकालीन में आदर्श रासलीला संस्थान वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन भी होगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अरुण निगम, मंत्री शिवशंकर कसौधन, डॉ0 सुरेश विश्वास, अमर निगम, विशाल रौनियार, अजय जयसवाल, चंद्रशेखर निगम, प्रमोद निगम, भवन निगम व सोनू कसौधन, अमर निगम, विजय कसौधन, विक्कव मद्धेशिया, सुरेंद्र निगम व ग्राम प्रधान अजीत कुमार, मनोज गौड, सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्र का हुआ शुभारंभ, गोरखपुर में भी मां के मंदिरों में उमड़ रही आस्था

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



चैत्र नवरात्र का पर्व बहुत ज्यादा शुभ माना जाता है। इस साल यह 30 मार्च यानी आज से शुरु हो रहा है। यह त्योहार गर्मियों की शुरुआत का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र का त्योहार मां दुर्गा और उनके नौ दिव्य अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नवरात्र का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित है। चैत्र नवरात्र का शुभारंभ रविवार को हो गया। प्रतिपदा तिथि में सुबह से ही माता के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु माता शैलपुत्री को नारियल चुनरी अर्पण कर रहे हैं। गोलघर स्थित काली मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु पंक्ति में खड़े होकर जय माता दी की जयकारों के साथ अपनी बारी और मां का दर्शन पूजन कर रहे हैं। मंदिर के बाहर धूप कपूर जलाकर माता से मनोकामना पूर्ति की कामना कर रहे हैं। मंदिर में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन लगी है। पूजार्चना का सिलसिला पूरे दिन चलता रहेगा। चैत्र नवरात्र का पर्व बहुत ज्यादा शुभ माना जाता है। इस साल यह 30 मार्च यानी आज से शुरु हो रहा है। यह त्योहार गर्मियों की शुरुआत का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र का त्योहार मां दुर्गा और उनके नौ दिव्य अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नवरात्र का पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित है। इसके साथ ही इसी दिन घटस्थापना भी किया जाता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा की उपासना सच्ची भक्ति के साथ करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है।

# रेलवे लाइन से जुड़ेगी महापरिनिर्वाण स्थली

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर रेलवे ट्रैक से जुड़ेगी। देश में विरासत संरक्षण, संवर्धन और विकास का कालखंड चल रहा है। इसमें कुशीनगर अछूता नहीं रहेगा। बुद्धिस्ट सर्किट में कुशीनगर पवित्र व पूजनीय तीर्थ स्थल है। ये बातें रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के एडीशनल मेंबर (कार्य) राजेश अग्रवाल ने कही। वे शनिवार को कुशीनगर भ्रमण पर आए थे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर को रेल परिपथ से जोड़ने के सर्वेक्षण का काम पूरा है। इसके रेल परिपथ से जुड़ने से संबंधित हर तरह के तथ्यों व बिंदुओं की जानकारी मुकम्मल की जा रही है। मौजूदा समय में चल रहे विरासत संरक्षण काल में किसी तरह की कोई कमी नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी परियोजना के लिए वित्त की कमी का कोई मामला नहीं है। परियोजनाएं क्रमिक ही आगे बढ़ती हैं। रेलवे की पटरी व ट्रैक से जुड़ेगा, कुछ और समय लग सकता है। इसके पूर्व मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी 6.1 मीटर लंबी प्रतिमा का दर्शन किया।

# गोरखपुर में माफिया के भाई के इशारे पर प्रापर्टी डीलर के घर चली गोली, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में प्रापर्टी डीलर के घर गोली चलाने के मुख्य आरोपी गौरव पांडेय ने पुलिस कस्टडी रिमांड में बड़ा खुलासा किया है। उसने माफिया विनोद उपाध्याय के भाई संजय उपाध्याय के कहने पर फायरिंग की थी। पुलिस ने संजय की तलाश तेज कर दी है। इस मामले में कई अन्य आरोपी भी शामिल हैं जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। शाहपुर में प्रापर्टी डीलर के घर चढ़कर गोली चलाने के मुख्य आरोपित गौरव पांडेय ने पुलिस कस्टडी रिमांड में बड़ा पर्दाफाश किया है। शनिवार को शाहपुर थाने में सात घंटे चली पूछताछ के दौरान गौरव ने बताया कि उसने माफिया विनोद उपाध्याय के भाई संजय उपाध्याय के कहने पर फायरिंग की थी। घटना में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन संजय उपाध्याय के पास है। पुलिस ने अब संजय की तलाश तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद ही संजय उपाध्याय और अन्य आरोपितों पर रंगदारी और गोली चलाने का केस दर्ज किया गया था। पहले भी संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, लेकिन साक्ष्य के अभाव में छोड़ दिया गया। अब गौरव के बयान के बाद संजय की भूमिका पर फिर से जांच शुरू कर दी गई है। पूर्व में भी संजय उपाध्याय की भूमिका कई आपराधिक घटना में सामने आई थी। बसपा सरकार में कौवा बाग चौकी में चढ़कर पुलिसकर्मियों से विवाद करने पर संजय और विनोद उपाध्याय विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद बसपा ने विनोद को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पुलिस को लगातार चकमा देने वाले गौरव पांडेय ने दीवानी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश देती रही, लेकिन वह फरार रहा। गौरव लंबे समय तक विनोद उपाध्याय के साथ भी रहता था। 18 फरवरी को आरोपित के साथी अंकित पासवान ने श्रीरामपुरम कालोनी में रहने वाले प्रापर्टी डीलर अंकु शुक्ल को डराने के लिए खुद को माफिया विनोद उपाध्याय का भाई बताकर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। 19 फरवरी को जावेद नामक व्यक्ति के फोन कर धमकी दी। जब बात नहीं बनी, तो 23 फरवरी को अंकिका पासवान और गौरव पांडेय ने अंकु शुक्ल के घर जाकर फायरिंग करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। न्यायालय की अनुमति पर गौरव पांडेय को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई जिसमें कई अहम सुराग मिले।संजय उपाध्याय के भूमिका की दोबारा जांच की जा रही है। इसके अलावा जिन लोगों ने गौरव को शरण दी, उन पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

# सलेमपुर में मुख्य मार्ग से गलियों तक अतिक्रमण से आवागमन दुश्वार

जन एक्सप्रेस | देवरिया



नगर की सड़कें अतिक्रमण से सिकुड़ गई हैं। गाड़ियों के चलने के लिए जगह कम जगह बची है। नगर का मुख्य मार्ग हो या गली, हर जगह अतिक्रमण का बोलबाला है। नगर के मुख्य मार्ग पर व्यापारियों ने नालियों पर पटिया डालकर उस पर दुकान सजा रखे हैं। नवरात्र और ईद के साथ अगले माह से शादी समारोह के कार्यक्रम शुरू जाएंगे। ऐसे में रहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शहर की सड़कें चौड़ी कर दी गई हैं, मगर वाहनों को आने-जाने के लिए आज भी उतनी जगह मिलती है, जितनी पहले थी। खरीदारी करने पहुंचे लोग भी वाहन दुकान के सामने खड़ा करते हैं। इससे सड़कें संकरी हो जाती हैं। विरोध करने पर दुकानदार विवाद करने को तैयार हो जाते हैं। नगर पंचायत कर्मी भी अतिक्रमण के कारण नालियों की सफाई नहीं कर पाते हैं। लिहाजा कई जगहों पर नालियां जाम हैं। इससे निजात दिलाने के लिए एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क की दोनों पटरियों को चिह्नित कर पीली पट्टी लगाने के निर्देश दिए थे। नगर पंचायत ने मुख्य मार्ग पर पीली पट्टी तो लगवा खानापूरी कर ली, मगर दुकानें अब भी सज रही हैं।


# जेसीबी से मिट्टी खनन करते हुए वनविभाग ने पकडा

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

**जनपद के मधवलियां रेंज अंतर्गत तरहवां जंगल के समीप एक जेसीबी मशीन से मिट्टी खनन करते हुए वनविभाग के कर्मचारियों ने पकड़ लिया और जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर बसौली कोठी लाकर कार्यवाही में जुट गये। इस संबंध में रेंजर अजीत कुमार ने बताया की तरहवां जंगल के समीप जेसीबी मशीन से मिट्टी खनन करते समय चौक थाना क्षेत्र के टीकर परसौनी निवासी अख्तर के जेसीबी को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है।**

# गोरखपुर में बोले प्रो. भार्गव, 'आयुर्वेद और बायोटेक्नोलॉजी से चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहा वैश्विक नवाचार'

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




प्रो. भार्गव ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारत ने अन्न उत्पादन, दूध उत्पादन, आईटी, मोबाइल, हेल्थकेयर और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। अब बारी जैव प्रौद्योगिकी एवं आयुर्वेद को नई ऊंचाई पर ले जाने की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोविड 19 के प्रकोप के दौरान भारत ने इंडीजिनस वैक्सीन बनाकर दुनिया की स्वास्थ्य सेवा को संजीवनी दी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के तत्वावधान में सोसाइटी फॉर बायोटेक्नोलॉजिस्ट इंडिया (एसबीटीआई) के सहयोग से %आयुर्वेद एवं बायोमेडिकल विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग% विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक और राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जबकि अध्यक्षता यूपी के मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व चेयरमैन प्रो डीपी सिंह ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. भार्गव ने कहा कि आयुर्वेद और बायोटेक्नोलॉजी से चिकित्सा के क्षेत्र में वैश्विक नवाचार हो रहा है। आयुर्वेद की प्राचीन वैदिक चिकित्सा पद्धति और जैव चिकित्सा के समन्वय से स्वास्थ्य सेवा समृद्ध और सशक्त हो रहा है। इससे मानवता के लिए एक उज्जवल भविष्य का मार्गदर्शन प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के विकास में जैव प्रौद्योगिकी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। जैव प्रौद्योगिकी ने न केवल स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, बल्कि आयुर्वेद में भी इसके अनुप्रयोग ने नई संभावनाओं का द्वार खोला है। आयुर्वेद जीवन और स्वास्थ्य के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है, अपनी जड़ों से जुड़े हुए प्राकृतिक उपचारों को महत्वपूर्ण मानता है। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी, जीवों और उनके घटकों का उपयोग करके विभिन्न चिकित्सा उत्पादों का विकास करती है। प्रो. भार्गव ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारत ने अन्न उत्पादन, दूध उत्पादन, आईटी, मोबाइल, हेल्थकेयर और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। अब बारी जैव प्रौद्योगिकी एवं आयुर्वेद को नई ऊंचाई पर ले जाने की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोविड 19 के प्रकोप के दौरान भारत ने इंडीजिनस वैक्सीन बनाकर दुनिया की स्वास्थ्य सेवा को संजीवनी दी।

# ईद-उल-फितर के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में रविवार को इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र त्यौहार ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, में ''ईद उल-फितर'' के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने बताया कि ईद उल-फितर मुसलमान भाई रमजान उल मुबारक के एक महीने के बाद एक मज़हबी खुशी का त्योहार मनाते है। जिसे ईद उल फित्र कहा जाता है। ये यक्म शव्वाल अल मुकर्रम्म को मनाया जाता है । ईद उल फ़ितर इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इस्लामी कैलंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमान भाइयों का त्योहार 'ईद' मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस मे मिल के मनाते है और खुदा से सुख शांति और बरक्कत के लिए दुआंए मांगते है। ईद का पर्व खुशियों का त्योहार है, वैसे तो यह मुख्य रूप से इस्लाम धर्म का त्योहार है परंतु आज इस त्योहार को लगभग सभी धर्मो के लोग मिल जुल कर मनाते है। इस पर्व से पहले शुरू होने वाले रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह रोजा (व्रत) रखते है। रमजान महीने मे मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि इससे अल्लाह प्रसन्न होते है। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है। विद्यालय में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम कराया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, ईद मिलन समारोह, कला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सांस्कृति कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य (गीत-मांगे ईदी कहेंगे ये हम प्यारी अम्मी प्यारे अब्बू ईद मुबारक) नामक गीत में आशी, मरियम, हलाता, नितिका, श्रृष्टि, आव्या, सौम्या, अमन, प्रथमेश, एस0के0 सौर्य एवं सिद्धार्थ ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। समूह गायन-(मुबारक ईद मुबारक) नामक गीत में अमन, प्रथमेश, एस0के0सौर्य एवं सिद्धार्थ ने मनमोहक गायन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कला के अन्तर्गत कक्षा-2 से कक्षा-6 तक के छात्र-छात्राओं में रिया, श्रेया, आकांक्षा, दृश्या, एसा0के0सौर्य, आराध्या, सिद्धार्थ, सर्वेश, दक्षेस, शसांक, आशी, आव्या, हलाता आदि बच्चों ने बहुत ही सुन्दर-सुन्दर चार्ट बनाकर कलाकृति का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं में अविशी मलिक, अक्षत श्रीवास्तव, प्रज्ञा पाण्डेय, विशाल तिवारी एवं आदित्य श्रीवास्तव ने अपना-अपना विचार ईद उल-फितर के बारे में प्रस्तुत किया। साथ ही इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं को टाफियां देकर उनका उत्साहवर्धन किया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने सभी अध्यापक अध्यापिकाओं, छात्र-छात्राओं तथा समस्त कर्मचारियों, अभिभावकों एवं नगर वासियों को ईद उल-फितर की मुबारक बाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षकों ने उपस्थित होकर ''ईद उल-फितर'' को मनाया।

# अंक पत्र वितरण एवं अभिभावक सम्मेलन का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर




जनपद के बाबा बद्री आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय बसहियां गंगासागर रामनगर में रविवार को अंकपत्र वितरण एवं अभिभावक सम्मेलन समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में आलापुर के समाजसेवी रमेश मौर्य रहे।कार्यक्रम के आयोजक रामरतन निराला व संचालन प्रधानाचार्य उमेश चंद ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के साथ विद्यालय के प्रबंधक , एवं प्रधानाचार्य ने महापुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किए।बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत व कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिया। मुख्य अतिथि नीरज मौर्य ने बच्चों को उपहारस्वरूप सैकड़ों पौधे भेंट कर बच्चों को पर्यावरण के साथ साथ शिक्षा के प्रति जागरूक किए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश मौर्य ने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए,मेधावी छात्रों को मंगलकामनाएं दी व उपस्थिति बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि नीरज मौर्य व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश मौर्य और प्रबंधक रामरतन निराला व कक्षा अध्यापकों ने मिलकर मेधावी बच्चों कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को मेडल,अंकपत्र व पौधा भेट कर सम्मानित किया गया,समाजसेवियों के सामाजिक कार्य को लेकर विद्यालय के प्रबंधक ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के,सहायक अध्यापक रामदुलार,सुनील कुमार,शिवबूझ,गोमती प्रसाद व सहायक अध्यापिका पुनीता,सीमा,एकता,साधना,वंदना,कंचन,मंजू,प्रियंका,कलावती (परिचारिका) व अभिभावक गण मौजूद रहे..!!

# श्रवण क्षेत्र धाम में हो रहे विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने परखी हकीकत

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर श्रवण क्षेत्र धाम में स्थापित प्रभु श्री राम की भव्य प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की पूजा अर्चना तथा प्रसाद का किया वितरण। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा श्रवण क्षेत्र धाम में किए जा रहे हैं पर्यटन विकास कार्यों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रवण क्षेत्र धाम में भगवान शंकर की प्रतिमा के बगल भगवान हनुमान की प्रतिमा की स्थापना हेतु किए जा रहे फाउंडेशन वर्क एवं स्ट्रीट लाइट आदि के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को स्ट्रीट लाइट को लगाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा समस्त कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही उन्होंने श्रवण क्षेत्र धाम में स्थित तालाब की साफ सफाई एवं उसके जीर्णोद्धार के कार्य को भी कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा श्रवण घाट का निरीक्षण किया गया तथा श्रवण घाट पर निरंतर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु नलकूप मय पंप हाउस/गार्ड रूम लगाने तथा नदी में जल को रोकने हेतु आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण श्रवण क्षेत्र धाम परिसर में निरंतर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शक्तिपीठ देवीपाटन पर नवरात्र के प्रथम दिन से ही जुटने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन में नवरात्र के प्रथम दिन भक्तो ने मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा किया। भक्तो की भीड़ सुबह से ही लाइन में लगकर माता पाटेश्वरी के दर्शन कर माता चरणों में शीश झुकाकर मनोकामना पूर्ण होने आशीर्वाद माँगा।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को शक्ति पीठ देवीपाटन मंदिर में भक्तों की भीड़ पहले दिन मां पाटेश्वरी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के दर्शन के लिए भक्त लाइन में लग कर माँ पाटेश्वरी का दर्शन पाने के लिए प्रतीक्षा करते दिखे। श्रद्धालुओं के जय माता दी के जयकारों से मंदिर का पूरा परिसर भक्तिमय हो रहा था। भक्तों ने मां पाटेश्वरी के चरणों में माथा झुकाया तथा माँ को नारियल चुनरी का प्रसाद चढ़ाकर मंदिर में स्थापित नवों देवी की परिक्रमा करते हुए नारियल का प्रसाद नियत स्थान पर फोड़कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना मां पाटेश्वरी से किया। देवीपाटन मंदिर पुरोहित पंडित मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि माता पाटेश्वरी के शैलपुत्री स्वरूप कि आराधना करने से भक्तों की हर इच्छित मनोकामना पूर्ण होती है। माँ के इस स्वरुप की आराधना से धन धान्य पुत्र प्राप्ति सहित अनेक मनोरथ पूरे होते हैं। दूर-दराज से आए हुए भक्तों को कोई असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान मंदिर प्रशासन की तरफ से रखा जा रहा है।

# नव वर्ष के अवसर पर आर्य वीर दल ने निकाली शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को बसंतीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रतिपदा तिथि को भारतीय नववर्ष के अवसर पर आर्य वीर दल द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को आर्य समाज के स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर आर्य वीर दल दल ने नव वर्ष 1,96,08,53,126 के स्वागत में 16 मार्च से ओम भवन बलरामपुर में नव वर्ष उत्सव यज्ञ तथा 23 मार्च से ऋग्वेद पारायण यज्ञ का शुभारंभ किया और नव वर्ष अर्थात चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर विशाल शोभायात्रा निकाला । शोभा यात्रा में गुरुकुल श्रावस्ती में आर्य वीर दल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों सहित लगभग डेढ़ सौ आर्य वीरों ने भाग लिया । कार्यक्रम संयोजक आज वीर दल के अशोक आर्य ने बताया कि शोभायात्रा में उत्तर प्रदेश के सभी जनपद से भारी संख्या में आर्यवीर आने वाले थे, लेकिन ईद के कारण प्रशासन ने मात्र डेढ़ सौ लोगों को ही भाग लेने की अनुमति दिया । आर्य वीर अपने शरीर पर ईश्वर का मुख्य नाम ओम, भगवान राम, भगवान कृष्ण, महर्षि दयानंद और भूमंडल पर फहराता हुआ ओम ध्वज अंकित विशेष टी-शर्ट धारण करके नव वर्ष की जय घोष लगाते हुए विधायक कैलाश नाथ शुक्ला के आवास के पास नगर में प्रवेश किये । सचल यज्ञशाला शोभायात्रा के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा । यज्ञ शाला में वेद वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल धनपतगंज सुल्तानपुर के ब्रह्मचारी ऋग्वेद के मंन्त्रों से लगातार आहुति दे रहे थे । अखिलेश आचार्य मेधावी प्रमुख रथ पर विराजमान थे । शोभा यात्रा का जहां विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, पतंजलि योग समिति बलरामपुर के मुखिया अजय कुमार मिश्रा तथा राजेश कुमार मिश्रा सहित 71 क्षेत्र के ब्राह्मणों ने पुष्प वर्षा तथा सूक्ष्म जलपान कराकर स्वागत किया । वहीं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने काली थान चौराहा पर आर्य वीरों के ऊपर पुष्प वर्षा करके तथा भोजन कराकर स्वागत किया । शोभा यात्रा का समापन बलिदानी पार्क बलरामपुर में आर्य वीरों के शौर्य प्रदर्शन के साथ हुआ।

## जमकर पथराव और मारपीट, फायरिंग में किशोर को लगी गोली

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा में दो पक्षों में टकाराव हो गया। मारपीट के बाद दोनों ओर से पथराव हुआ। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई, जिसमें एक किशोर गोली लगने से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

आगरा में फतेहपुर सीकरी के गांव देवनारी में विगत कई दिनों से चल रही दो पक्षों में तनातनी ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई, जिसमें एक किशोर को गोली लगी। मौके पर पुलिस पहुंच गई। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। गांव में राम रतन और रामबाबू पक्षों में कई दिन से आपसी विवाद चल रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को रामबाबू द्वारा गांव के ही राम रतन, सचिन व सतेंद्र के खिलाफ तहरीर दी गई थी। रविवार को रामबाबू के भाई बहुरन सिंह आगरा से कुछ व्यक्तियों के साथ आए। दोबारा विवाद हो गया।

विज्ञापन

# भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 120वें 'मन की बात' कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 120 वें एपीसोड मन की बात कार्यक्रम जिले भर के बूथों पर आयोजित किया गया। भाजपाइयों ने 1724 बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अपने अपने क्षेत्र के बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना ।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को शक्ति केन्द्र भगवतीगंज के बूथ संख्या-91 पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक पल्टू राम ने पीएम मोदी के मन की बात सुना। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जल संरक्षण पर विशेष बात कही है। कैच द रेन अभियान के लिए सभी को कमर कस लेनी चाहिए। यह अभियान सरकार का नहीं बल्कि जनता जनार्दन का है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है। ग्राम पंचायत बनकटवा के शक्ति केन्द्र भुसौलिया के बूथ संख्या-136 पर मन की बात सुनते हुए तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी ने जल संरक्षण पर गंभीर बातें की हैं। पिछले सात-आठ साल में नए बने टैंक, तालाब एवं अन्य जल रिचार्ज संरचनाओं से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने बूथ संख्या-90 पर मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुनी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गर्मियों की छुट्टी में बच्चे कैसे अपना टैलेंट निखार सकते हैं, इसमें बच्चों को काफी कम समय मिलता। इस समय में बच्चों को नई चीजें सीखने एवं अपने हुनर को तरासने में समय का सद उपयोग करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने पहलवारा शक्ति केन्द्र स्थित बूथ संख्या-104 पर कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात को सुना। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का बच्चों का संदेश अति उपयोगी होगा। आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफार्म की कमी नहीं हैं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई संस्था टेक्नोलॉजी कैम्प चला रही हो तो बच्चे वहां ऐप बनाने के साथ ही ओपर सोर्स साफ्टवेयर के बारे में जानकारी ले सकते हैं। शक्ति केन्द्र लौकहवा के बूथ संख्या-384 पर बूथ अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मन की बात कार्यक्रम को देखा। उन्होंने कहा कि योग पर पीएम मोदी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। प्रत्येक व्यक्ति को योग के लिए कुछ समय अवश्य निकालना चाहिए। इसी क्रम में शक्ति केन्द्र टेढ़ी बाजार के बूथ संख्या-144 पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी व 143 पर जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, बूथ संख्या-137 पर जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिन्दू विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत बनकटवा के बूथ संख्या-136 पर जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण सहित तमाम भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुना।

# गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को नहीं होगी दिक्कत, शुरू की गईं नई ट्रेन

जन एक्सप्रेस । आगरा


गर्मियों में स्कूल्स की छुट्टियां हो जाती हैं। ऐसे में लोग घूमने की योजना बनाते हैं। यात्रियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए रेलवे ने अभी से योजना बनानी शुरू कर दी है। कई नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है। इन ट्रेनों में एसी के साथ स्लीपर व सामान्य कोच भी हैं।

गर्मियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे दो नई ट्रेनों का संचालन 7 अप्रैल से कर रहा है। यह साप्ताहिक ट्रेन है। इसमें 22 कोच होंगे। ट्रेन आगरा से होकर भी गुजरेगी। रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन संख्या 04125-04126 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनियस सुपरफास्ट ट्रेन 7 अप्रैल से चलेगी। इसमें ट्रेन संख्या 04125 प्रत्येक सोमवार को चलेगी। 30 जून तक संचालन होगा। इसके 13 फेरे होंगे। ट्रेन संख्या 04126 का प्रत्येक मंगलवार को 8 अप्रैल से 1 जुलाई तक संचालन होगा। इसके भी 13 फेरे होंगे। इसमें 22 कोच हैं, जिसमें एसएलआर-डी के 2, सामान्य के 7, स्लीपर के 11 और एसी तृतीय के 2 कोच हैं। ये ट्रेनें इटावा, टूंडला, ईदगाह, फतेहपुर सीकरी, रूपवास से होकर गुजरेंगी। फतेहपुर सीकरी पर सुबह 5ः49 बजे और ईदगाह पर सुबह 6ः55 बजे पहुंचेगी। वापसी पर फतेहपुर सीकरी में सुबह 5ः51 बजे और ईदगाह स्टेशन पर सुबह के 7 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 03007-03008 हावड़ा-खातीपुरा-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक है।

# जूस वाले के बाद ताला कारीगर को 89 लाख का नोटिस, किराए के मकान में रह रहा बिना बिजली

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



अलीगढ़ के नौरंगाबाद स्थित मोहल्ला डिल्ली गंज में योगेश शर्मा ताला बनाने का काम करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। घर में पत्नी बीमार है। बिजली का कनेक्शन भी कटा हुआ है । 3 महीने से वह किराए के मकान में रह रहे हैं।

जूस बेचने वाले को आयकर विभाग का 7.79 करोड रुपये का नोटिस मिलने के बाद अब एक ताला बनाने वाले कारीगर को 89 लाख रुपये का नोटिस मिलने का मामला सामने आया है। आयकर विभाग ने यह नोटिस 2018 - 2019 के बीच कारीगर योगेश शर्मा के पैन कार्ड पर हुए लेनदेन के मामले में जारी किया है। ताला कारीगर ने इस मामले में अपने पैन कार्ड का दुरुपयोग होने की बात कही है ।

अलीगढ़ के नौरंगाबाद स्थित मोहल्ला डिल्ली गंज में योगेश शर्मा ताला बनाने का काम करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। घर में पत्नी बीमार है। बिजली का कनेक्शन भी कटा हुआ है । 3 महीने से वह किराए के मकान में रह रहे हैं।

इतनी कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद भी उन्हें आयकर विभाग से 89 लाख रुपये का नोटिस जारी किया गया है। हालांकि विभाग का मानना है कि इस मामले में योगेश के दस्तावेज का दुरुपयोग हो सकता है। इसके लिए योगेश पर विभाग के समक्ष जवाब दाखिल करने का अवसर है। आयकर विभाग के अधिकारी दुर्गेश कुमार कहते हैं कि योगेश के पैन कार्ड पर हुए लेनदेन को विभाग के पोर्टल पर देखा गया था, जिसके चलते उनको नोटिस जारी किया गया है।

## पुलिस ने घसीट कर गाड़ी में बैठाया, बेरहमी से पीटा, घर लौटते ही पेड़ से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ की दादों पुलिस की बर्बरता ने महिला को खुदकुशी करने के लिए मजबूर कर दिया। पुलिस ने महिला को बेरहमी से पीटा। घर लौटने पर महिला इस कदर डर गई कि उसने पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। यूपी के अलीगढ़ जनपद में दादों पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला को पीटते हुए घसीट कर गाड़ी में बैठाया। पीटने पर जब महिला बेहोश हो गई तो पानी पिलाकर होश में लाए और फिर रास्ते में पीटा। थाने में ले जाकर महिला को फिर पीटा गया। जब महिला थाने से छूट कर घर आई तो उसने पुलिस के डर से घर के पास पेड़ पर फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। मामले में थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च को दादों थाना अंतर्गत गांव लहरा में प्रेमी आरोपी छोटे उर्फ राकेश निवासी नगला जीवाराम तमंचे के बल पर एक महिला को अपने साथ ले गया था। आरोपी छोटे उर्फ राकेश की बहन थाना पाली मुकीमपुर के गांव हरनोट भोजपुर निवासी 46 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी भूरे सिंह 29 मार्च को खेत में अपने बेटे के साथ गेहूं काट रही थी। करीब एक बजे थाना दादों प्रभारी योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और महिला को जबरन अपने साथ ले जाने लगे।

मृतका के परिजनों से वार्ता करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन महिला के छोटे बेटे लोकेश ने बताया कि मामा छोटे पर कोई मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके संबंध में दादों पुलिस उसकी मां लक्ष्मी को जबरन ले जाने लगी।

# कूटरचित अभिलेखों से युवक को लंदन भेजकर 20 लाख रुपये की ठगी

- लंदन के एयरपोर्ट पर उतरने के दौरान पुलिस ने दबोचा, एसपी के आदेश पर वेल्किन आइलेट सेंटर संचालक सहित दो के विरुद्ध प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर




वेल्किन आइलेट सेंटर के संचालक ने युवक से बीस लाख रुपये लेने के बाद फर्जी अभिलेखों से उसे लंदन भेज दिया। लंदन के एयरपोर्ट पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। जांच में अभिलेख फर्जी पाए जाने पर धोखाधड़ी की जानकारी लगी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।
मधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव सपहा निवासी रजिन्दर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र अंग्रेज सिंह कक्षा दसवीं तक पढ़ा है। पूरनपुर में संचालित वेल्किन आइलेट सेंटर के संचालक हरसिमरन सिंह ओर उसके साथियों ने बेटे को विदेश भेजने की बात कह कर बहका लिया। अभिलेख मांगने के बाद लंदन भेजने की बात कही। बेटे ने संचालक को दसवीं पास होने की जानकारी दी। आरोप है कि संचालक ने कहा कि वह उसके दूसरे अभिलेख तैयार कर लेंगे। बीस लाख रुपये में लंदन भेज देंगे। बेटे ने संचालक पर विश्वास कर अभिलेख दे दिए। इसके बाद उसने जमीन गिरवी रखी, रिश्तेदारों से कर्ज लेकर बीस लाख रुपये एकत्र कर संचालक सिमरन सिंह और उसके साथियों को दे दिए। अभिलेख तैयार कराने के बाद 28 जनवरी 2025 को आरोपितों ने बेटे को लंदन भेज दिया।
लंदन के हिर्थो एयरपोर्ट पर पुलिस ने उसे को पकड़ लिया।युवक तीन माह से लंदन पुलिस की हिरासत में हैं। बेटे के पकड़े जाने पर उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी लगी। आरोपितों ने धोखाधड़ी कर बीस लाख रुपये ठग लिए।
पीड़ित ने रुपये वापस दिलाने और आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपित हरसिमरन सिंह व उसके एक साथी के विरुद्ध प्राथमिकी लिख कर जांच शुरू कर दी है। आरोपित के विरुद्ध पूरनपुर में धोखाधड़ी की ओर भी कई प्राथमिकी दर्ज है।

### विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से 1.60 लाख की ठगी




लखीमपुर के आरोपित ने पूरनपुर के दो युवकों को अजरवाईजान (विदेश) भेजने के नाम पर 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिख कर जांच शुरू की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी अख्तयार खां और सलमान खां ने पुलिस को बताया कि 8 दिसंबर 2023 को जनपद लखीमपुर के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव गुलावनगर निवासी साजन से बात हुई। आरोपित ने अजरवाईजान (विदेश) भेजने के नाम पर उनसे 80-80 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी विदेश नहीं भेजा। जानकारी करने पर टालमटोल शुरू कर दी। आरोपित डेढ़ साल से टाल मटोल कर रहा है। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गांधी स्टेडियम में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर स्वयंसेवक समागम एवं नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के जन्मोत्सव पर ध्वज प्रणाम किया गया।
कार्यक्रम में सह प्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह, मा.विभाग संघचालक ओमप्रकाश गंगवार एवं सह जिला संघचालक डॉ. देवकी नंदन शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सह प्रांत कार्यवाह ने भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, भगवान श्रीराम एवं धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, विक्रम संवत की स्थापना राजा विक्रमादित्य ने की थी, सिंधी समाज के संत झूलेलाल जी का जन्मोत्सव, सिख समाज के द्वितीय गुरु अंगददेव जी महाराज का प्रकटोत्सव एवं स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन हुई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा पर हमें गर्व होना चाहिए, और यह भारत को विश्व गुरु के स्थान पर पहुंचाने में सहायक होगी।
पथ संचलन गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः स्टेडियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर प्रचारक सोहनवीर, जिला कार्यवाह डॉ.डालचंद, जिला प्रचार प्रमुख हिमांशु, जिला व्यवस्था प्रमुख अंकुर अग्रवाल, सह जिला व्यवस्था प्रमुख गौरव, नगर कार्यवाह विवेक, सह नगर कार्यवाह अरविंद, नगर प्रचार प्रमुख अंशुमन मलंग, नगर व्यवस्था प्रमुख वीरेंद्र, स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना एवं अन्य स्वयंसेवकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।
कार्यक्रम का समापन मंगलकामनाओं और देशहित के संकल्प के साथ हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मलेशिया में नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मलेशिया में नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपितों ने युवक से तीन लाख रुपए ठग लिए। थाइलैंड ले जाकर जंगल के रास्ते मलेशिया में अवैध घुसपैठ कराई गई। नौकरी न लगने पर बमुश्किल भागकर जान बचाई। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।
पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजाखेडा निवासी राजपाल ने पुलिस को बताया कि मार्च 2023 में गांव निवासी अवधेश सिंह, अखिलेश सिंह और गेंदन ने उसे बताया कि वह विदेश में नौकरी दिलाने का काम करते हैं ।वह उसे मलेशिया भेज देंगे ।तीन लाख रुपए का खर्च बताया ।युवक आरोपितों के झांसे में आ गया ।उसने पैतृक जमीन बेंच दी, रिश्तेदारों से क़र्ज़ लेकर तीन लाख रुपए एकत्र किए ।घर वाले और रिश्तेदारों की मौजूदगी में तीन लाख रुपए आरोपितों को दे दिए। 7 अप्रैल 2023 को आरोपितों ने उसे जयपुर से बगैर वीजा के थाईलैंड भेज दिया ।कहा कि उसे थाइलैंड से वीजा दिला देंगे ।आरोप है कि अवधेश व अखिलेश उसे जंगल के रास्ते मलेशिया ले गए। जंगल में कई दिनों तक छिपा कर रखा ।इसके बाद भी न वीजा दिया गया और न नौकरी लगवाई। बमुश्किल जान बचाकर वापस आया। रुपये वापस मांगने पर आरोपित टालमटोल करने लगे ।14 अक्टूबर 2023 को रुपये वापस मांगने पंहुचा तो गेंदन उसके पुत्र अखिलेश ने उसके साथ मारपीट की ।दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी ।घटना कि शिकायत कोतवाली पुलिस से की ।आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की ।एसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिख कर जांच शुरू की है।

### हिस्ट्रीशीटर ने कोटेदार को दी जान से मारने की धमकी, दरोगा ने पकड़कर छोड़ा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सरकारी राशन की दुकान पर पहुंचे हिस्ट्रीशीटर ने कोटेदार के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी ।आरोप है कि शिकायत पर दरोगा ने हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर छोड़ दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। पूरन कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी धीरेंद्र कुमार दीक्षित ने पुलिस को बताया कि वह राशन विक्रेता है। 13 मार्च को दुकान पर राशन का वितरण कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी नन्हे सिंह जो की हिस्ट्रीशीटर है। आरोपित पर हत्या,हत्या के प्रयास और चोरी जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं ।कई बार जेल भी जा चुका है। आरोपित शातिर अपराधी है। कोटेदार ने बताया कि आरोपित दुकान से राशन ले जा चुका है ।इसके बाद भी उसने दुकान पर पंहुचकर गाली गलौज शुरू कर दिया ।जान से मारने की धमकी देकर चला गया। हिस्ट्रीशीटर ने जबरन दुकान भी बंद करा दी। कोटेदार ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की ।प्रभारी निरीक्षक ने हल्का दरोगा को आरोपित को पकड़ने के लिए निर्देशित किया ।दरोगा ने गांव पंहुचकर आरोपित को पकड़ लिया ।प्रधान के पास ले जाने के बाद सांठ-गांठ कर हिस्ट्रीशीटर को छोड़ दिया। आरोप है कि शिकायत से गुस्साएं हिस्ट्रीशीटर ने फोन कर गाली गलौज किया। जान से मारने की धमकी दी। कोटेदार ने पुनः मामले की शिकायत इंस्पेक्टर से की। आरोप है कि इंस्पेक्टर के निर्देश के बाद भी दरोगा ने हिस्ट्रीशीटर को नहीं पकड़ा। आरोपित के डर से परिवार व बच्चे दहशत में है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी लिख कर जांच शुरू की है।

### दरवाजे के सामने बाइक खड़ी करने का विरोध करने पर बांका से हमला

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। दरवाजे के सामने बाइक खड़ी करने का विरोध करने पर घर में घुसे दबंगों ने ग्रामीण पर लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आए स्वजनों को भी घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। पुरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेरचौरा निवासी सुरजन लाल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर बारह बजे पड़ोस का ही लेखराज उसके दरवाजे के सामने बाइक खड़ी करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध पर नरेश, नन्हे उर्फ सर्वेश और राजेश्वरी लाठी डंडों,लोहे की राड और बांका लेकर जबरन घर में घुस आए ।पीड़ित के पिता,भाई, पुत्र और पत्नी पर जान से मारने की नियत से लोहे की राड से हमला कर दिया। दबंगों के हमले में सालिकराम का सिर फट गया। पीड़ित के पिता के दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई। अन्य चार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए ।शोर शराबा करने के बाद मौके पर जुटे पड़ोसियों को देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखकर जांच शुरू कर दी है।

### पुतला जलाने के प्रयास में आप कार्यकर्ताओं व पुलिस में नोंकझोंक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन। आम आदमी पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश में शराब खरीद पर चल रहे ऑफर को शराब घोटाला बताते हुए जिले के पार्टी पदाधिकारियों ने रविवार को जिला महासचिव विनोद प्रजापति के नेतृत्व में तिघरा स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन करने का प्रयास किया। पुलिस की सक्रियता से वे पुतले में आग नहीं लगा सके। कार्यकर्ताओं के द्वारा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा गया। प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए श्री प्रजापति ने कहा यूपी में शराब खरीद पर ऑफर देकर सरकार शराब घोटाला के साथ साथ युवाओं को बर्बाद कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए खुटहन की तरफ पैदल बढ़ने लगे। रास्ते में एसओ मुन्ना राम हमराहियों संग पहुंच उन्हें घेरकर सरकार का मानक पुतला छीन लिया। इस दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच नोंकझोंक भी हुई। विरोध प्रदर्शन में पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष शिवजी मिश्रा, जिला सचिव अमित विश्वकर्मा,विधानसभा उपाध्यक्ष लालमन कनौजिया, विधानसभा महासचिव सुनील मौर्या , विधानसभा उपाध्यक्ष पंकज अग्रहरि, सचिव अमित गौतम कोषाध्यक्ष शशि रजक, रामप्रताप यादव, उषा प्रजापति, रेशमा गौतम, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नवरात्रि के पहले दिन मां यशवंत्री देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



- भक्तों ने धूमधाम से निकाली पदयात्रा, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मां यशवंत्री देवी के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु दूर-दूर से पदयात्रा के माध्यम से माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर भक्तों ने झंडी के साथ पांचवीं पदयात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु डीजे की धुन पर झूमते हुए माता के दर्शन के लिए निकले। गांव की महिलाओं ने माता के डोला को हर्षोल्लास के साथ विदा किया।

### मनोकामनाओं के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि के दौरान प्राचीन मां यशवंत्री देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कलीनगर क्षेत्र के खासपुर जमनिया से भक्तों का जत्था माता के दर्शन के लिए रवाना हुआ। मान्यता है कि इस मंदिर में आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### चमत्कारी जल से दूर होती हैं बीमारियां

मंदिर में जहां मां यशवंत्री देवी के चरण विराजमान हैं, वहां पहले एक विशाल घड़ा जल से भरा रहता था। वर्षों से इस घड़े में प्रतिदिन जल डाला जाता रहा, जिसे अब चांदी से मढ़वा दिया गया है। मान्यता है कि इस पवित्र जल को पीने से अनेक लोगों की बीमारियां दूर हुई हैं।

### भक्तों के जत्थे को ग्रामीणों ने किया विदा

मां यशवंत्री देवी की पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने भक्तों के जत्थे को हर्ष और उल्लास के साथ विदा किया। मंदिर कमेटी के सदस्यों सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में सम्मिलित हुए। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन हजारों भक्त माता के दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे हैं।

# सकारात्मक सोच से कार्य करना ही कर्मयोग : एल.वैकेंटश्वर लू







- परिवहन विभाग द्वारा बेनहर पब्लिक स्कूल में कर्मयोग और सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव परिवहन, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण, यूपीएसआरटीसी के अध्यक्ष एवं उपाम के महानिदेशक एल. वैकेंटश्वर लू ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी और व्यक्ति को सकारात्मक विचारों के साथ कार्य करना चाहिए, यही वास्तविक कर्मयोग है। तकनीक के सदुपयोग से विकास को गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे, तो भारत 2047 तक एक विकसित और कर्मयोग प्रधान राष्ट्र बन सकता है। बेनहर पब्लिक स्कूल के एरीना सभागार में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित कर्मचारी से कर्मयोगी एवं सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सड़क सुरक्षा को गीता के कर्मयोग से जोड़ते हुए कई श्लोकों का उद्धरण दिया और कहा कि संवाद से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहा कि युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सिखाना आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी रोल मॉडल के रूप में उन लोगों को अपनाती है, जो नियमों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने वालों को भी प्रमुखता से दिखाया जाए ताकि लोग प्रेरित हों। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कोविड महामारी से भी अधिक है। इसलिए सभी को मिलकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास करना चाहिए।

### कार्यक्रम में शामिल गणमान्य अतिथि

कार्यशाला में विषय प्रवर्तन उपाधि महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. प्रणव शास्त्री ने किया। इस अवसर पर कृतिका श्रीवास्तव, कृष्णा गंगवार, काव्या शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह, वैशाली, अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यशाला में नगर मजिस्ट्रेट, परिवहन विभाग के अधिकारीगण, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट, बस/ ट्रक/ ऑटो/ टैम्पो यूनियन के पदाधिकारी एवं चालक, लेखपाल तथा परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास

कार्यशाला के प्रारंभ में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार और उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में 50त्न कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स में सुधार कार्य पूरा किया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति और रोकथाम के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को सड़क सुरक्षा पोर्टल के उपयोग के बारे में भी बताया।

### सड़क सुरक्षा पर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के विचार

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएँ मुख्य मार्गों से जुड़े लिंक मार्गों पर होती हैं, जिनमें अधिकतर दोपहिया वाहन शामिल होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, कैट्स आई, रोड साइनेज और स्लोप रोड मार्किंग जैसे कार्य कराए जा रहे हैं।

## विद्यालय में अंक पत्र वितरण समारोह



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज। शाहगंज नगर के अयोध्या मार्ग पर स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यालय प्रबंधन/परिवार द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र/छात्राओं का अंक पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, इस अंक पत्र वितरण समारोह विद्यालय में अपने कक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले सभी छात्र/छात्राओं को मेडल और अंक प्रमाण पत्र देकर बतौर मुख्य अतिथि/ प्रबंधक ओमप्रकाश जायसवाल द्वारा सभी अपने होनहार छात्र/ छात्राओं को सम्मानित किया गया, और नियमित उपस्थित रहने वाले छात्र/ छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्साह वर्धन इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, और बच्चे देश का भविष्य है हम सभी वर्तमान हैं इसलिए वर्तमान की इच्छा रहती है की उसका भविष्य सुखद, और स्वर्णिम हो, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर आरम्भ किया गया, तथा समापन राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के उदघोष के साथ सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार शास्त्री द्वारा और आगंतुक अभिभावक जनो के प्रति आभार प्रकट विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेश सिंह द्वारा किया गया। उपस्थित आचार्य/आचार्या गण तेज बहादुर वर्मा, अरूण मिश्रा, अंकित सिंह, प्रतिका सिंह आदि

# कार्यकर्ताओं का सम्मान सबसे ऊपर : डॉ. अजय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष डा. अजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता संगठन की अहम कड़ी है । किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। उनकी सुरक्षा और सम्मान के खातिर जान लड़ा दूंगा। वह बीती रात यहां कस्बा में नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिया कि आप ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसका बहुत ही गंभीरता के साथ निर्वहन करुंगा।
इसके पहले उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।
अपने स्वागत के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। विकास की इन बातों को गांव-गांव आमजन के बीच जाकर बताने की जरूरत है।
जिससे वर्ष 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव में हमें पूर्ण सफलता मिले। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मापुर संतोष मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिलवारी गॉव के युवक की ईरान में मौत

- पिता ने मृत युवक के शव को जनप्रतिनिधियों एवं विदेश मंत्रालय से यथाशीघ्र गॉव ले आने की लगायी गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



खुटहन क्षेत्र के तिलवारी गॉव के एक युवक की खाड़ी देश ईरान में पानी के जहाज पर क्रेन दुर्घटना में मौत हो गयी। मनहूस खबर सुन स्वजनों समेत पूरा गॉव सदमा छा गया। मृत युवक मर्चेंट नेवी के जहाज पर बतौर टेक्नीशियन तैनात था। इसी हादसे में प्रतापगढ़ के एक इंजीनियर की भी मौत हो गयी। जबकि एक अन्य युवक कोमा में चला गया जो जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।
गॉव निवासी संदीप सिंह का बाईस वर्षीय पुत्र शिवेंद्र प्रताप सिंह प्रपौत्र स्व राजपति सिंह गत फरवरी माह में मर्चेंट नेवी के एक एमवी रासा नामक जहाज पर बतौर टेक्नीशियन ज्वाइन किया था। जहाज खाड़ी देश ईरान के किस-आइस-लैंड पोर्ट पर खड़ा था। बताते है कि गत 27 मार्च की शाम को क्रेन से सामान उतरते समय क्रेन की लोहे की कपलिंग टूट गयी।जिस कारण डेक पर खड़े तीन लोग उसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही युवक शिवेंद्र तथा साथ मे खड़े प्रतापगढ़ जिले के एक इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि तीसरा युवक जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। मृतक युवक घर का एकलौता चिराग था।जिसे समय काल ने बुझा दिया है। स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। माँ रेनू सिंह के करुण क्रंदन सुन शोक संवेदना जताने पहुचने वालों की आंखे बरबस ही छलक जा रही है। युवक की असामयिक मौत ने पूरे गॉव को सदमे में डुबो दिया है। किसी के घर चूल्हा नही जला। रोते बिलखते पिता संदीप सिंह ने जनप्रतिनिधियों तथा विदेश मंत्रालय से गुहार लगायी है कि अतिशीघ्र बेटे का शव घर लाया जाये। जिससे अंतिम क्रिया कर्म किया जा सके। खाड़ी देश ईरान में ईद की वजह से वहां के कार्यालय में अवकाश चल रहा है। जिस वजह से शव भारत मे डिपोर्ट होने में देरी हो रही है।

# खेतासराय में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को पुलिस के सख्त पहरे में खेतासराय कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्त्री, पुरुष, महिलाएं, बच्चे शामिल रहे। गाजेबाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में कस्बे वासियों को रामकाज में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। सुरक्षा के मद्देनजर जुलूस के आगे पीछे पुलिस मुस्तैद रही। नगर पंचायत खेतासराय के गोला बाजार स्थित रामलीला मैदान से शुरू हुई कलश यात्रा में युवतियां, महिलाएं और नन्ही नन्ही बेटियां ब्रह्मण स्वरूप कलश को सिर पर धारण करके नंगे पांव बड़े ही श्रद्धा और विश्वास के साथ चल रही थी। रामकथा के मुख्य यजमान स्वामीनारायण राधेश्याम जायसवाल सिर पर रामचरित मानस ग्रंथ धारण करके आगे आगे चल रहे थे। अयोध्या से आए रामचरितमानस कथा के वाचक रमानुजन महाराज ने कलश पूजन करके यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य मार्ग चौराहा, खुटहन रोड, पुरानी बाजार, दुर्गा नगर मोहल्ला, काली मंदिर, डोभी मोड होते हुए कलश यात्रा पुनः मुख मार्ग से मानस कथा स्थल गोला बाजार में प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ। कलश यात्रा के समापन यात्रा के मुख्य यजमान स्वामीनारायण राधेश्याम जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता अजय सिंह, राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के अनुज दूधनाथ यादव, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू ने उपस्थित नगर वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता अजय सिंह व रूपेश गुप्ता मोनू ने कहा कि खेतासराय कस्बे के लोग जिस प्रकार नए जोश और उत्साह के साथ इस भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए। वह अपने आप में एक मिसाल है। सोचन सेठ, भृगुनाथ जायसवाल, पूर्व सभासद मंजय गुप्ता, हरि श्याम वर्मा, हरेंद्र यादव, रेशमा प्रजापति, पुष्पा चौबे विजय कश्यप, राजुबिन्द, रवि बरनवाल, विवेक जायसवाल, आनन्द जायसवाल, बबलू गुप्ता, संजय गुप्ता समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। आज से आठ दिवसीय रामचरित मानस कथा का शुभारंभ गोला बाजार में होगा। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं।

### आकर्षण का केंद्र रहा प्रभु श्री राम की झांकी

जौनपुर। कलश यात्रा में भव्य रथ पर चल रहे मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस रथ पर लक्ष्मण और माता सीता झांकी के रूप में उपस्थिति रही। उनके आगे आगे दो दर्जन रामनामी दुपट्टे के साथ आकर्षक टोली चल रही थी। थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय भारी पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ निरंतर लगे रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू रखने के लिए पुलिस की अलग से टीम लगी थी।

# नाबालिग मृतक के परिजनों को समाजवादियों ने दी 2 लाख की आर्थिक मदद

- मृतक के विरूद्ध मुकदमा हास्यास्पद, दोषी पुलिस कर्मियों पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा: महेन्द्रनाथ यादव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**






नाबालिक आदर्श उपाध्याय की मौत के मामले में रविवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल पार्टी जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर नाबालिग आदर्श उपाध्याय के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर ढाढस बधाया । पार्टी फण्ड से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एक लाख का चेक और सपा जिला इकाई बस्ती की ओर से एक लाख कुल दो लाख रूपये की सहयोग राशि परिजनों को सौंपा गया।

दुःखी परिवार को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन देते हुये सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत मामले में अभी तक दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी न्याय दिलाने की दिशा में निरन्तर सहयोग करेगी। पार्टी जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा न्याय और मानवीय मूल्यों को महत्व दिया है। यह हैरान करने वाली हास्यास्पद स्थिति है कि पुलिस ने मृतक आदर्श उपाध्याय के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दिया और दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि यह अन्यायपूर्ण एवं असंवेदनशील कृत्य समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। दुःखी परिवार को न्याय दिलाने के लिये हर स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। मांग किया कि दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर हत्या के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया जाय। पार्टी इस मामले में आर-पार का संघर्ष करेगी।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर नाबालिग आदर्श उपाध्याय के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर ढाढस बधाने वालों में सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', हर्रैया नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, कक्कू शुक्ल के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# स्वयं मोबाइल का गुलाम न बन जाएं : राजू भैया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है विद्यार्थी विद्या अर्जन के साथ संस्कारों को भी आत्मसात करें उक्त बात मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने एस एन मेमोरियल पब्लिक स्कूल लखौरा में बोलते हुए कही। किस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य मुख्य अतिथि राजू भैया ने कहा कि ग्रामीण अंचल में एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी दे रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है। राजू भैया ने उपस्थित विद्यार्थियों का आवाहन किया कि वह मोबाइल का प्रयोग आवश्यकता के अनुरूप करें। स्वयं मोबाइल का गुलाम न बन जाए। गुरुजनों, माता-पिता का सम्मान करते हुए मेहनत से शिक्षा ग्रहण करें और अपने उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करें। ग्राम प्रधान वासुदेव विक्रम ने कहा कि एसएन पब्लिक स्कूल के प्रयासों से आज अत्यंत ग्रामीण क्षेत्र के तमाम बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमें मेहनत से पीछे नहीं हटना है और निरंतर आगे बढ़ना है। इस मौके पर एडवोकेट पवन कुमार सिंह, राम सजीवन यादव, वैभव सिंह, प्रधान नितेश पाल, एडवोकेट सुमित यादव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। खासकर मोबाइल के बेजा प्रयोग पर विद्यार्थियों के द्वारा किया गया नाट्यमंचन लोगों का दिल जीत गया। इस मौके पर राजबहादुर यादव, पुष्पेंद्र यादव, सुरेश महात्मा, कुलदीप यादव, अरमान पाल, हरीकरन यादव, देवा सिंह, ननकऊ सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित सिंह, बंसराज, सरोज कुमार, मीनू देवी, अंकिता, काजल, पल्लवी देवी सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं एवं अभिभावक जन उपस्थित थे।

# डीएम एसपी ने किया ईदगाहों का भ्रमण, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



रविवार को कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीरबटावन में जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत कस्बे में पड़ने वाली मस्जिदों एवं ईदगाहों का भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह कमेटी के सदस्यों संभ्रांत व्यक्तियों एवं आमजन के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ईद त्योहार को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्ति पूर्वक मनाने एवं ईद की नमाज को ईदगाह एवं मस्जिदों में ही पढ़ने की अपील की गई तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न करने की भी अपील की गई। उक्त पीस कमेटी बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अमित प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में रविवार को क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया द्वारा थाना फतेहपुर में ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह कमेटी के सदस्यों/संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ईद त्योहार को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्ति पूर्वक मनाने एवं ईद की नमाज को ईदगाह एवं मस्जिदों में ही पढ़ने की अपील की गई तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न करने की भी अपील की गई। उक्त पीस कमेटी बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर धीरेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## सफीपुर के एक परिवार में 28 वर्षीय युवक ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

सफीपुर थाना क्षेत्र के परियर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 28 वर्षीय लालजी निषाद ने घरेलू कलह से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है।

लालजी निषाद ने अपने घर के कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के पिता झाऊ लाल निषाद ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्र शिवम सोनकर के समर्थन में समाजवादी, काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



रविवार को वाराणसी के बीएचयू में कुलपति आवास के सामने पिछले 10 दिनों से धरना दे रहे छात्र शिवम सोनकर के समर्थन में समाजवादियों ने पार्टी नेता अरविन्द सोनकर के साथ कटेश्वर पार्क स्थित बाबा साहब प्रतिमा के निमट काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

सपा नेता अरविन्द सोनकर ने कहा कि बीएचयू के मालवीय सेंटर फॉर पीस रिसर्च में प्रवेश में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्र शिवम सोनकर धरने पर बैठा है। उसका कहना है कि सामान्य वर्ग में दूसरा स्थान आने पर भी उसे प्रवेश नहीं दिया जा रहा। कहा कि शिवम जैसे मेधावी छात्रों की आवाज दबाई जा रही है, जबकि यह प्रशासन का कर्तव्य है कि वह छात्रों से संवाद करें और उनकी समस्याओं का समाधान निकालें। कहा कि बीएचयू प्रशासन शिवम सोनकर की समस्याओं का समाधान कराये।

शिवम सोनकर के समर्थन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में राम सिंह यादव, युनूस आलम, अजय यादव, रहमान सिद्दीकी, विशाल युनूस आलम, राहुल कुमार सोनकर, संदीप, मोहित, अजय, रजनीश यादव, गंगा प्रसाद, नितिन कुमार सोनकर, आमिश खान, रवि गुप्ता, राहुल विश्वकर्मा, मनोज भारती, सन्तोष वर्मा, प्रशान्त यादव, गिरीश चन्द्र आदि शामिल रहे।

## उन्नाव में महिला का घर में मिला शव

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। किशुनीखेड़ा गांव में रविवार दोपहर को 45 वर्षीय सुनीता का शव उनके घर में मिला। मृतका के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सुनीता पिछले 10 साल से अकेली रह रही थीं। उनके एक बेटी काजल और बेटा साजन हैं। स्थानीय लोगों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दे कि एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस घरेलू विवाद समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मृतका के परिजनों का कहना है कि सुनीता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास कोई महत्वपूर्ण जानकारी है तो वह सामने आए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बिल्हौर में एनएचआई 34 पर मोटरसाइकिल और सांड में जोरदार टक्कर, एक की मौत एक गंभीर

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के नाना मऊ तिराहे के पास एनएचआई 34 पर मोटरसाइकिल सवार चाचा भतीजा सुबह लगभग 10 बजे फर्रुखाबाद से कानपुर दवा लेने के लिए जा रहे थे बिल्हौर कस्बे के नजदीक मोटरसाइकिल और सांड में जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार उछलकर दूर जा गिरे जिसमें समीर 18 वर्षीय और गुड्डू 50 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर समीर 18 वर्षीय की डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि भतीजा समीर मोटरसाइकिल से चाचा गुड्डू को कानपुर डॉक्टर के पास दिखाने ले जा रहि था जिससे सांड से टक्कर हो जाने से दोनों अस्पताल भर्ती कराए गए जहां पर समीर की मौत हो गई है उन्होंने बताया कि ईद के त्योहार पर पहाड़ परिवार पर टूट पड़ा है बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि परिजनों के आने पर मृतक के शव को पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म नाबालिग पीड़िता का हुआ चिकित्सीय परीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पहले तीन युवकों द्वारा नाबालिक के साथ में दुष्कर्म घटना के बाद अब वीडियो वायरल कर दिया था। जिसकी खबर मिलने पर पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर मुकदमा पंजीकृत कर अपराधियों की तलाश तेज कर दी रविवार को पुलिस ने एक दर्जन से गहन पूछताछ के बाद तीन टीमें लगा दी गई हैं। पुलिस मान के चल रही है जिसमें जल्द गिरफ्तारी होगी वहीं पर गांव में चर्चाएं हो रहे हैं कि मामले में समझौता हो गया था लेकिन प्रधानी चुनाव के चलते वह दूसरी पार्टी के लोग हैं वह दूसरे के समर्थक हैं जिसके चलते शिकायत कराई गई है। वहीं पर लोगों ने दबी जुबान बताया कि राम जी और पीड़िता की लगभग एक वर्ष से दोस्ती थी यह बात गांव में किसी से छुपी नहीं है जिसके बीच नए दोस्त तैयार हुए और आपस में दोस्तो में फिर विवाद इतना बड़ा की वीडियो बनाकर वायरल किया गया। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया सूचना मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कराकर रविवार को पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। आरोपियों की तलाश में टीमें लगी है जल्दी गिरफ्तारी होगी।

### बिल्हौर ब्लाक के यूपीएस नानामऊ में बच्चों को दिए सबसे पहले रिजल्ट कार्ड

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शनिवार को पूरे दिन शिक्षक स्कूल के समय रिजल्ट बनाने में लग रहे वहीं पर लगभग 1:30 पर उच्च प्राथमिक विद्यालय नाना मुंह में बच्चों को रिजल्ट कार्ड देकर उनको घरों के लिए भेज दिए गए रिजल्ट कार्ड दिखाते हुए बच्चे झूम उठे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा वह नंबर देखकर एक दूसरे को बता रहे थे कि हमारे नंबर ज्यादा हैं हमारे नंबर कम हो गए इसी पर चर्चा करते हुए ग्राउंड में दिखाई पड़े वहीं पर विद्यालय में बच्चों से बात कर रहे थे इस दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बबिता सिंह, ज्योति कटियार और निधि अग्निहोत्री आ गई और उन्होंने बताया कि हम लोगों ने सुबह से ही रिजल्ट बनाना शुरू कर दिया था हालांकि हमारा रिजल्ट रजिस्टर पहले ही कंप्लीट कर लिया था और घर पर जाकर रिजल्ट कार्ड बना लिए थे। आज सुबह विद्यालय आकर बने हुए रिजल्ट कार्ड की क्रास चेकिंग करने के बाद फाइनल कर दिया। मध्यान भोजन के बाद बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरण कर दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बबिता सिंह ने सराहनीय कार्य किया है।

### कूड़े के ढेर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर बुझाई आग

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बरहा गांव निवासी शिवलाल के घर के पीछे पड़े कूड़े के ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लाग की लपटें देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुरवा से आई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्योंकि गांव से ही सटे खेतों में फसल खड़ी है। अगर समय से आग न बुझाई जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। एसओ शरद कुमार ने बताया कि समय रहते फायर ब्रिगेड को सूचना कर आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ है।

# महिला हेल्पडेस्क के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 28 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, थाना हसनगंज, थाना औरास,थाना सोहरामऊ, थाना पुरवा व महिला रिपोर्टिंग चौकी बीघापुर से 03-03, थाना बारासगवर व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना गंगाघाट, व थाना कोतवाली सदर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति डा0 आशीष श्रीवास्तव, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सागीर अहमद व सहयोगी श्री अंकित सिंह रघुवंशी तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह, प्र0नि0 महिला थाना रेखा सिंह, म0उ0नि0 विजेता सिंह, म0हे0का उपासना म0का0 पूजा शर्मा, म0का0 अल्का यादव, म0का0 प्राची चौहान, म0का0 सोनी मिश्रा, म0का0 तरुण, म0का0 लक्ष्मी सिंह, म0का0 अजेता, म0का0 शिखा, म0का0 विनिमय गौतम, म0का0 भावना, म0का0 शकुंतला, म0का0 श्वेता, म0का0 पारुल, म0का0 प्रियंका का विशेष योगदान रहा।

# लखनऊ के युवक की केवाड़ी मोड़ पर गोली मारकर हत्या

- थार सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



कोतवाली नगर अन्तर्गत रविवार को सरेशाम लखनऊ अयोध्या हाइवे के पास स्थित केवाड़ी मोड़ के पास लाल थार सवार अज्ञात बदमाषों ने एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने जब घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी तो सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल ले गये जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिन दहाड़े हत्या होने की खबर के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। स्थानीय दुकानदार अपनी अपनी दुकानों में ताला जड़कर निकल भागे। जानकारी के अनुसार, जनपद लखनऊ के कोतवाली नाका के मोहल्ला फतेहगंज निवासी सुमित ओझा पुत्र उमेश ओझा किसी काम से रविवार को केवाड़ी मोड़ के पास गया हुआ था इसी बीच अज्ञात कार पर सवार बदमाषों ने उस पर गोलियां चलायी गोलियां लगने से सुमित ओझा वहीं पर गिर पड़ा। गोलियों की आवाज सुनने के बाद हड़कम्प मच गया तो स्थानीय नागरिकों ने उक्त घटना की सूचना कोतवाली प्रभारी नगर को दी। सूचना मिलते ही आलाधिकारी मौके पर पहुंचे गये। स्थानीय लोगों के माध्यम से सुमित ओझा को जिला अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया घटना पीछे टेंपो व थार चालक के मध्य हो रहे वाद विवाद में वह बीच बचाव करने पहुंचा था। इस दौरान थार सवार अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात बदमाशों की खगालना शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच करके जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## नववर्ष में नव निर्माण



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

**ठठिया।** नव वर्ष के अवसर पर कन्नौज के ठठिया में समारोह का आयोजन स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में किया गया। यहां कालेज के संस्थापक स्व तेज सिंह की प्रतिमा और विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण चित्रकूट के संत राम हृदय जी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी,प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने किया। समारोह में संयोजक विजय सिंह कनौजिया,अजय, विनीत अग्निहोत्री के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# टायर फटने से एक्सप्रेसवे पर पलटी बस, एक की मौत और 10 घायल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



कन्नौज जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस का टायर फटने से सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में बस सवार एक की मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

शनिवार की रात को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर महेंदीपुर बालाजी के दर्शन करके सिद्धार्थ नगर वापस जा रही बस जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के सिकरोरी गांव के पास पहुंची तों बस का टायर फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकराकार पलट गई।

### 10 गंभीर घायलों का उपचार शुरू

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां हादसे में घायल डॉक्टरों ने सिद्धार्थ नगर निवासी महेंद्र सिंह (54) को मृत घोषित कर दिया।वहीं हादसे में 10 सवारी गंभीर रूप से घायलों का उपचार शुरू कर दिया।

### अन्य सवारियों को भेज दिया गया घर

बस में 60 सवारी सवार थी। अन्य सवारियों को साधनों से घर भेज दिया गया है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। अन्य सवारियों को घर भेज दिया गया है। 10 घायल सवारियों का इलाज चल रहा है। घायलों की हालत सुधार हो रहा है।

## स्लैब डालने के दौरान श्रमिक गिरा, घर के बाहर छोड़ गया मकान मालिक, मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। औरास।** एक गांव में निर्माणाधीन मकान में स्लैब डालने के दौरान श्रमिक गिरकर घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि इलाज कराने के बजाए मकान मालिक उसे घर के बाहर छोड़ गया। कुछ ही देर में मौत हो गई। थानाक्षेत्र के गांव बलदेव खेड़ा गांव निवासी रामगोपाल रावत (40) मजदूरी करते थे। आसीवन थानाक्षेत्र के देवसापुर गांव में बन रहे एक घर में 40 दिनों से काम कर रहा था। ससुर हरि प्रसाद ने बताया कि दामाद रामगोपाल शुक्रवार सुबह वहीं काम करने गए थे। स्लैब पड़नी थी, इसलिए देर शाम तक आने की बात कही थी। रात करीब 10 बजे वह घर के बाहर घायलावस्था में पड़े मिले। परिजनों ने देखा और निजी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने सरकारी अस्पताल में दिखाने के लिए कहा, वहां ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। पति की मौत से पत्नी सुदामा और बच्चों में दो बेटे और दो बेटी बेहाल हैं। बड़ी बेटी चांदनी का विवाह हो चुका है। आसीवन एसओ अजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आर्थिक तंगी से परेशान माली ने तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर दी जान



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आर्थिक तंगी से परेशान माली ने रविवार को निर्माणाधीन मकान के जीने में तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस ने तमंचा व खोखा कारतूस बरामद कर लिया। 16 अप्रैल को माली के बेटे की मकरंदनगर से शादी थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदापुरवा निवासी रविंद्र कुशवाहा (50) कानपुर नगर के कल्याणपुर क्षेत्र में माली का काम करते थे। वह 20 वर्षो से परिवार के साथ वहीं रह रहे थे। सात दिन पहले वह गांव आया। रविंद्र गांव के मकान में काम करवा रहे थे। उनके पुत्र आलोक की 16 अप्रैल को मकरंदनगर में शादी थी। रविंद्र कई दिनों से दिन व रात में शराब पी रहे थे। लोगों का कहना था कि रविंद्र कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे और नशे में ही रहता था। सुबह 10.35 बजे रविंद्र ने निर्माणाधीन मकान के जीने में तमंचे से सटाकर कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

वहां रविंद्र को खून से लथपथ पड़ा था। गांव के लोगों की सूचना पर पत्नी रानी देवी, पुत्र आलोक व विशाल सहित कोतवाल कपिल दुबे, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मौके पर जांच कर परिजनों से जानकारी की। टीम ने तमंचे की बट व रविंद्र के हाथ के नमूने लिए। डॉग ने भी घटनास्थल पर दौड़ लगाई। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। पोस्टमार्टम में रविंद्र की मौत गोली लगने से अधिक खून बहने के कारण होना बताई गई। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि मौके पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि: पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी संघ के स्मृति मंदिर गए। यहां से उन्होंने दीक्षाभूमि पहुंचकर डॉ. बीआर आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। यहां डॉ. आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपना लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित और समावेशी भारत का निर्माण ही भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### पीएम मोदी ने दीक्षाभूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नागपुर की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने दीक्षाभूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां अंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। वे दीक्षाभूमि में स्तूप के अंदर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि दी। सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को महसूस किया जा सकता है कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की डायरी में हिंदी में लिखे अपने संदेश में मोदी ने कहा, %मैं अभिभूत हूं कि मुझे नागपुर में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के पांच पंचतीर्थ में से एक दीक्षाभूमि पर जाने का अवसर मिला। यहां के पवित्र वातावरण में बाबासाहब के सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय के सिद्धांतों को महसूस किया जा सकता है।

### स्मृति मंदिर में भी आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने स्मृति मंदिर में आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए और एक खास संदेश लिखा। पीएम मोदी ने लिखा, परम पूजनीय डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी को शत शत ममन। उनकी स्मृतियों की संजोने, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। संघ के इन दो मजबूत स्तंभों की यह स्थली देश की सेवा में समर्पित लाखों स्वयंसेवकों के लिए उर्जा पुंज है। हमारे प्रयासों से मां भारती का भाण्य सदा बढ़ता रहे।

### आखिरी बार 2017 में दीक्षाभूमि का दौरा किया था

उन्होंने आगे लिखा कि दीक्षाभूमि लोगों को गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए समान अधिकार और न्याय की व्यवस्था के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इस अमृत कालखंड में हम बाबासाहब के मूल्यों और शिक्षाओं के साथ देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। एक विकसित और समावेशी भारत का निर्माण करना ही बाबासाहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2017 में दीक्षाभूमि का दौरा किया था।

# अमित शाह ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव की असल तैयारी आज से शुरू हो रही है। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने अपनी पार्टी को स्पष्ट संदेश दे दिया था। अब वह एनडीए के नेताओं के बीच बिहार चुनाव की तैयारियों पर बात करेंगे। शाह शनिवार की शाम बिहार आए थे और भाजपा नेताओं के बाद पार्टी की कोर कमिटी से वार्ता की थी। अमित शाह आज पटना के बापू सभागार से 4 विभागों की 823 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही आज वह लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी पर जमकर बरसे। उन्होंने नकहा कि लालू और राबड़ी का जब जब शासनकाल आया तब तब बिहार में विनाश हुआ। पटना के बाद अमित शाह गोपालगंज के कार्यक्रमों में शामिल होने जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पटना के बापू सभागार पहुंचे। बापू सभागार में सहकारिता विभाग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वह वहां 4 विभागों की 823 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्त्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार के साथ-साथ अन्य लोग उपस्थित हैं। इसके साथ-साथ वह मिथिला के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मखाना प्रोसेसिंग सेंटर का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया।



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालू पर कसा तंज

अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लालू जी अगर बिहार के लोगों के लिए कुछ किया तो हिसाब किताब लेकर आईये और बताईये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का नाम गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया । उन्होंने सहकारिता को मजबूत करने का काम किया। सहकारिता का अगर सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होगा। लालू प्रसाद के समय सहकारिता चौपट हो गया है। इसको बर्बाद करने का श्रेय लालू एंड लालू कंपनी ने किया। बंद पड़ी चीनी मिल को चालू करने के लिए पूरी ऊर्जा लगा देंगे। जातीय नरसंहार, चारा घोटाला कर देश दुनिया में बदनाम किया। लालू और राबड़ी सरकार को जंगलराज के नाम से जाना जाएगा। लालू पर निशाना साधते हुए कहा कि जब-जब इनकी सरकार आई है तब तब विनाश आया है। उन्होंने 2025 के चुनाव में एनडीए सरकार बनाने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर विपक्ष पर कसा तंज

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि आज बिहार में बहुत अच्छे से काम हो रहा है। कभी कोई इतना नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि महिलाएं कितना अच्छे से काम कर रही हैं। पहले शाम होने से पहले कोई निकलता तक नहीं था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए हुए कहा कि आज तक कोई कुछ किया है। शुरू से हमलोग काम करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम होने के बाद घर से निकलने से भी डरते थे। सड़कें भी नहीं थीं। यहां तक कि हिंदू-मुस्लिममें भी खूब झगड़े होते थे, लेकिन मैंने जो काम किया मैंने किया, आप लोगों ने नहीं। पहले क्या स्थिति थी। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी हालत थी। पहले स्वास्थ केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पताल में दवाई की व्यवस्था करवाई।

# पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

## खुफिया एजेंसी एफएसबी के पास की घटना, जेलेंस्की ने कहा था, जल्द पुतिन की मौत होगी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को**

मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी स्नस्क्र के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल यह कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है।

### पुतिन पर हमले की आशंका

रूस यूक्रेन युद्ध के बीच क्रेमलिन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर हमले की आशंका जताई है। पिछले दिनों रूसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण स्थल पर सीवरों की तलाशी लेने का आदेश दिया था। इसके बाद एफएसओ अधिकारियों को मॉस्को में पुतिन के भाषण स्थल के निकट बमों की तलाश में सीवर के दरवाजे और कूड़े के ढेर खोलते देखा गया। क्रेमलिन की रिपोर्ट के बाद राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मियों की तलाशी ली गई। सैनिकों की बंदूकों से मैगजीन निकाल ली गईं हैं। बताया यह भी जा रहा है कि पुतिन सार्वजनिक कार्यक्रमों में बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर जा रहे हैं।

### पुतिन की मौत के बाद सब ठीक होगा : जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा- पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है।

### पुतिन के बॉडीगार्ड को रिटायरमेंट के बाद मिलता है नया पद

पुतिन के बॉडीगार्ड को 35 साल की उम्र के बाद रिटायर कर दिया जाता है। हालांकि, उन्हें रिटायरमेंट के बाद विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। उन्हें गवर्नर, मंत्री, स्पेशल फोर्स में ऑफिसर के रैंक दिए जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी पुतिन के खाने को टेस्ट करता है, ताकि ये पता लाया जा सके कि उन्हें जहर ना दिया जा रहा हो।

# सड़क हादसे में घायल हुई थी महिला, न्यायाधिकरण ने 29 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने सड़क हादसे में घायल एक महिला को 29.39 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। महिला साल 2018 में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई थी। एमएसीटी की सदस्य एस एन शाह ने 18 मार्च को अपने आदेश में कहा कि ठाणे स्थित बस मालिक और बीमाकर्ता संयुक्त रूप से मुआवजे की राशि का भुगतान करेंगे। साथ ही न्यायाधिकरण ने याचिका दायर करने की तारीख से वसूली तक राशि पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देने का आदेश दिया है। मुंबई की निवासी हेमा कांतिलाल वाघेला 31 दिसंबर, 2017 को नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने कुछ साथियों के साथ एक निजी बस में मुंबई के नरीमन पॉइंट गईं थी। 1 जनवरी 2018 की सुबह वापस लौटते वक्त बस हादसे का शिकार हो गई।

# कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे बेपटरी, कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास हादसा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कटक**

ओडिशा से रेल हादसे की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। घटना कितनी गंभीर है? इसका पता अब तक नहीं चल सका है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को ओडिशा के कटक जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। सुबह 11.54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में एसएमवीटी बंगलूरू-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है।



हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया जानकारी के मुताबिक, हेल्पलाइन 8455885999 और 8991124238 शुरू कर दी गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

### 'जांच के बाद हमें पटरी से उतरने का कारण पता चलेगा'

उन्होंने कहा कि जहां तक हमें जानकारी मिली है, दुर्घटना राहत ट्रेन, आपातकालीन चिकित्सा उपकरण भेजे गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचने वाले हैं। डीआरएम खुर्दा रोड, जीएम, ईसीओआर और अन्य उच्च स्तरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जांच के बाद हमें पटरी से उतरने का कारण पता चलेगा। हमारी पहली प्राथमिकता मार्ग पर प्रतीक्षा कर रही ट्रेनों को डायवर्ट करना और बहाली का काम शुरू करना है।

### कोई भी घायल नहीं हुआ, सभी यात्री सुरक्षित : सीपीआरओ

ट्रेन के पटरी से उतरने पर ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, %हमें 12551 कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने की सूचना मिली है। अब तक हमें जानकारी मिली है कि 11 एसी डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कोई भी घायल नहीं हुआ है। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# तीसरे दिन भी कांप रही म्यांमार की धरती, अब 5.1 तीव्रता का भूकंप आया, अब तक 1700 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। म्यांमार**

म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है।



रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फॉल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है। इससे पहले शुक्रवार को आए भूकंप के चलते कई इमारतें ढहने से व्यापक क्षति हुई है। म्यांमार लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध की चपेट में है और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। ऐसे में राहत-बचाव कार्यों में काफी मुश्किल हो रही है। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे और इसने राजधानी बैंकॉक समेत देश के अन्य क्षेत्रों को हिलाकर रख दिया था। हालात यह हैं कि अस्पतालों में जगह कम पड़ गई है और सड़कों पर अस्थाई तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इलाज सामग्री व दवाओं की भी काफी कमी हो गई है।

### थाईलैंड में 47 नागरिक लापता, तलाश जारी

बैंकॉक के अधिकारियों ने बताया कि थाईलैंड में भूकंप के कारण अब तक 10 लोग मृत पाए गए हैं, 26 लोग घायल हैं और 47 अब भी लापता हैं। राजधानी के लोकप्रिय चतुचक बाजार के निकट एक निर्माण स्थल पर काफी तबाही हुई है। भूकंप आने पर, थाईलैंड की सरकार के लिए एक चीनी कंपनी द्वारा बनाई जा रही 33 मंजिला ऊंची इमारत हिली और धूल के गुबार के साथ धराशायी हो गई।

# डॉ. एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया अवार्ड से नवाजा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

शनिवार रात को आयोजित बिज एक्सपो बिजनेस अवार्ड 2025 समारोह में मशहूर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. एमवी राजपूत को 'बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया' का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस विशेष मौके पर बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर, अभिनेत्री रिम्मी सेन और नीलम कोठारी ने उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड दिया। दिल्ली के इरोस होटल, नेहरू प्लेस में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. राजपूत के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया।

### डॉ. राजपूत का समर्पण और ईमानदारी से भरा कार्य जनता क्लीनिक के माध्यम से समाज की सेवा में 22 वर्षों की यात्रा

डॉ. एमवी राजपूत ने इस पुरस्कार पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वह पिछले 22 वर्षों से जनता क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ﬂहमारे पास लोग इलाज के लिए आते हैं, जो अन्य जगहों से निराश होते हैं, और हम उन्हें आयुर्वेद के माध्यम से संपूर्ण इलाज उपलब्ध कराते हैं।ﬂ डॉ. राजपूत ने बताया कि वह जरूरतमंद लोगों का इलाज बिना फीस के भी करते हैं और अपनी सेवाओं को पूरी ईमानदारी से देते हैं।

### समारोह में बॉलीवुड हस्तियों ने दी शुभकामनाएं, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और अच्छे आहार पर जोर

इस अवार्ड समारोह में उपस्थित बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर, अभिनेत्री रिम्मी सेन और नीलम ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में हमें अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए कम से कम एक घंटा अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए और जंक फूड से बचना चाहिए। उन्होंने डॉ. एमवी राजपूत के कार्य की सराहना की और उम्मीद जताई कि वह समाज के कल्याण के लिए इसी तरह कार्य करते रहेंगे।

# स्थानांतरण के बाद भी डॉ. मिथलेश कुमार सिंह क्यों पद मुक्त नहीं हो रहे

- नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने उप मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजियाबाद**

नगीना के सांसद और आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने गाजियाबाद नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पद पर तैनात डॉ मिथलेश कुमार सिंह को पदमुक्त करने को लेकर सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखा है। जिसमें स्थानांतरण के बाद भी नगर निगम द्वारा कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। जबकि उनके विरुद्ध व्यापक अनियमितता और टेंडरों में हेरफेर का आरोप भी लग चुका है । विजिलेंस जांच का भी जिक्र करते हुए सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने उनके नियुक्ति की वैधता को ही चुनौती दे दिया है। उनके अनुसार निगम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी जैसा कोई पद नहीं है उसके बाद भी मिथिलेश कुमार सिंह किसके संरक्षण में जनपद में पदस्थ हैं, उसपर सवाल किया है।




### पहले से विवादित रहे हैं डॉ मिथलेश कुमार सिंह

नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर नियुक्ति पाए मिथिलेश कुमार सिंह अपने पद के अनुरूप क्या कार्य कर रहे हैं इसका भगवान ही मालिक है । महापौर पद संभालते ही सुनीता दयाल द्वारा दिल्ली के कूड़ा गाड़ियों को गाजियाबाद क्षेत्र में डंप करने वालों को रंगे हाथ पकड़ा था । उसके बाद कई मामले आए जिसमें डॉ मिथलेश कुमार सिंह के ऊपर आरोप लगे और महापौर द्वारा भी इनके कार्य को लेकर नाखुशी जाहिर किया था। जिसके बाद उनको जिला चिकित्सालय से संबद्ध कर दिया गया । लेकिन कथित रूप से संरक्षण दाताओं की कृपा और लखनऊ के आशीर्वाद के दावे के बीच लगातार आजतक नगर निगम गाजियाबाद में जमे हुए हैं।नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद नाम को लेकर शुरू हुई शिकायत का दौर आखिर क्यों दम तोड़ रहा यह भी जांच का विषय है।

# मिजोरम के संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए विदेशियों को लेनी होगी अनुमति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल**

मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से मिजोरम की राजधानी आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है ताकि विदेशियों के पंजीकरण में आसानी हो, क्योंकि निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय कोलकाता में स्थित है। हालांकि पीएपी अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है, लेकिन संबंधित अधिकारी और कानून प्रवर्तन एजेंसियां सतर्क बनाए हुए हैं। पूरा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर, नागालैंड और मिजोरम तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों को संरक्षित क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है।

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर व नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं



रेहान खान
प्रदेश सचिव,
समाजवादी पार्टी, उ.प्र.
आवास : मो0 सुभाष नगर, पलिया कला, खीरी। मो- 9451790786

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)